

# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर,गुरुवार 12 सितंबर 2024 ■ भाद्रपद पक्ष-9 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-165 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 13 सितंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


# मुख्यमंत्री ने जिलाधीशों को दिखाए सख्त तेवर

## योजनाओं के क्रियान्वयन में देरी पर बरसे , सीमांकन के लिए जनता परेशान क्यों हो रही है?



रायपुर,12सितंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

राजधानी के न्यू सर्किट हाउस में दो दिवसीय कलेक्टर एसपी कांफ्रेस में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य सरकार के 'सुशासन' का फ़ीड बैक लिया। मैराथन कांफ्रेस में सीएम साय हर कलेक्टर से सीधे संवाद कर यह आँकलन किया। फिल्ड में तैनात अफ़सर आखिर 'सुशासन' को लेकर खुद कितने सतर्क हैं।

### सीएम साय बोले- भाषा का संयम रखें

कलेक्टर कांफ्रेस में सीएम साय ने अधिकारियों को भाषा का संयम रखने की हिदायत दी है। मुख्यमंत्री साय ने सख्त लहजे में कहा अधिकारियों से भाषा का संयम चूका तो आप कार्रवाई करिए, और आपसे ऐसी गलती हुई तो आप पर कार्रवाई मैं करुंगा। सीएम साय ने बैठक में ताकीद की है कि, जनप्रतिनिधियों की ओर से उठाई जा रही जन समस्याओं पर तत्काल और प्रभावी कदम उठाइए। सीएम साय ने कहा -यह ध्यान रखिए कि, छोटी छोटी समस्याओं के लिए लोगों को राजधानी ना आना पड़े। स्थानीय स्तर की समस्या वहीं निपटें इस पर काम करिए। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजस्व प्रकरणों की रफ़्तार तेज रखने के निर्देश दिए हैं। सीएम साय ने सारंगढ समेत कुछ जिलों के रैवेन्यू मसलो पर धीमी गति पर फटकार लगाई है। सीएम साय ने कहा -÷सीमांकन जनता से सीधे जुड़ा विषय है, तत्काल सीमांकन होना चाहिए। नागरिक छोटी छोटी त्रुटि सुधार के लिए परेशान होता है, यह हालात सुधार लीजिए।

योजनावार समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना और मनरेगा को लेकर कतिपय ज़िलों के आँकड़ों पर सीएम साय ने अप्रसन्नता व्यक्त की है। सीएम साय ने विशेष रुप से प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल विकास योजना की प्रगति रिपोर्ट देखने के बाद चार जिलों के कलेक्टर पर सीधी नाराज़गी जताई है।

मनरेगा की जिले वार समीक्षा के दौरान सीएम साय ने यह पाया कि,कुछ जिलों में मानव दिवस कम है। पंचायत विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान मनरेगा का जब विषय आया तो यह तथ्य सामने आया। बस्तर, कबीरधाम और बिलासपुर ज़िलों के कलेक्टरों को इस मसले पर विशेष ध्यान देने के निर्देश सीएम साय ने कड़े शब्दों में दिए।

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल विकास योजना की समीक्षा के दौरान जब प्रेजेंटेशन को देखा जा रहा था तो खैरागढ़, सारंगढ,सक्ती और रायगढ़ ज़िलों में इस योजना के आगे शून्य दर्ज था। यह संख्या देख सीएम साय का भड़कना लाजिमी था। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नाराज़गी जताते हुए कहा -÷यह शून्य कैसे! ये आँकड़े चिंताजनक हैं।बेहद महत्वपूर्ण योजना है जिससे रोज़गार सृजन जुड़ा है, इस पर कुछ ज़िलों में शून्य प्रगति क़तई सही नहीं है।कलेक्टर ध्यान दें,यह स्वीकार्य नहीं हो सकता है।मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान आयुष्मान पंजीयन शत प्रतिशत नहीं होने को लेकर सभी कलेक्टरों को 6 माह की मियाद दी है कि,इसे शत प्रतिशत कर लें। प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों को लेकर सीएम साय ने कहा -पीएम जन औषधि केंद्र नागरिकों की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आप दो बातें देख लीजिए पहला जो जन औषधि केंद्र संचालित नहीं है वो तत्काल शुरू हों और दूसरा यह कि,जो भी जन औषधि केंद्र खुलें वो मरीज़ों को नागरिकों को स्पष्ट रुप से दिखें भी। समीक्षा के दौरान खैरागढ़ ज़िले में क्योर रेट और बेड ऑक्यूपेंसी जीरो होने पर सीएम साय ने नाराज़गी जताई है। सभी जिलों में पोषण पुनर्वास केंद्र को बेहतरीन तरीक़े से निरंतर चलायमान रखने के निर्देश भी सीएम साय ने दिए हैं।

**जर्जर स्कूलों पर तीखे तेवर**-मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जर्जर स्कूलों को लेकर सख्त निर्देश दिए. उन्होंने कलेक्टरों को निर्देश दिए कि स्कूलों की गुणवत्ता से समझौता नहीं होगा. गुणवत्ताहीन निर्माण की जांचकर संबंधित ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि गुणवत्ता से समझौता करने वालों की जेल में जगह होगी. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बैठक में अधिकारियों से कहा कि गुणवत्ताविहीन कार्य होने पर रिकवरी भी की जाएगी. कलेक्टर अपने जिले में भ्रमण कर स्कूलों का निरीक्षण करें. स्कूल-हॉस्टल की व्यवस्था ठीक करें. इसके साथ ही उन्होंने पीएम श्री योजना के तहत खैरागढ़ और सारंगढ़ में निर्माण कार्य प्रारंभ न होने पर असंतोष जताया.

### सुपबेड़ा के किडनी रोगियों का इलाज करने दिल्ली से बुलाए जाएंगे डाक्टर

**गरियाबंद।** गरियाबंद के सुपेबेड़ा के रोगियों को अब राहत मिलने की उम्मीद बढ़ी है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कलेक्टर कान्फ्रेंस में गरियाबन्द के सुपेबेड़ा के किडनी रोगियों पर चिंता जताते हुए विशेष ध्यान देने की बात कही है। विशेष रूप से पीड़ितों के लिये दिल्ली से विशेषज्ञों को बुलाने की बात कही।किडनी के मरीजों की संख्या घटाने तेजी से कार्य करने के निर्देश मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कलेक्टर कान्फ्रेंस में दिए।मुख्यमंत्री ने कहा सुपरबेड़ा से किडनी रोग खत्म करने के सारे प्रयास किए जाएं जो यथासंभव हो प्रयास में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम का रोगियों को मिले लाभ मिलना चाहिए। प्रदेश सरकार सुपेबेडा के लोगों को के स्वास्थ्य के लिए चिंतित हैं उनके स्वास्थ्य लाभ में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए।सुपेबेड़ा के किडनी पीड़ितों ने मुख्यमंत्री की चिंता पर आभार प्रगट किया।

## संक्षेप

### पूर्व मंत्री अकबर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**बालोद,12 सितंबर।** जिले में शिक्षक की आत्महत्या मामले में पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर को एक बड़ा झटका लगा है। जिला सत्र न्यायाधीश ने पूर्व मंत्री मो0अकबर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। अब उन पर भी गिरफ्तारी तलवार लटक रही है। अकबर ने जिला कोर्ट में आवेदन देकर अग्रिम जमानत देने की मांग की थी। कोर्ट ने उनकी इस याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा है कि मामला गंभीर प्रकृति का है। आरोपी को जमानत देने से साक्ष्य प्रभावित हो सकता है। शिक्षक दिवस 5 सितंबर के दिन बालोद के घोठिया गांव निवासी आदिवासी शिक्षक देवेंद्र ठाकुर अपने मकान में फांसी के फंदे पर झूलता मिला। पुलिस को मृतक की जेब से एक सुसाइड नोट मिला।

### पास्को और एट्रोसिटी एक्ट में पीटीआई जेल दाखिल

**दंतेवाड़ा,12 दिसंबर।** जिले में छात्रा से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। इसके आरोप एक खेल अधिकारी पर लगे हैं। मामला जिले के जावंगा एजुकेशन सिटी का है। छात्रा के परिजन ने आदिवासी थाना में पॉक्सो एक्ट और एट्रोसिटी के तहत मामला पंजीबद्ध करवाया है। आरोपी पीटीआई को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

जावंगा एजुकेशन सिटी के एक खेल अधिकारी का बेहद घिनौना कृत्य सामने आया है। पीटीआई अजय सिंह ने एक नाबालिग छात्रा को घर में काम करने के बहाने बुलाया। उसको बुरी नियत से छुआ उसके साथ छेड़खानी की। ये आरोप खुद छात्रा ने लगाए हैं। छात्रा ने बताया कि अजय सिंह ने अपने घर में बुलाया। उसके साथ अश्लीलता करने लगा और उसको बुरी नियत से पकड़ लिया। पीटीआई की करतूत देख जब वह रोने लगी तो पीटीआई ने छोड़ दिया। लेकिन उसने छात्रा को धमकी दी। नाबालिग छात्रा से बोला यदि किसी को भी बताया तो भविष्य बर्बाद कर देगा। छात्रा बुरी तरह से सहम गई। वह छुट्टी लेकर अपने घर गई. उसने अपने माता-पिता को पूरी बात बताई। इसके बाद परिजन ने आदिवासी थाना में लिखित में शिकायत की। आवेदन के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। ASP आर के बर्मन ने बताया आरोपी को प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए तत्काल गिरफ्तार किया और उसे जेल भेज दिया गया।

### नक्सलियों ने जनअदालत में दो ग्रामीणों को दी फांसी

**बीजापुर,12 सितंबर।** छत्तीसगढ़ में नक्सली अपनी कायराना हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं. एक बार फिर से बीजापुर जिले में नक्सलियों ने जनअदालत लगाकर दो ग्रामीणों की हत्या कर दी. नक्सलियों ने भैरमगढ़ क्षेत्र के जप्पेमरका इलाके में दो दिन पहले एक छात्र समेत तीन ग्रामीणों के लिए जनअदालत लगाई थी, जिसमें दो लोगों को पुलिस मुखबिरी के शक में मौत के घाट उतार दिया. वहीं तीसरे (छात्र) को रिहा किया है. नक्सलियों के भैरमगढ़ एरिया कमेटी ने ली दोनों ग्रामीणों के हत्या की जिम्मेदारी ली है. जानकारी के मुताबिक नक्सलियों ने बीजापुर जिले के जप्पेमरका गांव के ग्रामीण माड़वी सूजा और पोडियाम कोसा पर पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाकर फांसी की सजा सुनाते हुए उनकी हत्या कर दी. वहीं जनअदालत से मिरतूर छात्रावास में अध्यनरत छात्र पोडियम हिड़मा को रिहा कर दिया है.

### मालगाड़ी को पलटाने की साजिश

**अजमेर ,10 सितंबर।** उत्तर प्रदेश के कानपुर के बाद अब राजस्थान के अजमेर में भी मालगाड़ी को पलटाने की साजिश का मामला सामने आया है। जहां अजमेर के सरधना में रेलवे ट्रैक पर सीमेंट के दो ब्लॉक रखकर मालगाड़ी को डीरेल करने की कोशिश की गई। इसको लेकर पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

## आतंकियों के पास से मिले नाटो के हथियार

**श्रीनगर,12 सितंबर।** जम्मू कश्मीर के कठुआ में पाकिस्तान की एक बड़ी साजिश बेनकाब हुई है। कठुआ एनकाउंटर को लेकर जम्मू कश्मीर पुलिस ने एक बहुत बड़ा खुलासा किया है। एनकाउंटर में मारे गए आतंकियों के पास से नाटो के हथियार बरामद हुए हैं। आतंकियों के पास से एम4 कार्बाइन बरामद हुई है। जिसका इस्तेमाल नाटो की सेना के द्वारा किया जाता है। ऐसे में ये माना जा रहा है कि नाटो के हथियार कश्मीर के अंदर घुस चुके हैं और आतंकियों के हाथ में है। पिछले कई दिनों से देखा जा रहा है कि जम्मू कश्मीर में आतंकी वारदातें बढ़ गई हैं। सेना के काफिले पर हमला बढ़ता जा रहा है। अब जब एनकाउंटर में जैश के दो आतंकी मारे गए। उनके पास से जो दो हथियार बरामद हुए हैं, उसको लेकर सबसे बड़ा खुलासा जम्मू कश्मीर पुलिस की तरफ से किया गया है। एमं4 कार्बाइन 1980




के दशक के दौरान संयुक्त राज्य अमेरिका में विकसित एक हल्की, गैस-संचालित, पत्रिका-संचालित कार्बाइन है। यह अमेरिकी सशस्त्र बलों का प्राथमिक पैदल सेना हथियार है और इसे 80 से अधिक अन्य देशों द्वारा भी अपनाया गया है। एम4 को नज़दीकी लड़ाई के लिए डिज़ाइन किया गया है और यह बहुत ही कुशल है। यह विभिन्न प्रकार की युद्ध स्थितियों के लिए सटीक, विश्वसनीय और उपयुक्त भी है, जो इसे सैन्य और कानून प्रवर्तन कर्मियों के लिए एक लोकप्रिय विकल्प बनाता है। उधमपुर जिले के बसंतगढ़ के ऊपरी इलाकों में जारी मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) संगठन से जुड़े दो आतंकवादी मारे गए। घने जंगल में आतंकवादियों के खिलाफ यह पहला सफल अभियान है, जहां पिछले छह महीनों में छह से अधिक मुठभेड़ हो चुकी हैं। गत 28 अप्रैल को मुठभेड़ में एक ग्राम रक्षा रक्षक और 19 अगस्त को एक सीआरपीएफ इंस्पेक्टर की जान चली गई थी। अधिकारियों ने बताया कि एक और आतंकवादी खंडरा टॉप पर अभियान क्षेत्र में छुपा हुआ है और उसे मार गिराने के प्रयास जारी हैं।

## सीआरपीएफ के जवानों ने बीमार को कंधे पर उठाकर एम्बुलेंस तक पहुँचाया



**सुकमा,12 सितंबर।** नक्सलगढ़ में नक्सल मोर्चे पर तैनात सुरक्षा बल के जवानों ने मानवता की मिसाल पेश की है. पेंटापाड़ की बीमार आदिवासी महिला को कंधे पर लेकर सीआरपीएफ 50वीं बटालियन के जवान तीन किलोमीटर पैदल चले, इसके बाद एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया. कमांडेंट प्रेमजीत कुमार व द्वितीय कमान अधिकारी अमृतेश कुमार के निर्देश पर जवान गश्त पर निकले थे. इस दौरान पेंटापाड़ गांव में बीमार महिला मिली. बारिश और खराब सड़क के कारण एंबुलेंस गांव तक नहीं पहुंच पाई. इसके चलते असिस्टेंट कमांडेंट मृण्मय बनर्जी और जवानों ने कंधे पर लेकर महिला को एंबुलेंस तक लाया. फिर उसे अस्पताल भेजा गया.




रायपुर।उपनिरीक्षक पुलिस के परीक्षा परिणाम घोषित नहीं किए जाने के विरोध में अभ्यर्थियों ने आज अपने सिर मुंड़वा लिए।लड़कियों ने भी बाल कटवाए।

## साइबर सुरक्षा केवल डिजिटल दुनिया तक ही सीमित नहीं :अमित शाह

**नई दिल्ली,12 सितंबर।** आई4सी' के पहले स्थापना दिवस पर बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने अपने संबोधन में स्पष्ट किया कि, 'साइबर अपराध पर लगाम लगाने के लिए 1930 हेल्पलाइन नंबर और 'आईं4सी' के प्लेटफॉर्म्स को जन-जन तक पहुँचाना बेहद जरूरी है। बीते 9 वर्षों में विचार से इनिशिएटिव और इनिशिएटिव से इंस्टिट्यूशन में बदल चुका 'आईं4सी' आज देश की साइबर सुरक्षा का एक मजबूत स्तंभ बन चुका है। इस मौके पर शाह ने 'आईं4सी' के चार प्रमुख प्लेटफॉर्म्स - सस्पेक्ट रजिस्ट्री, साइबर कमांडो, साइबर फ्रॉड मिटिगेशन सेंटर और को-ऑर्डिनेशन प्लेटफार्म - का शुभारंभ भी किया, जो साइबर



अपराध के खिलाफ लड़ाई को सफल बनाने में महत्त्वपूर्ण योगदान देंगे।' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में साल 2015 में सेफ साइबर स्पेस अभियान के तहत 'आईं4सी' की स्थापना हुई थी। साल 2019 में गृह मंत्री बनने के बाद अमित शाह की अगुआई में 'आईं4सी' साइबर सुरक्षित भारत का मजबूत स्तंभ बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। यह सर्वविदित है कि टेक्नोलॉजी इस दुनिया के लिए वरदान है तो अभिशाप भी है। टेक्नोलॉजी के बढ़ते उपयोग से आज देश ही नहीं दुनिया भर में कई खतरे पैदा हो रहे हैं, इसलिए यह स्पष्ट है कि साइबर सुरक्षा अब केवल डिजिटल दुनिया तक सीमित नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा का अहम पहलू भी है। ग्लोबल विलेज के इस दौर में यह भी तय है कि कोई भी एक संस्था अकेले साइबर स्पेस को सुरक्षित नहीं रख सकती। क्योंकि, राज्यों या देशों की अपनी सीमा है लेकिन इंटरनेट और टेक्नोलॉजी पर आधारित साइबर अपराध या साइबर अपराधियों की कोई सीमा नहीं है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और साइबर सेफ भारत के लिए प्रतिबद्ध अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में देश के 72 से अधिक टीवी चैनल्स, 190 रेडियो एफएम चैनल्स, सिनेमाघरों और कई अन्य प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से 'आई4सी' एक जन-जागरूकता अभियान शुरू करने जा रहा है।

## सीजेआई पर आपत्तिजनक पोस्ट पुलिस ने लिया तत्काल एक्शन

**दिल्ली,12 सितंबर।** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डी. वाई. चंद्रचूड़ और उनकी पत्नी के खिलाफ सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने के मामले में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की साइबर यूनिट ने एफआईआर दर्ज की है. यह मामला चीफ जस्टिस और न्यायपालिका की प्रतिष्ठा को धूमिल करने के इरादे से फैलाई गई झूठी और गलत जानकारी से जुड़ा है. दिल्ली पुलिस ने बताया कि उन्हें सुप्रीम कोर्ट के एडमिन सिक्योरिटी ऑफिस से 9 सितंबर, 2024 को शिकायत प्राप्त हुई थी. शिकायत में एक आपत्तिजनक ट्वीट और फेसबुक पोस्ट का जिक्र किया गया, जो गलत तथ्यों पर आधारित था और जिसका मकसद न्यायपालिका की छवि खराब करना था. इस पर दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने 10 सितंबर, 2024 को एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. एफआईआर भारतीय दंड संहिता की धारा 356, 217, 351, 61(2)(a) और आईटी एक्ट की धारा 66(C) के तहत दर्ज की गई है । इसी प्रकार का एक मामला पश्चिम बंगाल में भी सामने आया है।

## साले ने दोस्तों के साथ जीजा को पीटा

कवर्धा,12 सितंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

एक सनकी युवक ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर अपने जीजा की बेरहमी से पिटाई कर दी है, जिससे उसे काफी चोटें आई है. आरोपी साला विश्वामित्र और उसके चार दोस्तों ने जीजा धर्मराज वर्मा को कमरे में बंद कर बेल्ट और पाइप से गंभीर चोट पहुंचाया. मारपीट का खबर लगते ही गांव वालों ने युवक को उसके साले के चंगुल से छुड़ाया और मारपीट करने वाले लोगों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया. मामले में पुलिस ने यह मामला सिटी कोतवाली क्षेत्र के नाउडीह गांव का है. पीड़ित धर्मराज का आरोप है पारिवारिक विवाद के चलते उसका साला चार गुंडों के साथ मिलकर उसके घर घुसा और कमरे में बंद कर नंगे कर बेरहमी से पीटा. साथ ही मारपीट का वीडियो भी बनाया है. इतना ही नहीं युवक के प्राइवेट



पार्ट को जलाने की भी कोशिश की. पीड़ित का कहना है उसका ससुर विश्व हिन्दू परिषद का प्रदेश अध्यक्ष है जिनके दम पर उनका साला गुंडागर्दी करता है और इसी के दम पर मारपीट किया है. फिलहाल पुलिस ने मारपीट करने वाले सभी युवकों को गिरफ्तार जार किया है और मामले की जांच में जुट गई है. थाना प्रभारी लालजी सिन्हा ने बताया आहत युवक का डॉक्टरी मुलायजा कराया जा रहा है. इसके बाद सिटी कोतवाली पुलिस सभी के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी.

## पालनार सड़क बारिश में बही

■ तरुण छत्तीसगढ़

**बीजापुर,12 सितंबर।** जिले के अति संवेदनशील क्षेत्र गंगालूर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली पालनार का प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से जुड़ी खबर है पिछले दिनों से और लगातार हो रही बारिश से कटा रास्ता लोगों को आने-जाने में करना पड़ रहा दिक्कतों के सामने आपको बता दे या सड़क 4 महीने पहले मार्च 2024 को बनाया गया। चेरपाल से पालनार 4 किलोमीटर की सड़क 3 किलोमीटर दूर तुंगलवाया नाला में बह गया मोरूम कई सालों से या क्षेत्र कनेक्टिविटी से नहीं जुड़ा था। सड़क बनने से लोगों को हो रहा था सुविधा वही यह क्षेत्र नियद नेल्लानार योजना में आता है। धनंजय देवांगन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना



बीजापुर ने कहा कि टेंपरेरी तौर पर लगाया गया था सिमेंट पाइप। बारिश में कट गया जिसकी जानकारी मुझे भी मिला उसे सुधारा जाएगा।

## यूक्रेन-रूस जंग खत्म होने के बढ़े आसार

### मोदी का दूत बनकर रूस के एनएसए से मिले अजीत डोभाल

**मास्को,12 सितंबर।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दूत बनकर रूसी एनएसए सर्गेई शोइगु से सेंट पीटर्सबर्ग में मिले। इस दौरान दोनों ने यूक्रेन के साथ चल रहे युद्ध का समाधान ढूंढने पर मंथन किया। एनएसए डोभाल ने रूस को भारत की संभावित भूमिका के बारे में भी बताया। बुधवार शाम को डोभाल-शोइगु की बैठक ब्रिक्स (ब्राजील-रूस-भारत-चीन-दक्षिण अफ्रीका) देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों के सम्मेलन के दौरान हुई। इससे पहले 23 अगस्त को कीव में हुई यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बैठक को लेकर भी दोनों एनएसए के बीच चर्चा हुई। रूस स्थित भारतीय दूतावास ने डोभाल और शोइगु के बीच वार्ता पर कहा, दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय सहयोग में प्रगति की समीक्षा की और पारस्परिक हितों के महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। डोभाल की रूस यात्रा प्रधानमंत्री मोदी द्वारा यूक्रेन की हाई-प्रोफाइल यात्रा के ढाई सप्ताह बाद हुई है। ज़ेलेंस्की के साथ अपनी बैठक



में पीएम मोदी ने कहा था कि यूक्रेन और रूस को बिना समय बर्बाद किए साथ बैठकर चल रहे युद्ध को समाप्त करना चाहिए और भारत इस क्षेत्र में शांति बहाल करने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत युद्ध की शुरुआत से ही शांति के पक्ष में रहा है और वह इस संकट के शांतिपूर्ण समाधान के लिए व्यक्तिगत रूप से भी योगदान देना चाहेंगे। पीएम मोदी यूक्रेन में करीब नौ घंटे रहे। 1991 में स्वतंत्रता के बाद से किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली यात्रा थी।

पिछले कुछ दिनों में रूस और यूक्रेन के बीच शांति वार्ता को आगे बढ़ाने में भारत की संभावित भूमिका की मांग की गई है। भारत के दोनों देशों के साथ अच्छे संबंझ हैं। बीते शनिवार को इटली के प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने ज़ेलेंस्की के साथ अपनी वार्ता के बाद कहा कि भारत और चीन खींचतान वाले संघर्ष का समाधान खोजने में भूमिका निभा सकते हैं। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने भी हाल ही में भारत, ब्राजील और चीन को संभावित मध्यस्थों के रूप में नॉमिनेट किया। उन्होंने कहा, चीन, ब्राजील और भारत ऐसे देश हैं जिनके संपर्क में मैं लगातार बना हुआ हूं और मुझे कोई संदेह नहीं है कि इन देशों के नेता वास्तव में रुचि लेंगे.

## रायपुर से बलौदा बाजार रेल लाइन सर्वे के सांसद बृजमोहन ने दिए निर्देश



**रायपुर,12 सितंबर।** सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ में ट्रेनों के लगातार निरस्त होने और देरी से चलने के कारण रेल यात्रियों को हो रही असुविधाओं पर नाराजगी जताई है और रेल अधिकारियों को इस परेशानी को जल्द से जल्द दूर करने के निर्देश दिए है। बुधवार को बृजमोहन अग्रवाल ने डीआरएम ऑफिस में रायपुर रेल मंडल के अंतर्गत आने वाले संसदीय क्षेत्रों के सांसदों के साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रेलवे अधिकारियों की बैठक ली। बृजमोहन अग्रवाल ने बताया कि, यह बैठक रेल व्यवस्था और रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को लेकर थी जिसमे रेलवे विकास के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई साथ ही रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर के सुधार के लिए प्रस्ताव तैयार करने का निर्णय लिया गया। रेलवे विकास के लिए आवश्यक प्रस्तावों को तैयार कर आगे भेजा जाएगा, जिससे भविष्य में रेल सुविधाओं में और सुधार किया जा सके।बृजमोहन अग्रवाल ने बताया कि रायपुर से बलौदा बाजार को रेल लाइन से जोड़ने के लिए बैठक में रेल अधिकारियों को सर्वे करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि बैठक में छत्तीसगढ़ में रेलवे कॉरिडोर और अमृत मिशन के तहत रेलवे स्टेशन के नवीनीकरण पर भी चर्चा हुई है। और सभी कार्यों को समय सीमा के अंदर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए है।

# स्वच्छता ही सेवा कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं: ध्रुव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 12 सितंबर ।** नगर पालिक निगम भिलाई में स्वच्छता ही सेवा की शुरूआत 14 सितम्बर से होने वाली था, जो अब 17 सितम्बर से शुरू होगी एवं 2 अक्टूबर को इसका समापन होगा। साथ ही स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम आने वाली है उसको देखते हुए नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी सभी जोन में अलर्ट मोड में काम कर रहे हैं। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने सभी जोन आयुक्त एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित किये हैं कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। सुबह 6 बजे से सभी लोग फील्ड में नजर आना चाहिए, मैं कहीं भी जाकर औचक निरीक्षण कर सकता हूँ। लापरवाही पाये जाने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी के विरुद्ध तत्काल कार्यवाही की जावेगी। सफाई नगर निगम भिलाई की पहली प्राथमिकता है। जिसमें प्रमुख रूप से सुलभ शौचालयों का साफ-सफाई, पानी की पर्याप्त व्यवस्था, नालों एवं वास बेसिन के आस-पास कहीं भी गंदगी न पाई जाये इत्यादि पर ध्यान देना है। कई सुलभ शौचालय के स्वास्थ्य कर्मचारियों से शिकायत मिल रही है। कि जिन शौचालयों में पानी की टोटी, मग एवं बाल्टी, वाश बेसिन में मिरर इत्यादि लगया दिया गया है। वहां असामाजिक तत्वों द्वारा गायब कर दिया जाता है। जिससे अन्य लोगों को परेशानी होती है। गौरतलब है कि ये सब सुविधा स्थानीय लोगों के लिए ही प्रदाय की जाती है। कुछ लोग छोटे-छोटे लालच में फंस के इस प्रकार के कृत्य करते हैं जो अशोभनीय है। इसी प्रकार सफाई अभियान तालाबों, उद्यानों, नाले एवं नालियों की सफाई भी निरंतर की जा रही है। जिससे भिलाई शहर साफ-सुथरा बना रहे। महापौर नीरज पाल, आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने लोगों से सहयोग की अपील की है। यह सब सुविधा आप सबके लिए है उसके सुरक्षा की जिम्मेदारी भी सबको लेनी होगी।



## एक नजर

### वाहन चलाते समय सभी लोग हेलमेट अवश्य पहनें : प्रवीण खलखो

**कवर्धा 12 सितंबर।** कबीरधाम जिले में हेलमेट नहीं पहनने वालो और तेज गति से गाड़ी चलाने वालो और शराब पीकर गाड़ी चलाने वालो पर लगातार यातायात प्रभारी प्रवीण खलको के मार्गदर्शन में लगातार यातायात विभाग के स्टाफ कारवाई कर रहे है । जिला एसपी डॉक्टर अभिषेक पल्लव के निर्देशन और जिला ए . एसपी विकास कुमार और पुष्पेंद्र बघेल के मार्गदर्शन में स्कूल , कालेज और ग्राम पंचायतों में भी यातयात सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है । यातायात प्रभारी प्रवीण खलखो ने बताया की गाड़ी चलाते समय हेलमेट स्टूडेंट्स और सभी लोगो को अवश्य पहनना चाहिए साथ ही गाड़ी ज्यादा स्पीड में नही चलाना चाहिए । यातायात प्रभारी प्रवीण खलखो ने सभी लोगो से विनम्र अपील की हेलमेट अवश्य पहने । जिला एसपी के मार्गदर्शन में पूरे जिले में यातायात सुरक्षा और यातायात नियमों की जानकारी भी दी जा रही है ।



### दो मोटर साइकिलों की आपस में भिड़ंत, एक की मौत

**भिलाई 12 सितंबर।** स्मृतिनगर चौकी क्षेत्र दो मोटर साइकिल आपस में भिड़त हो गई इस घटना में एक की मौत और दूसरा घायल हो गया है स्मृतिनगर चौकी प्रभारी वंदिता पानिकर ने बताया कि घटना जुनवानी की है दो मोटर साइकिल आपस में भिड़ गए। इस हादसे में शंकर नगर दुर्ग निवासी नचरु राम देवांगन (60 वर्ष) की मौत हो गई वही दूसरा घायल है सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची शव को सुपेला अस्पताल के मरच्युरी में रखवा दिया है।

### रिश्वत लेते दो अधिकारी गिरफ्तार





**भिलाई 12 सितंबर।** एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने राज्य संपरीक्षा कार्यालय दुर्ग के उप संचालक दिनेश कुमार और सहायक संपरीक्षक होमन कुमार को 6 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है एसीबी ने यह कार्रवाई रिसाली निगम में पदस्थ रिटायर्ड कर्मचारी की शिकायत पर की एसीबी ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि नगर पालिक निगम में निगम सचिव के पद से सेवानिवृत्त देववत देवांगन ने शिकायत की थी वह शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हो गया है इसके बाद भी उसके पदोव्रत पद पर वेतन निर्धारण नहीं किया गया इसका सत्यापन दुर्ग में संचालित उप संचालक राज्य संपरीक्षा कार्यालय में लबित है। देवव्रत ने बताया कि सत्यापन न होने की वजह से उसे न तो पेंशन का लाभ मिल पा रहा है और ना ही अन्य देयक मिल रहे हैं इसके लिए राज्य संपरीक्षा कार्यालय दुर्ग में पदस्थ उप संचालक दिनेश कुमार और सहायक संपरीक्षक होमन कुमार से मिला था इसके बाद उन्होंने सत्यापन के बदले पैसे की मांग की इसकी जानकारी उन्होंने एसीबी को दी जिसके बाद 6 हजार के रंगे हुए नोट देते समय दोनों आरोपियों को दबोचा गया।

### आपसी रंजिश के चलते युवक की हत्या

**भिलाई 12 सितंबर।** दुर्ग सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र पुरानी रंजिश के चलते युवक की हत्या करने का मामला सामने आया है शिकायत के बाद मौके पर पहुची और आरोपियों को खोजबीन कर दो युवको को हिरासत में लिया है दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस ने बताया कि कवर पारा गंजपारा वार्ड नंबर 37 निवासी शंकर यादव ड्राइवरी का काम करता था। पुरानी रंजिश के चलते युवकों ने चाकू मारकर उसकी हत्या कर मौके से फरार हो गए घटना की खबर लगते ही पुलिस ने उसे गंभीर अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल पहुचायाजहां उसने दम तोड़ दिया घटना मीलपारा दुर्ग के पास की है घटना में शंकर को कमर, पेट और कंधे समेत शरीर कई हिस्सों में गंभीर चोट आई थी बताया जा रहा है कि हत्याकांड में मोनू, सोनू नामक युवको का नाम सामने आया है फिलहाल पुलिस युवको को हिरसत में लेकर पूछताछ कर रही है गौरतलब हो कि जिले में हत्याकांड की वारदात लगातार जारी है जिसे लेकर पुलिस लगातार पेट्रोलिंग करने के बाद भी अपराध पर अंकुश नहीं लग पा रहा है।

### यातायात एएसपी ऋचा मिश्रा ने चार्ज लिया

**भिलाई 12 सितंबर।** जिले में पदस्थ यातायात एएसपी ऋचा मिश्रा ने बुधवार को चार्ज लिया। चार्ज लेते ही उन्होंने शहर के ट्रैफिक का हाल जानने शहर की सड़कों पर पेट्रोलिंग करते हुए नजर आई वहीं दूसरी ओर शिवनाथ नदी, पुलगांव व डी-मार्ट के पास मोर्चा संभाली यातायात दुर्ग में नव नियुक्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऋचा मिश्रा जिले में पदभार ग्रहण करते ही यातायात का चार्ज लिया चार्ज लेते ही सबसे पहले उन्होंने शहर के ट्रैफिक का हाल जानने पेट्रोलिंग की इस दौरान उन्होंने ट्रेफिक का हाल देखा साथ ही यातायात की व्यवस्था का निरीक्षण किया एएसपी ऋर्चा मिश्रा ने शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा पर बात कही उन्होंने जिले में सड़क दुर्घटना को कम करने की बात कही उन्होंने कहा कि यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरुक भी किया जाएगा।



# महिलाओं के दूसरे बैच को वाहनचालन का प्रशिक्षण दिया जा रहा




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 12 सितंबर ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा ड्राइविंग और ट्रैफिक रिसर्च संस्थान, प्रशिक्षण केंद्र, नवा रायपुर के सहयोग से भिलाई और आसपास के क्षेत्रों की कुल 50 महिलाओं को अलग अलग बैचों में 1 महीने के लिए, निःशुल्क लाइट मोटर वाहन ड्राइविंग प्रशिक्षण प्रदान किये जाने की योजना का क्रियान्वन शुरू हो चुका है। इसी कड़ी में कौशल विकास योजना के अंतर्गत दिए जा रहे इस प्रशिक्षण के दूसरे बैच का उद्घाटन कार्यक्रम, 11 सितम्बर को सीएसआर विभाग के सेक्टर 5 ऑफिस में डीआईजी (सीआईएसएफ) सुश्री प्रतिभा अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि के साथ, कमांडेंट (सीआईएसएफ) अभिजीत, डिप्टी कमांडेंट (सीआईएसएफ) तनवीर अहमद, असिस्टेंट कमांडेंट (सीआईएसएफ) मनोज कुमार, मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता, महाप्रबंधक शिवराजन नायर एवं संयुक्त निदेशक अमित गुप्ता मंचासीन थे। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रबंधक सुशील कुमार कामड़े, उप प्रबंधक के के वर्मा सहित सीआईएसएफ, सीएसआर विभाग, आईडीटीआर के अन्य कर्मचारीगण और महिला प्रशिक्षु उपस्थित थे।



**भिलाई, 12 सितंबर ।** गणेश उत्सव का महापर्व शहर में उत्साह एवं उल्लास के साथ चल रहा है। पूजा पंडालों के साथ ही श्रद्धालुओं के घरों में भी विघ्नहर्ता गणेश भगवान पूजे जा रहे हैं।

# ग्राम पाउवारा के चिकित्सा शिविर में 60 लोगों की जांच



**भिलाई, 12 सितंबर ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन 11 सितम्बर को आदर्श इस्पात ग्राम पाउवारा में किया गया। शिविर में सीएसआर मेडिकल टीम से चिकित्सक डॉ एम सरस्वती, बीपी, शुगर एवं रक्त जांच हेतु श्रीमती रेखा देव, फार्मासिस्ट गौर, पंजीयन हेतु शम्भू दयाल तथा विभाग की ओर से आशुतोष सोनी उपस्थित थे। प्रातः 10 बजे से प्रारंभ हुए शिविर में कुल 60 लोगों की जांच की गयी जिनमे 24 पुरुष, 30 महिलाएं और 06 बच्चे शामिल थे।

### यूनिवर्सल रेल मिल ने अगस्त में दर्ज किया अब तक का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन

**भिलाई, 12 सितंबर ।** सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र की यूनिवर्सल रेल मिल, जो विश्व की सबसे लंबी 130 मीटर रेल को सिंगल पीस में रोल करती है, ने अगस्त 2024 के महीने में अब तक का सर्वश्रेष्ठ मासिक उत्पादन रिकॉर्ड दर्ज किया है। मिल ने अगस्त 2024 में 130 मीटर रेल की 8020 नग रोल कर, दिसंबर 2023 में 130 मीटर रेल रोलिंग के पिछले सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड 7090 नग को पार किया। यूआरएम ने अगस्त 2024 में 96.2 प्रतिशत की अपनी सर्वश्रेष्ठ यील्ड भी दर्ज कर, दिसंबर 2023 में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ यील्ड 95.6 प्रतिशत को पार किया।

# 30 टन अवैध लोहा स्क्रैप बरामद



**भिलाई 12 सितंबर।** पुलिस ने दो बड़े कबाड़ियों के गोदाम में दबिश देकर 5 वाहनों में 30 टन अवैध लोहा स्क्रै प बरामद किया है। जब्त कबाड़ की कीमत 50 लाख रुपए आंकी गई है। इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( शहर ) सुखनंदन राठौर ने बताया कि जिले में चल रहे अवैध कबाड़ के व्यापार करने वालों के खिलाफ मुहिम चलाने के लिए एसीसीयू प्रभारी तापेश नेताम व जामुल टीआई कपिल देव पाण्डेय के नेतृत्व में एसीसीयू एवं थाना की एक संयुक्त टीम गठित की गई इसके बाद थाना जामुल क्षेत्र में संचालित गोकुल नगर कुरूद स्थित ललित कबाड़ी एवं तिरंगा चौक छावनी बस्ती जामुल सुरेश पाण्डेय कबाड़ी के गोदाम में एसीसीयू व जामुल पुलिस की टीम ने रेड मारकर कार्रवाई की ललित कबाड़ी के यहां 4 वाहनों में भरे लोहे का स्क्रैप वजनी 24.08 टन लगभग 07 लाख एवं जुमला कीमती 47 लाख 44 हजार 9 सौ रूपये को अवैध रूप से लोहा सरिया, एंगल एवं स्क्रैप वाहन में लोड कर रखा था, जिसे दस्तावेज प्रस्तुत करने नोटिस दिया गया जो दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया इसी प्रकार इन आरोपियों को किया गिरफ्तार ललित साहू (54 साल ) निवासी आर्य नगर, कोहका, सुरेश सिंह (62 साल ) निवासी शंकर नगर, तिरंगा चौक छावनी बस्ती व गुलाब सिंह (28 साल ) निवासी छावनी सुरेश पाण्डेय कबाड़ी यहां भी रेड कर 01 बोलेरो पिकअप में लोहा टीना स्क्रैप जुमला कीमती 02 लाख, 13 हजार, 5 सौ रूपये कुल 5 वाहन लोहा स्क्रैप जुमला कीमती 50 लाख रूपए आंकी गई है।

# गणेश पंडालों में दिलाई गई स्वच्छता की सामूहिक शपथ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई-चरौदा।** कलेक्टर सुश्री रिचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार भिलाई-चरौदा निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा नियमित रूप से लोगों को सफाई और स्वच्छता के प्रति जागरूक करने कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं । जिससे जहां एक ओर जन मानस में इस भावना का प्रचार-प्रसार होता है कि हमे अपने क्षेत्र को कॉलोनी को और अपने नगर को सुंदर स्वच्छ बनाये रखना है । वहीं इससे संक्रामक रोगों के पनपने की परिस्थितियों को भी टालने में सहायता मिलती है। क्योंकि गंदगी से ही सारी बीमारियों की शुरुआत होती है, इसलिए स्वच्छता का कोई विकल्प नही है। इसी उद्देश्य के साथ भिलाई-03 और चरौदा में अलग-अलग स्थानों पर गणेश पंडालों में आये हुए लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाने का काम निगम की टीम द्वारा किया जा रहा है। हम अपने शहर को साफ रखेगे, कभी भी कहीं भी कचरा सड़क पर या खुले में नहीं फेकेंगे और ऐसा करने वालो को भी गंदगी फैलने से रोकेंगे। इस भावना को जन जन तक पहुंचाने लोगो की सहभागिता के साथ शपथ करायी जा रही है।



# सभी वार्डों में पानी का सैंपल लेकर गुणवत्ता की जांच की जाए : आयुक्त



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 12 सितंबर ।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में पेयजल विभाग द्वारा पूरे क्षेत्र में पानी की सप्लाई की जा रही है। जिसमें मौसम को देखते हुए आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने जल कार्य विभाग को निर्देशित किये थे, कि सभी वार्डों में पानी का सैंपल लिया जाए। उसकी गुणवत्ता की जांच किया जाए की पानी पीने योग्य है कि नहीं। इसी तारतम्य में एक हफ्ते के अंदर नेहरू नगर जोन में 118 सेंपल, वैशाली नगर जोन में 100 सैंपल, मदर टेरेसा नगर में 80 सैंपल, शिवाजी नगर खुर्सीपार जोन में 92 सैंपल एवं जोन 05 सेक्टर 06 में 150 सैंपल लिए गये। इसमें से 647 सैंपल निर्धारित माप के अनुसार सफल पाए गये। 44 सैंपल सभी जोन के मिलाकर असफल पाये गये। इसमें से कुछ क्षेत्रों में पानी का लीकेज होने के कारण मरम्मत करके ठीक किया गया। लगभग 14 सैंपल बोर एवं कुएं इत्यादि के थे। जिन्हें ब्लीचिंग पाउडर एवं आवश्यक पदार्थ डालकर ठीक किया गया। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने मीटिंग के दौरान सभी अधिकारियों को निर्देशित किये कि हमारा मूल उद्देश्य है कि सभी को शुद्ध पेयजल पीने को मिले। इतने बड़े क्षेत्र में लिकेज होना स्वाभाविक बात है उतने ही तत्परता से उसे ठीक कर देना चाहिए। कुछ अधिकारियों की शिकायत थी कि लिकेज की समस्या स्थानीय निवासियो द्वारा चोरी छिपे पाइपलाइन में छेद करके कनेक्शन ले लिया जाता है बाद में उसको ढक देते हैं। इतनी सफाई से चोरी छिपे कनेक्शन लेते हैं कि समान रूप से पता नहीं चलता है। ऐसे जगहों पर लिकेज पाया जाता है जिससे पीलिया डायरिया एवं जल संबंधी बीमारी होने की सम्भावना बनी रहती है। ऐसे कार्यों से लोग बचें। निगम की टीम सर्वे करने जायेगी अगर कोई ऐसा व्यक्ति मिलता तो उसके खिलाफ चालानी कार्यवाही करते हुए दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी एवं संबंधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज भी कराया जायेगा। एक गलती एक व्यक्ति करता है, और प्रभावित सभी होते हैं।

### उच्च न्यायालय ने न्यू सिविक सेंटर में लीज धारकों पर लगे जुर्माने को रखा बरकरार

**भिलाई, 12 सितंबर ।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने एक ऐतिहासिक फैसले में जसराज कोचर (पावर ऑफ अटॉर्नी धारक दिनेश सिंघल के माध्यम से) बनाम सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के मामले में अपने आदेश दिनांक 22.08.2024 में बी.एस.पी. के दुकान में लीजधारक द्वारा किए गए उल्लंघनों के एवज में जुर्माना वसूलने के अधिकार को उचित ठहराया है। मामला यह है कि जसराज कोचर को दुकान नंबर 182, न्यू सिविक सेंटर 30 साल की लीज पर आवंटित की गई थी, जो वर्ष 2012 में समाप्त हो गई थी। जसराज कोचर ने अपने पावर ऑफ अटॉर्नी के रूप में दिनेश सिंघल को नामित किया था। आवंटी ने तय समय में अपने पट्टे का नवीनीकरण नहीं कराया और दुकान में भी उल्लंघन किये। वर्ष 2005 में बीएसपी द्वारा आवंटी को उल्लंघनों को हटाने के लिए नोटिस जारी किया गया था जिसमें बीएसपी की भूमि का अतिक्रमण, अनाधिकृत निर्माण, अतिरिक्त मंजिल का निर्माण और दुकान में कोचिंग कक्षाओं का अनाधिकृत व्यापार चलाना शामिल था।

## समाचार संक्षेप

### जवाहर नवोदय विद्यालय कबीरधाम के छात्र-छात्राओं ने विजय शर्मा से की मुलाकात



**कवर्धा 12 सितंबर।** जवाहर नवोदय विद्यालय, कबीरधाम के 50 छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण अंतर्गत आज रायपुर के विभिन्न स्थानो का भ्रमण करवाया गया। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं ने आज उपमुख्यमंत्री निवास कार्यालय में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से मुलाकात की और अपने शैक्षणिक भ्रमण के बारे में जानकारी दी। इस शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन भारतीय संविधान, शासन व्यवस्था, नागरिक कर्तव्यों एवं मौलिक अधिकारों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से किया गया है।छात्र-छात्राओ ने आज विधानसभा भवन का भ्रमण किया और जहां उन्हें संसदीय प्रक्रिया और शासन व्यवस्था की जानकारी दी गयी। इसके अलावा वे गुरु घासीदास संग्रहालय, साइंस पार्क और रायपुर कलेक्टोरेट का भी भ्रमण किये। जिससे उन्हें शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक और तकनीकी विकास के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया गया। जवाहर नवोदय विद्यालय, कबीरधाम के शिक्षकों की देखरेख में यह भ्रमण आयोजित होगा, जहां छात्र-छात्राओं को विभिन्न महत्त्वपूर्ण स्थानों का अवलोकन करने का अवसर मिलेगा।

### एकता चौक में मूंगफली की हो रही है खूब बिक्री

**कवर्धा 12 सितंबर।** एकता चौक में बिरेंद्र दिवाकर मुंगफल्ली बेचते हुए दिखे । ग्राहकों ने अच्छी मुंगफल्ली देखकर आधा किलो आधा किलो खरीदा । एक सो रुपया किलो होने के बावजूद भी ग्राहक खुश खरीद रहे थे और बोल रहे थे की बहुत अच्छी मुंगफल्ली है ।



### गांजा तस्कर गिरफ्तार

**भिलाई 12 सितंबर।** दुर्ग पुलिस लगातार नशे के खिलाफ शिकंजा कस रही है को भी सेक्टर-7 में गांजा बेचने ग्राहक की तलाश कर रहे एक तस्कर को पुलिस ने धर दबोचा उसके कब्जे से 5 कि.ग्रा. गांजा जब्त किया है जब्त गांजे की कीमती 50 हजार रुपए आंकी गई है भिलाईनगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि एसीसीयू प्रभारी निरीक्षक तापेश नेताम व भिलाई नगर टीआई प्रशांत मिश्रा के नेतृत्व में एसीसीयू एवं थाना की टीम गठित की है मुखबीर से सूचना मिली कि एक 40-45 वर्ष का व्यक्ति अपने पास बोरे में गांजा रखकर सेक्टर 7, सड़क 01 के पास बेचने के फिराक में खड़ा है। सूचना पर उसे पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम रिजवान खान बताया है। इसके पास रखे सफेद रंग के बोरे की तलाशी लेने पर 05 कि.ग्रा. मादक पदार्थ गांजा आरोपी के कब्जे से कुल 05 कि. ग्राम जब्त किया गया है।



### राष्ट्रपति से सम्मानित शिक्षिका शारदा का आम्रपाली में किया गया स्वागत

**भिलाई, 12 सितंबर ।** भिलाई नगर व छत्तीसगढ़ प्रदेश का गौरव बढ़ाने वाली प्रदेश की एक मात्र शिक्षिका सुश्री के. शारदा जिनको शिक्षक दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया, उनका सम्मान उनके निवास पर सामाजिक संगठन सर्वधर्म सेवा संस्था द्वारा शाल श्रीफल भेंट कर किया गया। इस अवसर पर संस्था के सामाजिक कार्यों से प्रभावित हो कर सुश्री के. शारदा ने मानव कल्याण हेतु अपना नेत्रदान का संकल्प किया। उनके इस महादान के हेतु संस्था को माध्यम बनाने के लिए अध्यक्ष प्रतीक भोई ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रतीक भोई, महासचिव राकेश रत्नाकर, घनश्याम पांडे, रमेश प्रजापति, समाज सेविका बी. पोलम्मा, के. गुम्माड़ी, सावित्री, राजा राव, अरुणा, गौरव, लतिका, टी. जी. राव, डॉ. बी. एस. मूर्ति आदि की उपस्थिति रही।



**आम्रपाली सोसाइटी ने किया स्वागत :** शिक्षिका सुश्री के. शारदा को शिक्षक दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित किये जाने पर आम्रपाली सोसाइटी ने किया स्वागत किया है।

# सिहावा गणेश घाट में ऋषि पंचमी धूमधाम से मनाई गई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी 12 सितंबर।** महानदी के उदगम स्थल गणेश घाट सिहावा में प्रतिवर्षानुसार ऋषि पंचमी धूम धाम से मनाया गया। ऋषि पंचमी समिति सिहावा के अध्यक्ष बलदेव निषाद के अगुवाई में गणेश घाट सिहावा में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गुरू भाइयों व आमन्त्रित जनो ने गुरु आश्रम में पूजा अर्चना कर माता महामाई,औघट बाबा, बालगिर बाबा,व अन्य देवी देवताओं को माथा टेका व प्राचीन ऋषि परम्परा का निर्वहन करते हुए दुर्लभ जड़ी बूटियों का सेवन किया।कार्यक्रम के प्रारंभ में गढ़ की देवी देवताओं,ऋषि मुनिओ की परम्परानुसार परघोनी स्वागत सम्मान पूजा अर्चना सेवा



किया गया। गुरु भाइयो ने क्रमवार होकर गुरु महराज से आशीर्वाद लिया। तथा नये गुरु भाइयों को जनकल्याण व धर्म के मार्ग पर चलने की सीख देते हुए पाठ पीढा गुरु महाराज द्वारा प्रदान की गई।मौके पर गुरु आश्रम पहुँचे प्रबुद्ध नागरिको ने उपस्थित जनो को ऋषि पंचमी की शुभकामना प्रदान की ।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ऋषि पंचमी समिति अध्यक्ष बलदेव निषाद,पुजारी मान सिंह पटेल,राज कुमार निषाद,नेहरू पटेल ज्ञान सागर पटेल,प्रीतम पटेल, ग्राम पटेल राजेश यदु,माहरू साहू अमृत साहू,संजय सारथी,रामसिंग पटेल,कलम सिंह पवार रामाराव बघेल,ललित निर्मलकर,कौशल साहू,अंजोर निषाद अजय सारथी,भरत निर्मलकर, सचिन भंसाली,गगन नाहटा, दीनदयाल नागरची,रामाराव बघेल, गोलू निषाद,छोटू पटेल कौशल पटेल,धनंजय साहू,नारायण पटेल,रमधरपटेल, बीरेंद्र यादव,त्रिलोक पटेल ,कौशल पटेल, शैलेन्द्र पटेल,रोशन पटेल,रामगणेश यादव,महेंद्र पटेल,मीतूबघेल,राकेश निर्मलकर, पवन निषाद,सदानन्द सिन्हा, ऋषभ यदु,सत्यम पटेल,केशव पटेल,जीतू यादव,ठकुरीधर शर्मा ,गिरिजा शंकर सोम,उत्तम गौर, दुर्गेश यादव,विक्की साहू,नरेश पटेल,कोशिश निर्मलकर राजू पटेल,चंद्रभान गजपाल,सहित दूर दूर से आए गुरुभाई व ग्रामीणों की उपस्थिति रही

## एक नजर

### 14 सितम्बर ढोल ग्यारस पर मटन मार्केट बंद रहेगा

**राजनांदगांव 11 सितम्बर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार ढोल ग्यारस के उपलक्ष्य में 14 सितम्बर दिन शनिवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित करने कहा है। आयुक्त श्री गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग से कहा है कि उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करते हुये 5 हजार रूपये तक जुर्माना वसूल करे। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों को उक्त दिवस को अपने अपने क्षेत्र में पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिये है।

### व्यावसायिक परिसर बस स्टैंड के पास लोगों ने पौधे लगाए

**छुरिया 12 सितंबर।** ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत बम्हनी-चारभाठा में व्यावसायिक परिसर के



सामने बस स्टैंड पास पौधारोपण किया गया। बम्हनी स्थित व्यावसायिक परिसर के सभी सदस्यों के द्वारा पौधारोपण किया गया। पौधारोपण करने वालो में व्यावसायिक परिसर के सदस्य मुकेश धुर्वे, पुरुषोत्तम टांडेकर, आशीष निषाद, प्रवेश कंवर, प्रमोद टांडेकर, गोपीचंद कुंजाम, पलटू राम सेन, गुमान सेन, घनश्याम एवं अन्य सभी सदस्य उपस्थित थे। इस अवसर पर मुकेश ध्रुवे ने कहा कि पर्यावरण के संरक्षण और मानव जीवन की सुरक्षा के लिए पेड़ लगाना अत्यंत आवश्यक है। पेड़ से ही जल है और जल से ही कल है। पेड़ो से ही वातावरण शुद्ध रहता है, हमें आक्सीजन मिलती है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए युवाओं से आगे आने की अपील की है।

### स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने के लिए किया जा रहा कार्य

**राजनांदगांव 12 सितम्बर।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह की उपस्थिति में जनपद पंचायत छुरिया डोंगरगढ़ एवं राजनांदगांव के सचिवों का स्वच्छता ही सेवा 2024 कार्यक्रम की थीम स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता के विषय पर सभी सचिवों एवं एनआरएलएम के बीपीएम, पीआर आरबी एफएलसीआरपी के एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन जिला पंचायत के सभाकक्ष में किया गया। प्रशिक्षण में स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छता ही सेवा 2024 के कार्ययोजना के संबंध में जानकारी दी गई। स्वच्छता ही सेवा का शुभारंभ 17 सितंबर 2024 से 2 अक्टूबर 2024 तक पूरे जिला में भिन्न-भिन्न कार्यक्रम के माध्यम से किया जाएगा। अभियान के तहत पूरे पखवाड़े की कार्ययोजना तैयार की गई। कार्ययोजना अनुसार ही पखवाड़े में कार्य किया जाएगा। स्वच्छता पखवाड़ा के तहत प्रत्येक ग्राम स्तर पर स्वच्छता मैराथन, स्वच्छता रैली, स्वच्छता अंतर्गत स्वास्थ्य परीक्षण एवं विभिन्न विभागों द्वारा ग्राम स्तर पर शिविर का आयोजन करने कहा गया। साथ ही इस कार्यक्रम अंतर्गत सभी स्वच्छताग्राही का श्रमिक पंजीयन 100 प्रतिशत करने हेतु सचिव एवं श्रम विभाग को निर्देश दिए गए। उद्योग विभाग द्वारा बिहान की महिलाओं को लखपति दीदी बनाने के लिए और अग्रसर करने हेतु उद्योग विभाग के पोर्टल से पंजीयन स्वयं करना सिखाया गया तथा उसे मिलने वाले लाभ एवं सब्सिडी के संबंध में भी जानकारी दी गई। जिससे समूह की महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर लखपति दीदी बनने की ओर अग्रसर हो सके। प्रशिक्षण कार्यशाला में अन्य विभाग जैसे कौशल विकास विभाग आईडीएम पशु विभाग कृषि विभाग भी अन्य विभाग अंतर्गत चलने वाली योजनाओं एवं लाभ के बारे में जानकारी दी गई।

### भाजपा के सदस्यता अभियान में तेजी लाने शक्ति केन्द्र प्रभारियों की भूपेंद्र सवन्नी ने बैठक ली

**राजनांदगांव 12 सितंबर।** राष्ट्रहित के लिए भाजपा को पहले से और अधिक सशक्त बनाने भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान का काफी तेजी के साथ आगाज हुआ है भाजपा का प्राथमिक सदस्य बनाने के लिए सबसे बड़ा अभियान बुथो पर चलाया जा रहा है । बैठक को संबोधित करते हुए श्री भुपेंद्र सवन्नी ने कहा कि यह अभियान पार्टी की जीत की बुनियाद है प्रत्येक कार्यकर्ता को सक्रिय सदस्य बनने अधिकतम 50 सदस्य व हर बुथ में 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है । सदस्यता के लिए मोबाइल द्वारा मिस्ड कॉल जारी किया गया है । इसके अलावा पार्टी द्वारा एक बुथ के लिए चार फार्म एवं बुक की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा आगामी 19 से 24 सितंबर तक ओपन सदस्यता अभियान चलाया जाएगा । इस अवसर पर शहर भाजपा दक्षिण, उत्तर एवं ग्रामीण मंडल के शक्ति केन्द्र प्रभारी और सभी मंडलों के पदाधिकारी मौजूद थे ।

### भाजपा सरकार में जनता को लूटने की खुली छूट: कांग्रेस

**राजनांदगाव 12 सितंबर।** छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आते ही रेत, सीमेंट के दामों में जबरदस्त उछाल आया है। प्रदेश की भाजपा सरकार के संरक्षण में विगत दिनों सीमेंट कंपनियों द्वारा सीमेंट के दाम में 50 रूपए प्रतिबोरी की दर से वृद्धि कर दी है। वहीं दूसरी ओर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के संरक्षण में रेत माफियाओं का गुण्डाराज चल रहा है, चारों ओर लूट मची हुई है। खनिज संसाधनों को खुलेआम लूटा जा रहा है और राज्य सरकार तमाशाबीन बने हुए है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री दीपक बैज के आव्हान पर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू द्वारा प्रेसवार्ता लेकर जानकारी दी। प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुए जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार में जनता को लूटने की खुली छूट है। ''विष्णुभोग'' के लिए वसूला जा रहा है 50 रूपया प्रति बोरा सीमेंट पर अतिरिक्त दाम। अचानक 260 से बढ़ाकर 310 रूपए प्रति बोरा कर दिया गया है। सीमेंट की कीमत में अचानक एक चौथाई की भारी भरकम वृद्धि भाजपा सरकार के कमीशनखोरी और मुनाफाखोरी का प्रमाण है।

# बाढ़ पीड़ितों से मिलकर ठहरने एवं खाने-पीने की व्यवस्था कराएं: महापौर

■ **महापौर, कलेक्टर एवं आयुक्त पहुँचे बाढ प्रभवित वार्ड मोहारा, सिंगदई, मोहड़ एवं हल्दी**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 12 सितम्बर।** अत्यधिक वर्षा के कारण मोहारा नदी में आई बाढ़ से प्रभावित वार्ड मोहारा, सिंगदई, मोहड़ और हल्दी का आज महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल एवं निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने निरीक्षण कर बाढ पीडित परिवारों को सुरक्षित स्थान पहुँचाने एवं खाने पीने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश तकनीकी अधिकारियों को दिये। कलेक्टर ने कहा कि बाढ़ का पानी कम होने तक बाढ़ पीडितों को सुरक्षित स्थान स्कूल, सामुदायिक भवन में रखे एवं उनके लिये नाश्ता, खाने पीने के अलावा सोने बैठने की पर्याप्त व्यवस्था करने आयुक्त श्री गुप्ता को निर्देशित किये। महापौर श्रीमती देशमुख,कलेक्टर श्री अग्रवाल एवं आयुक्त श्री गुप्ता,नेता प्रतिपक्ष श्री किशुन



यदु, जल विभाग के प्रभारी सदस्य श्री सतीष मसीह, पार्षद श्री केवल साहू, श्री गगन आईच, पूर्व पार्षद श्री अवधेष प्रजापति, पार्षद प्रतिनिधि श्री आशीष डोंगरे एवं तकनीकि अधिकारियों के साथ बाढ प्रभावित वार्डो में अलग अलग वार्ड का मुआयना कर वार्ड के स्कूल एवं सामुदायिक भवन में बाढ पीडितो को ठहराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इनके खाने पीने तथा सोने के लिये बिस्तर की व्यवस्था करने कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके को निर्देशित किये। उन्होंने चारो वार्ड मे जाकर जायजा लेने के उपरांत बाढ पीडितों से चर्चा कर कहा कि अत्यधिक वर्षा के कारण शिवनाथ नदी का जल स्तर बढने पर बाढ की स्थिति निर्मित हो रही है। अतः आप लोग सुरक्षित स्थान स्कूल एवं सामुदायिक भवन में ठहरे, वहॉ आप लोगों के लिये पर्याप्त व्यवस्था की जावेगी। महापौर श्रीमती देशमुख, कलेक्टर श्री अग्रवाल एवं आयुक्त श्री गुप्ता ने पीडित परिवारों से सामुदायिक भवन एवं स्कूल में जाकर उनके खाने पीने एवं सोने की व्यवस्था के संबंध में चर्चा कर कहा कि जबतक बाढ की स्थिति समान्य नहीं हो जाती, तबतक आप लोग यही रहे। उन्होंने अधिकारियों से भी कहा कि इनकी सुरक्षा एवं राहत में किसी प्रकार की असावधानी नहीं होनी चाहिये। उन्होंनें मोहारा फिल्टर प्लांट का निरीक्षण कर वहा भी आवश्यक व्यवस्था करने एवं सावधानी बरतने के निर्देश दिये।

## समाचार संक्षेप

### निगम ने गणेश विसर्जन के लिए व्यापक व्यवस्था की

**राजनांदगांव 12 सितम्बर।** नगर निगम द्वारा गणेश विसर्जन अवसर पर मूलभुत सुविधा सहित व्यापक व्यवस्था की जा रही है। जिसके लिये निगम के अधिकारियो कर्मचारियों को दायित्व सौपा गया है। उक्ताशय की जानकारी देते हुये नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने बताया कि गणेश विसर्जन पर्व पर मूलभूत दायित्वों के निर्वहन के लिये अधिकारियों व कर्मचारियों को दायित्व सौपा गया है। जिसके तहत कार्यपालन अभियंता श्री यू.के. रामटेके (मो.नं. 98271-18810) को नोडल अधिकारी व सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम (मो.नं. 83197-26288) को सहायक प्रभारी अधिकारी बनाया गया है तथा प्र.सहायक अभियंता श्री दिलीप मरकाम (मो.नं. 93016-70006) को सहायक नोडल अधिकारी के साथ साथ सभी उप अभियंताओं को अलग अलग प्रभार सौपा गया है। आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि 17 व 18 सितम्बर 2024 को गणेश विसर्जन के लिये मोहारा नदी में निर्मित विसर्जन कुण्ड में विसर्जन कराये जाने प्रकाश व्यवस्था,मूर्ति विसर्जन के लिये क्रेन की व्यवस्था की जा रही है। विर्सजन उपरांत वेस्ट मटेरियल, पूजा समाग्री, फूल, कपडे, प्लास्टिक पेपर आदि सुरक्षित एकत्र कर पुर्नउपयोग एवं कम्पोस्टिंग आदि में भेजने के अलावा रानी सागर,सर्किट हाऊस के पास व नंदई चौक में मूर्ति लाने लेजाने के लिये वाहन की व्यवस्था की जा रही है इन सबके लिये उप अभियंताओं को सहयोगी बनाया गया है। साथ ही मोहारा रोड एवं मुख्य मार्गो में विद्युत व्यवस्था एवं कंट्रोल रूम प्रभारी का दायित्व सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम (मो.नं. 83197-26288) को सौपा गया है। इसके अलावा स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा (मो.नं. 93039-47901) सहित उनकी टीम को शहर के सम्पूर्ण क्षेत्रो में विशेष साफ सफाई व्यवस्था एवं शहर के भीतरी इलाकों में घुमने वाले आवारा पशुओं को पकडने तथा विसर्जन के दौरान विशेष रूप से यातायात सुविधा की दृष्टि से आवारा पशुओं को पकडने आदि का दायित्व सौपा गया है। उपरोक्त सभी अधिकारी कर्मचारी नोडल अधिकारी श्री यू.के.रामटेके के नेतृत्व में दिये गये निर्देशो का पालन जिम्मेदारीपूर्वक करेंगे।

### पुलिस अधीक्षक ने उप निरीक्षक को किया पदोन्नत



**राजनांदगांव 12 सितंबर।** पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय राजनांदगांव में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक (अ) को स्टार लगाकर उप निरीक्षक (अ) के पद् पर पदोन्नत किया गया। विभागीय पदोन्नति प्रक्रिया के तहत आज दिनांक 11.09.2024 को कार्यालय पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव में पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक (अ) श्री राजकुमार देशमुख को स्टार लगाकर उप निरीक्षक के पद् पर पदोन्नत किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की कामना कर बधाई दी गई। इस अवसर पर जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंड़ई पुलिस अधीक्षक श्री त्रिलोक बंसल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) श्री मुकेश ठाकुर, रक्षित निरीक्षक श्री लोकेश कसेर एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालयिन स्टाफ उपस्थित थे।

### नदी के बढ़ते जल स्तर के कारण 47 ग्रामों में पानी सप्लाई रहेगी बंद

**राजनांदगांव 12 सितंबर।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा मिली जानकारी के अनुसार जिले में संचालित हो रहे धीरी एवं मोहारा समूह जल प्रदाय योजना अंतर्गत शिवनाथ नदी स्थित इंटेकवेल में बाढ़ का पानी आ जाने के कारण राजनांदगाव विकासखंड के 47 ग्रामों में जल आपूर्ति बाधित रहेगी। पानी की सप्लाई नहीं होने की सूचना संबंधित गांव के सभी सरपंचों को विभाग द्वारा दी जा चुकी है। नदी का जल स्तर कम होने पर पुनः सप्लाई निर्बाध रूप से यथावत रहेगी।

# बच्चों को माता-पिता व गुरु का सम्मान करना चाहिए:मंडावी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया12 सितंबर।** शिक्षक दिवस के अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला कल्लूबंजारी के बच्चों ने स्वप्रेरणा से शाला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित कर अपने गुरूजनों का सम्मान किया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक यु.एस. मंडावी थे,अध्यक्षता उच्चवर्ग शिक्षक दिनेश कुमार कुरेटी ने किया। विशेष अतिथि शिक्षकगण तिलक राम बढ़ई, चुम्मन लाल भुआर्य एवं रोमन कुमार साहू रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतरत्न डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना के साथ हुआ पश्चात बालकेबिनेट के मंत्रियों ने शिक्षकों का तिलक लगाकर एवं पुष्प भेंटकर स्वागत किया। सभा को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि प्रधानपाठक यु.एस. मंडावी ने कहा कि बच्चों के माता-पिता प्रथम गुरु होते है इसलिए हर बच्चों को अपने माता-पिता सहित सभी गुरुजनों का आदर व सम्मान करना चाहिए तथा अपने माता-पिता एवं गुरूजनों के आज्ञा का पालन करना चाहिए। अध्यक्ष की आसंदी से उच्च वर्ग शिक्षक दिनेश कुमार कुरेटी ने कहा कि जो सम्मान देता है वह सम्मान पाता है। इंसान के लिए हर वह व्यक्ति गुरू होता है जो उनके जीवन में किसी न किसी प्रकार का शिक्षा देता है।पाठशालाओं में पढ़ाने वाले शिक्षक तो गुरु होते ही है इसके अतिरिक्त इंसान को जो जीवन जीने की कला सिखाते है वह भी उनके गुरू होते है।हर इंसान के अलग-अलग तरह के गुरु होते है जो उनके सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक मार्गदर्शन करते हैं।सभी बच्चों को अपने प्रथम गुरु माता-पिता एवं द्वितीय गुरु का सदैव सम्मान करना चाहिए तथा उनके भावनाओं को ठेस पहुंचे ऐसे कृत्य कभी भी नहीं करना चाहिए।बच्चों के कृत्य से माता-पिता एवं गुरूजनों का मान- सम्मान बढ़ता है तथा बच्चों के ऊंचे शिखर पर पहुंचने पर माता-पिता एवं गुरूजन भी गौरवान्वित होते है इसलिए हर बच्चे को अपने माता-पिता एवं गुरूजनों के गौरव को हमेशा बनाये रखना चाहिए। बच्चों को शिक्षकगण तिलक राम बढ़ई,चुम्मन लाल भुआर्य एवं रोमन कुमार साहू ने संबोधित कर स्वप्रेरणा से किये गये आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के सफल आयोजन में दीपेश कुमार कंवर, देविका मंडावी, ओजेश्वरी पटेल,उर्वशी ध्रुर्वे, करिश्मा लाऊत्रे,टीलेश्वर मंडावी,उरांसी कंवर, गुंजन पटेल, केशर साहू, ऋषिका नटानी,काजल पटेल,टिंकल ध्रुर्वे,खोमेश कंवर, झामिन कंवर, मधु पटेल, चाहत फूले, करिश्मा तिवारी, करिश्मा कल्लो, हसिना मेश्राम,लीलाधर यादव,फलेश्वरी साहू ,लिकेश्वर पटेल,ललेश्वर ताम्रकार, रूपाली सिन्हा,चांदनी सिन्हा,भिनेश्वरी साहू आदि सहित सभी बच्चों का खास योगदान रहा।इस अवसर पर प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला कल्लूबंजारी के समस्त बच्चे उपस्थित थे।

## उल्लास नवभारत साक्षरता सप्ताह का समापन

**राजनांदगांव 12 सितम्बर।** जिले में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के उपलक्ष्य में साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आज यहां कलेक्टोरेट सभाकक्ष में उल्लास नवभारत साक्षरता सप्ताह के समापन अवसर पर स्वयंसेवी शिक्षक एवं असाक्षरों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि जीवन में साक्षरता का विशेष महत्व है। उल्लास कार्यक्रम के तहत जिन लोगों को अक्षर ज्ञान नहीं है, उन्हें साक्षर करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यादान सबसे बड़ा दान है, असाक्षरों को साक्षर बनाने में स्वयंसेवी शिक्षक आगे आकर अपनी महत्पूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, इसके लिए उन्होंने स्वयंसेवी शिक्षकों को विशेष रूप से बधाई दी। कलेक्टर ने कहा कि अक्षर ज्ञान नहीं होने का व्यक्ति के जीवन में अनेक कठिनाईयां आती हैं और कई बार उसके दैनिक जीवन को आर्थिक एवं अन्य दृष्टिकोण से सुलभ और सुचारू बनाने में बाधा भी आती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बहुत से कार्य ऐसे है, जो मोबाईल के जरिए संपादित होते है, इसके लिए साक्षर होना आवश्यक है। साथ ही किसी भी प्रकार के आर्थिक लेन-देन में होने वाली धोखा-धड़ी से बचा जा सकता है। इसके लिए स्वयंसेवी शिक्षक असाक्षरों को अक्षर ज्ञान देने के साथ-साथ उन्हें दैनिक जीवन में मोबाईल के उपयोग को समझाएं और प्रशिक्षित भी करें, जो उनके दैनिक जीवन से जुड़े हुए है। उन्होंने इस कार्य को विशेष रूप से अभियान के रूप में संपादित करने के लिए प्रेरित किया।

# लगातार हो रही बारिश के चलते नदी-नाले उफान पर

**राजनांदगांव 12 सितंबर।** 11 सितंबर को शासन व पुलिस प्रशासन द्वारा बारिश के चलते डोंगरगांव, मोहारा तथा बागनदी क्षेत्रों का दौरा कर वहां के हालात का जायजा लिया गया। पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना/चौकी क्षेत्रों के प्रभारियों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की सतत निगरानी रखने और वस्तुस्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिये थे। बारिश के कारण बाढ़ की स्थिति बन चुकी है ऐसे में प्रशासन द्वारा पूरी सजगता और सक्रियता से कार्य किया जा रहा है। शिवनाथ नदी के तटीय क्षेत्र मोहारा, हल्दी, सिंदई में पुलिस रात में भी ड्यूटी पर तैनात है साथ ही पेट्रोलिग पार्टी लगातार गश्त कर रही है, ताकि इस स्थिति में लोगों को आवश्यकतानुसार सहयोग किया जा सके।



थाना लालबाग क्षेत्र के ग्राम मोहभट्ठा में कल से एक परिवार के 03 महिला एवं 01 पुरूष कुल 04 सदस्य अपने घर के छत पर फसे थे जिसे थाना लालबाग पुलिस एवं एसडीआरएफ की टीम द्वारा रेस्क्यू कर सही सलामत सुरक्षित निकाला गया। इसी प्रकार थाना सोमनी क्षेत्र के ग्राम धीरी में 02 व्यक्तियों द्वारा कृषि कार्य के लिये अपने फार्म हाऊस गया था एवं ग्राम धिरी-खुटेरी में शिवनाथ नदी के बहाव मे शाम को 01 युवक झाड़ में फसा हुआ था जिसे सोमनी पुलिस एवं दुर्ग के एसडीआरएफ टीम के सहयोग से सुरक्षित निकाला गया। राजनांदगांव पुलिस की अपील है कि बाढ़ की स्थिति को देखते हुये नदी के तटवर्ती क्षेत्रों में जाकर विडियों या रील बनाने से बचे तथा रील बनाने के चक्कर में अपने जिंदगी को जोखिम में न डाले।

# पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने श्री मारवाड़ी गौड ब्राम्हण समाज के भवन का किया लोकार्पण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 12 सितम्बर।** नगर निगम द्वारा निगम सीमाक्षेत्र में विभिन्न समाजों के लिए सामुदायिक भवनों का निर्माण किया गया है। इसी कडी में मुख्यमंत्री घोषणा अंतर्गत 20.00 लाख रूपये की लागत से श्री मारवाडी गौड ब्राम्हण समाज के लिये मठपारा में सामुदायिक भवन बनाया गया। जिसका आज पूर्व मुख्यमंत्री माननीय श्री भूपेश बघेल ने परशुराम भवन में गरिमामय आयोजन में सामाजिक बंधुओ की उपस्थिति में फीता काटकर पट्टीका का अनावरण कर लोकार्पण किया। लोकार्पण अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि मुख्यमंत्री भेट मुलाकात कार्यक्रम के तहत राजनांदगांव में आयोजित भेट मुलाकात कार्यक्रम में विभिन्न समाज के पदाधिकारियों से मिलने का अवसर मिला था, समाज के लोंगो के द्वारा सामाजिक भवन के लिये जमीन एवं कुछ समाज के लोग भवन निर्माण के लिये राशि की मांग किये थे, मांग अनुसार हमने विभिन्न समाज को भवन निर्माण के लिये राशि उपलब्ध कराये थे। उन्होंने कहा कि कई



समाज का भवन निर्माण हुआ और कुछ समाज के भवन लोकार्पण का अवसर प्राप्त हुआ, कुछ दिनों पूर्व कायस्थ समाज के भवन लोकार्पण के लिये आया था और आज श्री मारवाड़ी गौड ब्राम्हण समाज के भवन लोकार्पण का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

श्री बघेल ने सामाजिक भवन लोकार्पण के लिये समाज द्वारा बुलाने पर समाज का धन्यवाद देते हुये कहा कि आदिकाल से ब्राम्हण समाज का विशेष दर्जा रहा है। उन्होने कहा कि गौर ब्राम्हण समाज के आराध्य देव भगवान परशुराम जी है, जिन्होंने ब्राम्हणों के उत्थान के लिये कार्य किये। छत्तीसगढ में सरगुजा के अलावा एक दो स्थानों पर स्थित भगवान परशुराम की मंदिर जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, अक्षय तृतिया के दिन भगवान परशुराम जी की जयंती समाज द्वारा धुमधाम से मनायी जाती है। उन्होंने कहा कि आज गणेश पर्व के अलावा राधा अष्टमी है, इस शुभ दिन में भवन का लोकार्पण किया जा रहा है, उन्होंने राधा अष्टमी एवं गणेश पर्व की बधाई देते हुये भवन लोकार्पण अवसर पर बुलाने पर पुनः समाज का आभार व्यक्त किया।

लोकार्पण कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने अपने उद्बोधन में कहा कि गौड ब्राम्हण समाज की मांग पर परशुराम भवन विस्तार के लिये पूर्व मुख्यमंत्री माननीय श्री भूपेश बघेल जी ने 20 लाख रूपये राशि दिये थे, जिससे नगर निगम द्वारा सर्वसुविधायुक्त भवन का निर्माण किया गया है, जिसका आज माननीय बघेल जी के हाथो लोकार्पण किया जा रहा है। उन्होंनें कहा कि अपने शासन काल में मुख्यमत्री माननीय बघेल जी ने प्रदेश के समाजिक भवनों के उत्थान के लिये राशि एवं जमीन प्रदान किये। राजनांदगांव में भेट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान समाज की मांग पर लगभग 20 सामाजिक भवनों के लिये राशि उपलब्ध कराये, जिसमें 20 लाख रूपये से आपके समाज का भवन विस्तार किया गया, उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री माननीय बघेल जी को राशि देने एवं आज लोकार्पण के लिये अपने व्यस्त समय में से समय निकालकर राजनांदगांव आने पर शहर एवं समाज के लोगों की ओर से उनेका धन्यवाद ज्ञापित किया। लोकार्पण के पहले पूर्व मुख्यमंत्री माननीय बघेल जी का समाज के पदाधिकारियों ने पुष्प गुच्छ से स्वागत किया, स्वागत पश्चात अतिथियों ने भगवान परशुराम जी के प्रतिमा में माल्यार्पण कर पूजा अर्चना कर फिता काटकर, पट्टिका का अनावरण कर नव निर्मित भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर विधायक श्री भोलाराम साहू, पूर्व मंत्री श्री धनेश पाटिला, वरिष्ठ नेता श्री श्रीकिशन खण्डेलवाल, श्री भागवत साहू, श्री कचरू शर्मा, श्रीमती शारदा तिवारी, समाज के श्री मातादीन शर्मा, श्री विजय पटाक, श्री संतोष पटाक, श्री मत्तुलाल जी शर्मा, श्री राजकुमार शर्मा, श्री घनश्याम शर्मा, श्रीमती माया शर्मा, श्रीमती गीता शर्मा, श्रीमती संध्या शर्मा, श्रीमती रानी शर्मा सहित जन प्रतिनिधि, पार्षदगण, पत्रकार बंधु, एवं समाज के लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन पूर्व पार्षद श्री जितेन्द्र शर्मा ने एवं संचालन अधिवक्ता श्री राजकुमार शर्मा ने किया।

संपादकीय

# भ्रम व झूठ फैलाने की राजनीति ठीक नहीं

जब किसी राजनीतिक दल के पास किसी दल या किसी संस्था के खिलाफ गड़बड़ी का कोई सबूत नहीं होता है तो वह झूठ व भ्रम फैलाने का प्रयास करता है। राहुल गांधी यही कर रहे हैं। वह निरंतर देश व देश की संस्थाओं के बारे में झूठ बोल रहे है, भ्रम फैला रहे हैं। यह देश व कांग्रेस के लिए ठीक नहीं है। लोकसभा चुनाव के समय वह ऐसा देश के भीतर कर चुके हैं और विदेश जाकर भी यही कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने चुनाव जीतने के लिए यह भ्रम व झूठ फैलाने का प्रयास किया था कि मोदी तीसरी बार जीते तो संविधान और लोकतंत्र खतरे में आ जाएगा। मोदी तीसरी बार जीतकर पीएम बन गए लेकिन देश व देश की जनता देख रही है कि न तो संविधान पर कोई खतरा आया है और न ही लोकतंत्र पर ही कोई खतरा आया है। चुनाव के बात साबित हो गया कि चुनाव के दौरान राहुल गांधी संविधान व लोकतंत्र के बारे जो कुछ कहा था वह झूठ था। राहुल गांधी ने अपनी पार्टी के राजनीतिक फायदे के लिए झूठ बोला था। यही नहीं उन्होंने चुनाव के दौरान ही देश के चुनाव आयोग के बार में झूठ व भ्रम फैलाने की कोशिश की थी। उन्होंने कहा था कि अगर चुनाव निष्पक्ष होते हैं तो मोदी सरकार को 400 पार नहीं 170 सीटें भी नहीं मिलेंगी। इसके बाद किसी ने कहा था कि 150 सीटें नहीं मिलेंगी,किसी ने कहा था कि 200 सीटें भी नहीं मिलेंगी। राहुल गांधी जानते थे कि कांग्रेस को तो बहुमत मिल नहीं सकता, विपक्ष की सरकार बनने वाली नहीं है, इसके लिए उन्होंने चुनाव के समय से ही चुनाव के आयोग के बारे में भ्रम फैलाने की तैयारी कर ली थी, अपनी हार के लिए चुनाव आयोग को दोषी ठहराने की तैयारी कर ली थी। ठीक वैसा ही हुआ कांग्रेस को बहुमत नहीं मिला, विपक्ष की सरकार भी नहीं बनी लेकिन कांग्रेस को कुछ सीटें ज्यादा मिलने पर राहुल गांधी ने चुनाव के बाद चुनाव आयोग के खिलाफ कुछ नहीं कहा। उन्होंने इसे कांग्रेस की जीत व भाजपा की हार के रूप में प्रचारित किया। एनडीए की सरकार को कमजोर सरकार,कभी भी गिर जाने वाली सरकार कहा।लेकिन जब कई महीने बीत जाने के बाद भी जब मोदी सरकार मजबूती से बनी हुई है तो विदेश जाकर राहुल गांधी चुनाव के बारे में यह झूठ व भ्रम फैला रहे हैं कि 2024 का लोकसभा चुनाव स्वतंत्र नहीं नियंत्रित चुनाव था.निर्वाचन आयोग भाजपा के इशारे पर काम कर रहा था। इसे समान आधार पर नहीं लड़ा गया था। राहुल गांधी ने यह भी कहा है कि मुझे नहीं लगता कि निष्पक्ष चुनाव होता तो भाजपा 240 सीटों के करीब भी पहुंच पाती। ऐसा होता तो यह आश्चर्य की बात होती।कांग्रेस और राहुल गांधी को लगातार तीन चुनाव में हार का सामना करना पडा है। वह यह तो कह नहीं सकते कि देश की जनता ने कांग्रेस व राहुल गांधी को तीन बार नकार दिया है। देश की जनता ने उनको एक नहीं तीन बार हरा दिया है, भाजपा से वह एक नहीं तीन तीन बार हार गए हैं, पीएम ने कांग्रेस को तीन तीन बार हरा दिया है। कांग्रेस व राहुल गांधी के लिए तीन तीन हार को स्वीकारना अपनी शर्मनाक नाकामी को स्वीकार करना है, ऐसा करने की हिम्मत कांग्रेस में नहीं है, राहुल गाधी में नहीं है इसलिए वह अपनी हार के लिए चुनाव आयोग तो दोषी बता रहे हैं। हार का कारण बता रहे हैं कि चुनाव आयोग ने चुनाव निष्पक्ष नहीं कराया। इसलिए कांग्रेस लोकसभा 24 का चुनाव हार गई। सवाल उठना स्वाभाविक है कि चुनाव आयोग निष्पक्ष चुनाव नहीं कराता है तो कांग्रेस ने पिछले 10 सालों में कई राज्यों में चुनाव कैसे जीती। आयोग चुनाव वही करता जो भाजपा चाहती है कि पूरे देश के साथ ही देश के सभी राज्यों में भाजपा की सरकारें होती। देश के आधे से ज्यादा राज्यों में भाजपा की सरकारे नहीं है, इससे साबित होता है कि चुनाव निष्पक्ष होते हैं। चुनाव में वही पार्टी नहीं जीतती है जिसे चुनाव आयोग जिताना चाहता है, चुनाव में राज्य हो या केंद्र वही राजनीतिक दल जीतता है जिसे जनता चाहती है। राहुल गांधी देश मं हुए चुनाव को नियंत्रित बताकर चुनाव आयोग का अपमान तो कर ही रहे हैं, देश की जनता का अपमान भी कर रहे हैं।झूठ बोलकर 99 सीटें जीतने के बाद राहुल गांधी के मुंह झूठ का खून लग गया है, उनको वहम हो गया है कि देश व दुनिया उसे सच मान लेगी जो भी वह कहेंगे।

हिंदी दिवस, 14 सितबंर

# हिन्दी है भारत के मस्तक का तिलक

ललित गर्ग



सम्पूर्ण भारत में 1953 से 14 सितम्बर को प्रतिवर्ष हिन्दी-दिवस के रूप में मनाया जाता है। हिंदी दिवस मनाने की आवश्यकता क्यों महसूस हुई और आज इस दिवस की अधिक प्रासंगिकता क्यों उभर रही है? क्योंकि हमारे देश में दिन-प्रतिदिन हिंदी की उपेक्षा होती जा रही है। राजनीतिक कारणों से हिन्दी को विवादों एवं संघर्षों का सामना करना पड़ रहा है। हिंदी की राह में यूं तो कई बाधाएं हैं, लेकिन सबसे बड़ी बाधा शासन में उसकी उपेक्षा और अंग्रेजीदां नौकरशाही का वर्चस्ववादी रवैया है। हिन्दी पर अंग्रेजी का प्रभाव बढ़ता जा रहा है। हिन्दी राष्ट्रीयता की प्रतीक भाषा है इसलिये हिन्दी को उचित सम्मान देते हुए, उसको राजभाषा बनाने एवं राष्ट्रीयता के प्रतीक के रूप में प्रतिष्ठापित करना हिन्दी दिवस की प्राथमिकता होना ही चाहिए। आजादी के अमृतकाल तक पहुंचने के बावजूद हिन्दी को उसका उचित स्थान न मिलना विडम्बना एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। भारत से ठीक दो वर्ष पहले 17 अगस्त 1945 को इंडोनेशिया डच शासन से मुक्त हुआ और अपनी भाषा ह्यबहासा इंडोनेशियाह्न को राष्ट्रभाषा के रूप में लागू कर दिया। कुछ इसी तरह 23 अक्टूबर 1923 को जब आधुनिक तुर्की गणराज्य की स्थापना हुई, तो तत्काल तुर्की भाषा को राजकाज की भाषा के रूप में लागू कर दिया। आज हिन्दी विश्व की सर्वाधिक प्रयोग की जाने वाली तीसरी भाषा है, विश्व में हिन्दी की प्रतिष्ठा एवं प्रयोग दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है, लेकिन देश में उसकी उपेक्षा एक बड़ा प्रश्न है। सच्चाई तो यह है कि देश में हिंदी अपने उचित सम्मान को लेकर जूझ रही है। राजनीति की दूषित एवं संकीर्ण-स्वार्थी सोच का परिणाम है कि हिन्दी को जो सम्मान मिलना चाहिए, वह स्थान एवं सम्मान राष्ट्र में अंग्रेजी को मिल रहा है। भारत सहित दुनिया के अनेक देशों में विश्व हिन्दी दिवस मनाया जाने लगा क्योंकि भारत और अन्य देशों में 120 करोड़ से अधिक लोग हिन्दी बोलते, पढ़ते और लिखते हैं। पाकिस्तान की तो अधिकांश आबादी हिंदी बोलती व समझती है। बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, तिब्बत, म्यांमार, अफगानिस्तान में भी लाखों लोग हिंदी बोलते और समझते हैं। फिजी, सुरिनाम, गुयाना, त्रिनिदाद जैसे देश तो हिंदी भाषियों द्वारा ही बसाए गये हैं। हिन्दी का हर दृष्टि से इतना महत्व होते हुए भी भारत में प्रत्येक स्तर पर इसकी इतनी उपेक्षा क्यों?

हिंदी की राह आजादी के बाद ज्यादा जटिल बनी है। आजादी से पहले ज्यादा बाधाएं नहीं थीं। इसी कारण भारतीय स्वाधीनता आंदोलन के सूत्रधार महात्मा गांधी स्वयं हिंदी के हिमायती थे। उनके पहले केशव चंद्र सेन, लोकमान्य तिलक जैसी हस्तियां भी देश के हृदयों को नजदीक लाने में हिंदी को ही सक्षम एवं प्रभावी मानते थे। स्वतंत्रता संग्राम के इन महानायकों ने भावी भारत की भाषायी जरूरतों के लिहाज से हिंदी को तैयार करने की कोशिश भी की। लेकिन आजाद भारत में हिन्दी की दशा एवं दिशा ज्यादा चिन्ताजनक बनी है। महात्मा गांधी ने अपनी अन्तर्वेदना प्रकट करते हुए कहा था कि भाषा संबंधी आवश्यक परिवर्तन अर्थात हिन्दी को लागू करने में एक दिन का विलम्ब भी सांस्कृतिक हानि है। मेरा तर्क है कि जिस प्रकार हमने अंग्रेज लुटेरों के राजनैतिक शासन को सफलतापूर्वक समाप्त कर दिया, उसी प्रकार सांस्कृतिक लुटेरे रूपी अंग्रेजी को भी तत्काल निर्वासित करें ह्न हिन्दी के लिये इस तरह का दर्द, संवेदना एवं अपनापन हर नागरिक में जागना जरूरी है।

वर्तमान में हिन्दी की दयनीय दशा देखकर मन में प्रश्न खड़ा होता है कि कौन महापुरुष हिन्दी को प्रतिष्ठित करने का प्रयत्न करेगा? हिन्दी राष्ट्रीयता एवं राष्ट्र का प्रतीक है, उसकी उपेक्षा एक ऐसा प्रदूषण है, एक ऐसा अंधेरा है जिससे छांटने के लिये ईमानदार प्रयत्न करने होंगे। क्योंकि हिन्दी ही भारत को सामाजिक-राजनीतिक-भौगोलिक और भाषायिक दृष्टि से जोड़नेवाली भाषा है। हिंदी को दबाने की नहीं, ऊपर उठाने की आवश्यकता है। राष्ट्र भाषा सम्पूर्ण देश में सांस्कृतिक और भावात्मक एकता स्थापित करने का प्रमुख साधन है। भारत का परिपक्व लोकतंत्र, प्राचीन सभ्यता, समृद्ध संस्कृति तथा अनूठा संविधान विश्व भर में एक उच्च स्थान रखता है, उसी तरह भारत की गरिमा एवं गौरव की प्रतीक राष्ट्र भाषा हिन्दी को हर कीमत पर विकसित करना हमारी प्राथमिकता होनी ही चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासन में हिन्दी को राजभाषा एवं राष्ट्रभाषा के रूप में स्कूलों, कॉलेजों, अदालतों, सरकारी कार्यालयों और सचिवालयों में कामकाज एवं लोकव्यवहार की भाषा के रूप में प्रतिष्ठा मिलनी चाहिए। हालांकि इंटरनेट के बढ़ते इस्तेमाल ने हिंदी भाषा के भविष्य के संबंध में नई राहें दिखाई है। गूगल के अनुसार भारत में अंग्रेजी भाषा में जहाँ विषयवस्तु निर्माण की रफ्तार 19 फीसदी है तो हिंदी के लिए ये आंकड़ा 94 फीसदी है। इसलिए हिंदी को नई सूचना-प्रौद्योगिकी की जरूरतों के मुताबिक ढाला जाए तो ये इस भाषा के विकास में बेहद उपयोगी सिद्ध हो सकता है। इसके लिए सरकारी और गैर सरकारी संगठनों के स्तर पर तो प्रयास किए ही जाने चाहिए, निजी स्तर पर भी लोगों को इसे खूब प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। बात चाहे राष्ट्र भाषा की हो या राष्ट्र गान या राष्ट्र गीत- इन सबको समूचे राष्ट्र में सम्मान एवं स्वीकार्यता मिलनी चाहिए। कुछ राजनीतिज्ञ अपना उल्लू सीधा करने के लिये भाषायी विवाद खड़े करते रहे हैं और वर्तमान में भी कर रहे हैं। यह देश के साथ मजाक है। जब तक राष्ट्र के लिये निजी-स्वार्थ को विसर्जित करने की भावना पुष्ट नहीं होगी, राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक उन्नयन एवं सशक्त भारत एवं विकसित भारत का नारा सार्थक नहीं होगा। हिन्दी को सम्मान एवं सुदृढ़ता दिलाने के लिये केन्द्र सरकार के साथ-साथ प्रांतों की सरकारों को संकल्पित होना ही होगा। नरेन्द्र मोदी ने विदेशों में हिन्दी की प्रतिष्ठा के अनेक प्रयास किये हैं, लेकिन उनके शासन में देश में यदि हिन्दी को राजभाषा एवं राष्ट्रभाषा के रूप में प्रतिष्ठापित नहीं किया जा सका तो भविष्य में इसकी उपेक्षा के बादल घनघोर ही होंगे, यह एक दिवास्वप्न बनकर रह जायेगा। हाल में कर्नाटक एवं तमिलनाडू में हिन्दी विरोध की स्थितियां उग्र बनी। हिन्दी का हर दृष्टि से इतना महत्व होते हुए भी दक्षिण भारत में इसकी इतनी उपेक्षा क्यों? क्षेत्रीय भाषा के नाम पर हिन्दी की अवमानना एवं उपेक्षा के दृश्य उभरते रहे हैं, लेकिन प्रश्न है कि हिन्दी को इन जटिल स्थितियों में कैसे राष्ट्रीय गौरव प्राप्त होगा। भाषायी संकीर्णता न राष्ट्रीय एकता के हित में है और न ही




प्रान्त के हित में। प्रान्तीय भाषा के प्रेम को इतना उभार देना, जिससे राष्ट्रीय भाषा के साथ टकराहट पैदा हो जाये, यह देश के लिये उचित कैसे हो सकता है? दरअसल बाजार और रोजगार की बड़ी संभावनाओं के बीच हिंदी विरोध की राजनीति को अब उतना महत्व नहीं मिलता, क्योंकि लोग हिंदी की ताकत को समझते हैं। पहले की तरह उन्हें हिंदी विरोध के नाम पर बरगलाया नहीं जा सकता।

हिन्दी भाषा का मामला भावुकता का नहीं, ठोस यथार्थ का है, राष्ट्रीयता का है। हिन्दी विश्व की एक प्राचीन, समृद्ध तथा महान भाषा होने के साथ ही हमारी राजभाषा भी है, यह हमारे अस्तित्व एवं अस्मिता की भी प्रतीक है, यह हमारी राष्ट्रीयता एवं संस्कृति की भी प्रतीक है। भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति से आक्सीजन लेने वाले दल एवं नेता भी अंग्रेजी में दहाड़ते देखे गये हैं। राजनेता बात हिन्दी की करते हैं, पर उनका दिमाग अंग्रेजीपरस्त है, क्या यह अन्तर्विरोध नहीं है? हिन्दी को वोट मांगने और अंग्रेजी को राज करने की भाषा बनाना हमारी राष्ट्रीयता का अपमान नहीं हैं? कुछ लोगों की संकीर्ण मानसिकता है कि केन्द्र में राजनीतिक सक्रियता के लिये अंग्रेजी जरूरी है। महात्मा गांधी ने सही कहा था कि राष्ट्र भाषा के बिना राष्ट्र गूंगा है ह्न यह कैसी विडम्बना है कि जिस भाषा को कश्मीर से कन्याकुमारी तक सारे भारत में समझा जाता हो, उसकी घोर उपेक्षा हो रही है, हिन्दी दिवस पर इन त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण स्थिति को नरेन्द्र मोदी सरकार कुछ ठोस संकल्पों एवं अनूठे प्रयोगों से दूर करने के लिये प्रतिबद्ध हो, हिन्दी को मूल्यवान अधिमान दिया जाये। ऐसा होना हमारी सांस्कृतिक परतंत्रता से मुक्ति का एक नया इतिहास होना।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए सुख-सुविधाओं को बढ़ाने वाला रहेगा। नौकरी में आपको अच्छा लाभ मिलने की संभावना है। आपका ध्यान यदि किसी योजना में अटका हुआ था, तो उसके आपको मिलने की संभावना है। आप सरकारी कामों का पूरा लाभ उठाएंगे। आप अपने सहकर्मियों से अच्छी बात रखेंगे। आपको किसी सामाजिक उत्सव में सम्मिलित होने का मौका मिल सकता है। आप किसी सरप्राइज पार्टी को करने की योजना बना सकते हैं।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको किसी कानूनी मामले में सावधान रहने की आवश्यकता है। किसी प्रॉपर्टी की खरीदारी करना आपके लिए बेहतर रहेगा, लेकिन कोई डील फाइनल करने से पहले बड़े सदस्यों की राय अवश्य लें। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आप अपने दोस्तों के साथ कुछ समय मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे, जिससे आपको यदि कोई समस्या चल रही थी, वह भी दूर होगी।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए कुछ नए कामों को करने के लिए रहेगा। आपके मन में नई-नई योजनाएं आएंगी जो आपके लिए अच्छी रहेंगी। कोई अधूरा पड़ा काम पूरा हो सकता है। सामाजिक कार्यों की ओर आपका काफी रुझान रहेगा। नौकरी में कार्यरत लोगों को अपने बॉस के कोई बात बुरी लग सकती है। कार्यक्षेत्र में आपकी कोई बात किसी सहयोगी को बुरी लग सकती है। बिजनेस में आप किसी काम में हाथ डालेंगे, तो उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। जीवनसाथी से आप कुछ कामों को लेकर सलाह ले सकते हैं।

कर्क- आज का दिन आपके लिए अच्छा लाभ लेकर आने वाला है। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आज आप किसी महत्वपूर्ण चर्चा में सम्मिलित हो सकते हैं। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के कामों में उनके विरोधी कुछ रोड़ा अटकाने की कोशिश करेंगे। आप दोस्तों के साथ कहीं घूमने फिरने जा सकते हैं। जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। आपको यदि किसी काम को लेकर कोई टेंशन चल रही थी, तो वह भी दूर होगी।

सिंह- आज का दिन आपके लिए आध्यात्म के कार्य से जोड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। आपको कुछ नए इनकम के सोर्स मिलेंगे। आपका मन इधर-उधर के कामों में ज्यादा लगेगा। नौकरी में कार्यरत लोगों को यदि किसी काम को लेकर कोई समस्या आ रही थी, तो आप अपने अधिकारियों से बातचीत कर सकते हैं। आप जीवनसाथी के लिए कोई महंगा गिफ्ट लेकर आ सकते हैं। आपको अपनी संतान के ऊपर कुछ जिम्मेदारी डालनी होगी, तभी वह कुछ सीख पाएंगे।

कन्या- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप अपनी जरूरत पर पूरा ध्यान दें। विदेशों से व्यापार कर रहे हैं लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। यदि आप किसी प्रॉपर्टी का सौदा करने जा रहे हैं, तो उसके चल अचल पहलुओं को स्वाधीनता से जांचना होगा। आप आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। आपकी किसी नए काम के प्रति रुचि जागृत हो सकती है। घूमने फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आपको कोई लेनदेन सावधान रहकर करने की आवश्यकता है।

तुला- आज का दिन आपके लिए छोटे-मोटे लाभ की योजना पर पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा। आप अपने किसी बड़े प्रोजेक्ट की शुरूआत कर सकते हैं। पार्टनरशिप में काम करना आपके लिए अच्छा रहेगा। माता-पिता का आशीर्वाद आपको भरपूर सहयोग मिलेगा। आपके लंबे समय से रुके हुए कामों पर आपको अपनी नजर बनानी होगी, तभी उसे पूरा करने की सोचेंगे। आप अपने जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जाने का प्लान बनाएंगे और आपको यदि कोई इंफेक्शन आदि चल रहा है, तो उसके लिए आपको किसी अच्छे डॉक्टर से परामर्श लेने की आवश्यकता है, नहीं तो वह बढ़ सकता है।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए सामाजिक कार्यों में हिस्सा लेने के लिए रहेगा। आपकी साख चारों ओर फैलेगी। आपको किसी दूर रहने वाले परिजन से फोन कॉल के जरिए कोई शुभ सूचना सुनने को मिल सकती है। आप किसी की कहासुनी बातों में न आए, नहीं तो कार्यक्षेत्र में आपका कोई बेवजह का लड़ाई झगड़ा होने की संभावना है। आप अपने कामों को लेकर किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। आपके वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करना होगा, नहीं तो कोई दुर्घटना होने की संभावना है।

धनु- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको किसी प्रकार का कोई जोखिम उठाने से बचना होगा। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आप कोई जरूरी जानकारी शेयर ना करें। आपकी माताजी आपसे किसी बात को लेकर नाराज रहेंगी। यदि ऐसा हो, तो आप उन्हे मनाने की कोशिश करेंगे। आप अपनी किसी पुरानी गलती को लेकर परेशान रहेंगे। आपको किसी दूसरी नौकरी का ऑफर आने की संभावना है। विद्यार्थियों को बौद्धिक व मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा।

मकर- आज का दिन आपके लिए साख सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा। आपको तेज वाहनों के प्रयोग से सावधान रहना होगा। आप अपने रोजमर्रा के कामों में कोई बदलाव न करें। जीवनसाथी से यदि कोई अनबन चल रही है, तो आप उसे बातचीत के जरिए दूर करने की कोशिश करेंगे। आपको शेयर मार्केट से भी अच्छा लाभ मिलने की संभावना है। आप अपनी जिम्मेदारियां में ढील न दें। आप अपनी व्यवहार से कुछ नए मित्र बनाने में कामयाब रहेंगे। बिजनेस को लेकर आप कोई महत्वपूर्ण कदम उठा सकते हैं।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको खान-पान पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। बिजनेस कर रहे लोगों के लिए दिन अच्छा रहने वाला है, लेकिन नौकरी में कार्यरत लोगों को अपने कामों पर पूरा ध्यान देना होगा, क्योंकि आपके कामों में कोई गलती निकल सकती है। आपको महिला मित्रों से का पूरा साथ मिलेगा। आपकी माताजी से किसी बात को लेकर खटपट रहेगी। आपको जल्दबाजी में किसी काम को करने से गलती हो सकती है। किसी धार्मिक कार्यक्रम में आप सम्मिलित हो सकते हैं।

मीन- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपको यदि किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का मौका मिले, तो अवश्य करें। आप अपने घर के रिनोवेशन पर भी अच्छा खासा धन खर्च करेंगे। जीवनसाथी को आप कहीं घूमाने लेकर जा सकते हैं। यदि आपको कोई शारीरिक कष्ट चल रहा था, तो आप उसे नजरअंदाज ना करें।

व्यंग्य

# चमत्कारी बेल

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'



तांत्रिक बाबा ने बड़े इत्मीनान से समझाया, चौधरी साहब, बीमारी और सेहत आदमी के खाने-पीने और जीने के तरीके में होती सै। जब आदमी अच्छा खाना खाता सै और सुद्ध जीवन जीता सै, तो बीमारियां पास नहीं आती। ये बेल मैंने खासकर उन लोगों के लिए बनाई सै, जो खाने में लापरवाही करते हैं। इसे खाने से आदमी के शरीर में ताकत आती सै और बीमारियां दूर भाग जाती हैं। इस बेल को चबाने से शरीर में सुद्ध हवा जाती सै, जो शरीर को तंदुरुस्त रखती सै। यही इस बेल का कमाल सै। दरबार में हलचल मच गई। लाले और फौजी उठ-उठकर बेल को देखने लगे। चौधरी साहब ने खुश होकर कहा, मने ना पता था कि हमारे गांव में ऐसे करामाती बाबा भी हैं। बाबा, हम आपके बहुत शुक्रगुजार हैं। आपने हमारी बड़ी परेशानी हल कर दी। इस बीमारी से हम बहुत परेशान थे। मगर अब हमें लाखों नहीं, करोड़ों बेल चाहिए। हम गांव की तरफ से बेल बनाने का कारखाना खोल देते हैं। आप इसके जनरल मैनेजर बन जाइए और अपनी देखरेख में बढ़िया बेल बनवाइए। फौजी ने मशविरा दिया, साहब, गांव क्यों इस झंझट में पड़े? मेरा तो मशविरा सै कि बाबा को ठेका दे दिया जाए। वे अपनी मंडली से बेल बनवाकर हमें सप्लाई कर देंगे। चौधरी साहब को ये मशविरा पसंद आया। तांत्रिक बाबा को बेल बनाने का ठेका दे दिया गया। उसी वक्त उन्हें पांच लाख रुपये कारखाना खोलने के लिए एडवांस मिल गए। गांव के लोगों में ये खबर फैल गई कि करामाती बेल का कारखाना खुल गया सै। गांव भर के लोग खुश थे। एक दिन चौधरी साहब की उत्सुकता जागी। उन्होंने सोचा, देखूं तो ये बेल कैसे काम करती सै।

वह भेष बदलकर गांव के एक चौपाल में गए। वहां पर उन्होंने देखा कि कुछ लोग इस बेल का इस्तेमाल कर रहे हैं। वह बड़े खुश हुए। लेकिन कुछ दिनों बाद, जब वही लोग फिर से बीमार पड़ गए, तो चौधरी साहब ने सोचा कि आखिर ये बेल तो काम कर रही थी, फिर ये लोग कैसे बीमार हो गए? उन्होंने उस बेल को फिर से देखा और पाया कि बेल में से धीरे-धीरे कुछ आवाजें आ रही थीं—अरे, अब तो आराम कर ले। ये बेल कब तक काम करेगी?

## समाज सेवा और राजनीतिक नेतृत्व में उल्लेखनीय कार्य

श्रीमती अनु भसीन, समाजसेवी एवं राजनीतिक नेता, ने अपने जीवन के कई दशकों को समाज सेवा और जनकल्याण में समर्पित किया है। उन्होंने अपने सामाजिक और राजनीतिक सफर के दौरान अनेकों उपलब्धियाँ हासिल की हैं। अपने राजनीतिक सफर की शुरूआत में, श्रीमती भसीन को भाजपा महिला मोर्चा जम्मू-कश्मीर में नेतृत्व करने का अवसर प्राप्त हुआ, जहाँ उन्होंने महिलाओं के अधिकारों के लिए आवाज उठाई। इसके बाद, 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान की सदस्य के रूप में, उन्होंने कई बेटियों की शिक्षा में सहयोग किया। उन्होंने विद्यालय और कॉलेज में पढ़ने वाली लड़कियों को छात्रवृत्ति दिलवाने के साथ ही, गरीब बेटियों की शादियों के लिए राशन जैसी जरूरतें पूरी कीं। श्रीमती भसीन ने पहाड़ी एडवाइजरी बोर्ड की सदस्य के रूप में भी अहम भूमिका निभाई, जहां उन्होंने अनुसूचित जनजाति के लोगों के अधिकार सुनिश्चित करवाए और उनके प्रमाणपत्र बनवाने में मदद की। सीमांत क्षेत्रों में गोलाबारी के दौरान विस्थापित लोगों की मदद के लिए उन्होंने शिविरों और स्कूलों में आश्रय की व्यवस्था करवाई, साथ ही राशन और जरूरतमंदों की सहायता हेतु फंड्स जुटाए। कई



बीमार लोगों को आर्थिक मदद दिलवाने और प्रधानमंत्री निधि से सहायता प्राप्त करने में भी उन्होंने अहम योगदान दिया। 2018 में नगरपार्षद के चुनावों में अपने वार्ड से निर्विरोध चुनी गईं श्रीमती भसीन ने 'प्रधानमंत्री आवास योजना' के तहत कई घर बनवाए। कोविड-19 महामारी के दौरान, उन्होंने अपने वार्ड के घरों में सैनिटाइजेशन, प्रवासी मजदूरों को राशन वितरण और उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित की। जनसंख्या नियंत्रण के लिए 'जनसंख्या समाधान फाउंडेशन' में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के रूप में कार्यरत श्रीमती भसीन 'नशा मुक्ति अभियान' की जम्मू-कश्मीर में रिसोर्स पर्सन हैं। उन्होंने अनेक स्कूलों और कॉलेजों में नशा मुक्ति पर जागरूकता फैलाने का कार्य किया और युवाओं की काउंसलिंग करवाई, जिससे इलाके में सकारात्मक बदलाव देखने को मिले।

(हिंदी दिवस विशेष)

# मातृभाषा हमें सामाजिक और सांस्कृतिक ताने-बाने से जोड़ती है

डॉ सत्यवान सौरभ



केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हाल ही में स्कूल और उच्च शिक्षा दोनों में ₹बड़े पैमाने पर परिवर्तनकारी सुधार₹ लाने के लिए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को मंजूरी दी। देश के लिए नई शिक्षा नीति लगभग 34 वर्षों के बाद आई है। यह मौजूदा शिक्षा प्रणाली के लिए कुछ नया लेकर आई है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में कक्षा 5 तक की शिक्षा के माध्यम के रूप में घरेलू भाषा, मातृभाषा या क्षेत्रीय भाषा बनाने का निर्णय है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह राष्ट्र निर्माण में दीर्घकालिक प्रभाव पैदा कर सकता है। मातृभाषा या क्षेत्रीय भाषा में स्कूली शिक्षा प्रदान करना मानव संसाधन विकास की चल रही प्रक्रिया में भारी बदलाव ला सकता है।

विश्लेषकों का मानना है कि क्षेत्रीय भाषाएं मानवीय मूल्यों और भावनाओं को बढ़ाने में मदद करती हैं और मातृभाषा सीखने से भविष्य की पीढ़ियों को अपने सामाजिक और सांस्कृतिक ताने-बाने के साथ संबंध बनाने में मदद मिलेगी। एक बच्चे की मातृभाषा में प्रारंभिक स्कूलिंग, जैसा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में सिफारिश की गई है, सीखने में सुधार कर सकती है, छात्र की भागीदारी को बढ़ा सकती है और दुनिया भर के बोझ को कम कर सकती है. हालांकि, इसके लिए नई पुस्तकों, नए शिक्षक प्रशिक्षण और अधिक धन की आवश्यकता होगी, इसके अलावा, भारत में भाषाओं और बोलियों की बहुलता को देखते हुए, यह उस क्षेत्र में एक निर्देश के माध्यम के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है जिस पर अन्य भाषाओं में काम करना मुश्किल है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) कहती है कि ग्रेड ४ तक स्कूलों में शिक्षा का माध्यम जहां भी संभव हो, आठवीं कक्षा तक, मातृभाषा या स्थानीय या क्षेत्रीय भाषा होनी चाहिए। ₹यह सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास जल्दी किए जाएंगे ताकि बच्चे द्वारा बोली जाने वाली भाषा और शिक्षण के माध्यम के बीच कोई अंतराल न रहे। प्रारंभिक स्कूल के वर्षों में बच्चे को सबसे अधिक आरामदायक भाषा का उपयोग करना इसकी स्कूली उपस्थिति और सीखने के परिणामों में सुधार करता है। दुनिया भर के अध्ययनों से यह भी पता चलता है कि यह कक्षा की भागीदारी को बढ़ाता है, ड्रॉपआउट और ग्रेड पुनरावृत्ति की संख्या को कम करता है।

यह उन्हें सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान से परिचित कराने का अवसर भी प्रदान करता है। ऐसा होने के बावजूद निम्न और मध्यम आय वाले देशों के सभी बच्चों को उनके द्वारा बोली जाने वाली भाषा में पढ़ाया नहीं जाता है। आज के अभिभावक अपने बच्चों को-इंग्लिश-मीडियम स्कूलों में भेजना पसंद करते हैं, भले ही वे शिक्षा की गुणवत्ता की परवाह किए बिना यह मानते हों कि अंग्रेजी भाषा की महारत बाद के जीवन में सफलता सुनिश्चित करती है। भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में निजी स्कूलों में दाखिला लेने वाले और शहरी क्षेत्रों में 19.3% लोगों में से लगभग 14% ने एक निजी स्कूल चुना।

क्योंकि वहां अंग्रेजी शिक्षा का माध्यम था। विशेषज्ञों का तर्क है कि एक अंग्रेजी शिक्षा हमेशा सबसे अच्छी नहीं होती है। कोई भी उस भाषा में सबसे अच्छा पढ़ना और लिखना सीख सकता है जिसे आप पहले दिन से जानते हैं। अच्छी शिक्षा तब होती है जब बच्चों में उच्च आत्म-सम्मान होता है, उन्हें कक्षा में अच्छी तरह से समायोजित किया जाता है जो एक सकारात्मक और भयमुक्त वातावरण प्रदान करता है। यदि बच्चे को ऐसी भाषा में पढ़ाया जाता है जो उन्हें समझ में नहीं आता है, तो इसमें से कुछ भी नहीं होगा। ग्रामीण भारत में, ग्रेड कमें नामांकित केवल 16.2% बच्चे ही ग्रेड क-स्तर का पाठ पढ़ सकते हैं, जबकि केवल 39.5% ही एक-अंकीय संख्याओं को जोड़ सकते हैं। 2011 की जनगणना ने 270 मातृभाषाओं को सूचीबद्ध किया; इनमें से, अध्ययन के अनुसार, 47 भाषाओं को भारतीय कक्षाओं में शिक्षा के माध्यम के रूप में इस्तेमाल किया गया था। लेकिन हम कम सीखने के परिणामों की समस्या को हल करने के लिए मातृभाषा में पढ़ाना कोई एकमात्र विकल्प भी नहीं मान सकते है। बहुभाषी शिक्षा के सफल होने के लिए शैक्षणिक परिवर्तन और प्रशिक्षित शिक्षकों का होना चाहिए जो कक्षा में कई भाषाओं से निपट सकते हैं और बच्चे की मातृभाषा में पढ़ा सकते हैं।

प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा के माध्यम के रूप में मातृभाषा का उपयोग करने का विचार भारतीय शिक्षा प्रणाली के लिए नया नहीं है। संविधान का अनुच्छेद 350अ कहता है कि प्रत्येक राज्य और स्थानीय प्राधिकरण को ₹भाषाई अल्पसंख्यक समूहों से संबंधित बच्चों को शिक्षा के प्राथमिक चरण में मातृभाषा में शिक्षा के लिए पर्याप्त सुविधाएं₹ प्रदान करने का प्रयास करना चाहिए। शिक्षा और राष्ट्रीय विकास (1964-66) पर कोठारी आयोग की रिपोर्ट ने सुझाव दिया कि आदिवासी क्षेत्रों में, स्कूल के पहले दो वर्षों के लिए, निर्देश और पुस्तकों का माध्यम स्थानीय जनजातीय भाषा में होना चाहिए। क्षेत्रीय भाषा को अलग से पढ़ाया जाना चाहिए और तीसरे वर्ष तक शिक्षा का माध्यम बनना चाहिए। शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 ने यह भी कहा कि जहां तक संभव हो, स्कूल में शिक्षा का माध्यम बच्चे की मातृभाषा होना चाहिए। भारत में कई भाषाएं हैं, 2011 की जनगणना में 270 मातृभाषाओं की पहचान की गई और कक्षाओं में एक से अधिक बोली जाने वाली भाषा वाले बच्चे हो सकते हैं।

सभी भाषाओं के लिए शिक्षा का माध्यम बनना संभव नहीं हो सकता है और देश के बड़े हिस्सों में इसे लागू करना संभव नहीं हो सकता है। द्विभाषी कार्यक्रमों में प्रारंभिक निवेश उच्चतर हो सकता है क्योंकि नई शिक्षण सामग्री को विकसित करने की अतिरिक्त लागत के लिए विशेष रूप से उन भाषाओं के लिए जिन्हें मानकीकृत नहीं किया गया है या जिनके पास स्क्रिप्ट नहीं है। इसके लिए बहुभाषी कक्षा में पढ़ाने के लिए प्रशिक्षित शिक्षकों और इन भाषाओं में धाराप्रवाह नए शिक्षकों की आवश्यकता होगी। चूंकि शिक्षा एक समवर्ती विषय है, इसलिए अधिकांश राज्यों के अपने स्कूल बोर्ड हैं। इसलिए, राज्य सरकारों को इस फैसले के वास्तविक कार्यान्वयन के लिए आगे आना होगा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य हर छात्र के शैक्षिक और सह-शैक्षिक डोमेन में सर्वांगीण विकास करना है और छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को शिक्षित करने पर जोर दिया गया है ताकि वे राष्ट्र की सेवा करने की अपनी क्षमता का पोषण कर सकें। लगभग तीन-चार वर्षों के लिए देश भर के कुछ स्कूलों में नए मॉडल की कोशिश करना, कार्यान्वयन में आने वाली समस्याओं की पहचान करना और परिवर्तन की लागत और फिर इन समस्याओं को हल करने वाली कार्य योजना तैयार करना है। इस से आसान और सुलभ तरीके प्रदान करके विभिन्न ज्ञान धाराओं के बीच पदानुक्रम और बाधाओं को दूर करने में बेहद फायदेमंद साबित होगी। मातृभाषा में पढाई वैचारिक समझ के आधार पर एक घरेलू प्रणाली के साथ सीखने और परीक्षा-आधारित शिक्षा की रट विधि को बदलने में मदद करेगा। जिसका उद्देश्य छात्र के अपनी भाषा में ज्ञानात्मक कौशल को सुधारना है, ताकि वह अन्य भाषाओं के बोझ तले न दब सके और चाव से अपनी प्राथमिक शिक्षा को पूर्ण कर सके। इस हिंदी दिवस पर हमें इस बात को जोर-शोर से प्रचारित करना चाहिए ताकि अभिभावक अपने बच्चों पर बेवजह का दबाव बनाकर उन्हें मात्रा इंग्लिश मीडियम में भेजने का धक्का न करें। हमें इस धारणा को तोड़ना होगा जिसमें फंसकर आज के अभिभावक अपने बच्चों को-इंग्लिश-मीडियम स्कूलों में भेजना पसंद करते हैं, भले ही वे शिक्षा की गुणवत्ता की परवाह किए बिना यह मानते हों कि अंग्रेजी भाषा की महारत बाद के जीवन में सफलता सुनिश्चित करती है।

# शहर की सड़कों में जगह-जगह गड्ढे,आए दिन लोग हो रहे दुर्घटना का शिकार

## बेफिक्र हैं अधिकारी, जनप्रतिनिधि, जनता की परेशानी से किसी को कोई सरोकार नहीं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 12 सितंबर।** माई दंतेश्वरी की पावन नगरी शक्तिपीठ दंतेवाड़ा शहर की मुख्य सड़क हो या आउट साईड सड़क हर जगह सड़कों पर गढ्ढे ही गढ्ढे दिखाई पड़ते हैं। इन गढढों की वजह से आए दिन किसी न किसी जगह पर लोग दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। नगर की जनता भी अब इन गढ्ढों से त्रस्त हो चुकी है और पुछ रही है कि महोदय आखिर कब इन गढ्ढों को भरा जाएगा? क्या किसी बड़े हादसे का किया जा रहा है इंतजार?

हर छोटे से छोटे सामानों पर सरकार को टैक्स देने वाली देश की जनता जर्नादन के चौखट पर नेता साल में एक बार चुनाव के वक्त हाथ जोड़े दस्तक देते हैं जनता को हर सहुलियत देने का वादा करते हैं और वोट हासिल कर सत्ता की कुर्सी पर 5 साल के लिए ठाठ से काबिज हो जाते हैं। उसके बाद जनता की परेशानी क्या है उन्हें किन समस्याओं से गुजरना पड रहा है इससे उन्हें कोई सरोकार नहीं होता। जनप्रतिनधि के सुस्त हो जाने से अधिकारी भी बेफिक्र हो जाते हैं। दरअसल बात यहां शहर की खराब खस्ता हाल हो चुकी सडक को लेकर है। मुख्य सड़की को देख लें या फिर आउट साइडेड सड़क हर जगह बड़े बड़े गढ्ढे नगर की पहचान बन चुकी है। गीदम से लेकर बचेली तक सड़क बनाने का ठेका सालों पहले हो चुका है मगर ठेकेदार की ठसक व ठसन के आगे सरकार व प्रशासन भी बेबस नजर आ रहे है नतीजा जनता त्राहिमाम कर रही है। दंतेवाड़ा से बचेली जाने में सैकड़ों गढढे आते हैं हिचकोले खाते पहुच गए तो किस्मत है। बात अगर नगर के आउट साइड सड़कों के हाल की कि जाए तो गायत्री मंदिर चौक से लेकर पुराने साप्ताहिक बाजार चौक तक करीब दो साल पूर्व सड़क में डामरीकरण का काम हुआ था जो अब पूरी तरह से खराब हो चुका है। बता दें कि इसी मार्ग पर स्वामी आत्मानंद हाईस्कूल है, जिला अस्पताल है, इंडोर स्टेडियम है, बिजली कार्यालय है, हाईस्कूल मैदान है, छोटे बच्चों का नर्सरी स्कूल व नगर का इकलौता राधा कृष्ण जी का मंदिर भी है। इस लिहाज से बहुत ही ज्यादा व्यस्ततम मार्ग है यह और इस मार्ग के सड़क का हाल बहुत ही बेहाल है। लाखों खर्च कर सड़क में डामर बिछाया जाता है जो साल भर भी नहीं टिक पाता। आज स्थिति यह है कि इस मार्ग पर गायत्री मंदिर चौक से लेकर राधा कृष्ण मंदिर तक कुल 4 से 5 जगह पर बड़े बड़े गढढे बन गए हैं हैं जो किसी बड़े हादसे को आमंत्रित कर रहे हैं अगर इसे जल्द नहीं भरा जाता है तो जानमाल का बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है। बस स्टेंड की बात करें तो यहां भी करीब 9 माह पूर्व जनवरी में डामरीकरण का कार्य हुआ था जो अब पूरी तरह से खराब हो चुका है बस स्टेंड परिसर के अंदर तरफ दो से तीन जगह पर बड़े गढढे गए हैं जहां अक्सर लोग बाईक स्कूटी फंसने से गिरते रहते हैं। कई बार पालिका को शिकायत की गई गढढों में वेस्ट चुना लाकर भरा भी गया मगर बात नहीं बनी जब भी बारिश होती है गढढे में पानी भर जाता है जिससे गढढा दिखता नहीं और लोग धोखे में आकर उस गढढे में वाहन समेत जाकर गिर जाते हैं खासकर सबसे ज्यादा दिक्कत महिला स्कूटी चालकों को होती है स्कूटी का चक्का छोटा होता है इस वजह से गढढे में चक्का घुसने के बाद अनबैलेंस होकर महिलाएं अक्सर वहां गिरती रहती हैं। शहर की जनता अब सड़कों की खस्ताहाल से अत्यधिक परेशान हो चुकी है और बेफिक्र होकर सो रहे अपने नेता व अधिकारियों से पुछ रही है कि साहब, माई-बाप आखिर कब भरोगे इन गढढों को।

## एक नजर

### राजस्व एवं आदिवासी विभाग में डाटा एन्ट्री ऑपरेटर एवं स्टेनो टायपिस्ट के लिए परीक्षा 29 सितम्बर को

**गरियाबंद 12 सितंबर।** राजस्व विभाग एवं आदिवासी विकास विभाग जिला प्रशासन गरियाबंद द्वारा तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के विभिन्न पदों में भर्ती के लिए जून 2023 में आवेदन आमंत्रित किया गया था। इसके अंतर्गत सहायक ग्रेड-03 स्टेनो टायपिस्ट, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर, वाहन चालक, भृत्य, प्रोसेस सर्वर, अर्दली, चौकीदार, फर्राश एवं स्वीपर के रिक्त पदों में भर्ती के लिए आवेदन मंगाया गया था। आवेदन पश्चात दो चरणों में दावा -आपत्ति आमंत्रित कर प्राप्त दावा-आपत्ति का निराकरण किया गया था। इसी क्रम में भर्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए उक्त पदों पर भर्ती के लिए परीक्षा कैलेण्डर जारी किया गया है। साथ ही परीक्षा के लिए सिलेबस भी जारी किया गया है। राजस्व विभाग अंतर्गत प्रथम चरण में स्टेनो टायपिस्ट एवं आदिवासी विकास विभाग अंतर्गत डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के लिए परीक्षा 29 सितम्बर 2024 को सुबह 9 बजे से 11 बजे तक आयोजित की जायेगी। इसका परीक्षा परिणाम 03 अक्टूबर को घोषित किया जायेगा। कौशल परीक्षा 07 अक्टूबर को ली जायेगी। तत्पश्चात अंतिम चयन सूची दस्तावेज सत्यापन 08 अक्टूबर को किया जायेगा। द्वितीय चयण में वाहन चालक, तृतीय चरण में सहायक ग्रेड-03 एवं चतुर्थ चरण में चतुर्थ श्रेणी के पदों के लिए परीक्षा आयोजित की जायेगी। उक्त चरणों का परीक्षा तिथि पृथक से जारी की जायेगी। अपर कलेक्टर गरियाबंद ने बताया कि उपरोक्तानुसार दावा-आपत्ति निराकरण सूची, विस्तृत चयन प्रक्रिया तथा लिखित परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम एवं संभावित परीक्षा तिथि के अद्यतन जानकारी के लिए जिला कार्यालय गरियाबंद के सूचना पटल एवं गरियाबंद जिले के आधिकारिक वेबसाईट का अवलोकन किया जा सकता है।

### स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, कोर्ट के 100 मीटर में लाउडस्पीकर बजाने पर यंत्रों को किया जायेगा जब्त

**गरियाबंद 12 सितंबर।** ध्वनि प्रदुषण से आम लोगों को राहत देने राज्य शासन द्वारा ध्वनि प्रदुषण रोकथाम के संबंध में नया निर्देश जारी किये गये हैं। इसके तहत माननीय सर्वोच्च एवं उच्च न्यायालय के आदेशों के परिपालन में सकारात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। जारी निर्देशानुसार किसी भी वाहन में साउंड बॉक्स रखकर डीजे बजाने पर साउंड बॉक्स जप्त कर वाहन का रिकार्ड रखने के निर्देश दिये गये है। जप्त साउंड बॉक्स को कलेक्टर के आदेश के बिना नहीं छोड़ा जायेगा। दूसरी बार पकड़े जाने पर वाहन का परमिट निरस्त किया जायेगा तथा माननीय उच्च न्यायालय के बिना उस वाहन को कोई भी नया परमिट जारी नहीं किया जायेगा। कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल ने शासन द्वारा जारी निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं पुलिस अधिकारियों को दिये है। शासन द्वारा जारी निर्देशानुसार जब भी शादियां, जन्मदिनों, धार्मिक-सामाजिक कार्यक्रमों में निर्धारित मापदण्डों से अधिक ध्वनि प्रदूषण होने पर लोगों की भावना की कद्र करते हुए नम्रतापूर्वक उन्हें माननीय उच्च न्यायालय के आदेश का पालन करने की अपील की जायेगी। अगर आयोजक विरोध करता है तो उसके विरूद्ध कोर्ट में कार्यवाही की जायेगी तथा इसके अतिरिक्त संबंधित अधिकारी आयोजक के विरूद्ध माननीय उच्च न्यायालय के आदेश का उल्लंघन करने पर अवमानना का प्रकरण उच्च न्यायालय में दायर करेंगे।

### पीटीआई ने घर बुलाकर छात्रा से की छेड़छाड़

**दंतेवाड़ा 12 सितंबर।** पौराणिक नगरी बारसुर में एक आदिवासी बालिका से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आत्मानंद स्कूल में पदस्थ एक खेल अधिकारी से जुड़ा मामला है।मिली जानकारी के अनुसार पीटीआई अजय सिंह जो गीदम का निवासी है उसने एक नाबालिग छात्रा को घर में काम करने के बहाने बुलाया। उसको बुरी नियत से छुआ उसके साथ छेड़खानी की। परिजन ने आदिवासी थाना में पाक्सो एक्ट और एट्रोसिटी के तहत मामला पंजीबद्ध करवाया है। आरोपी पीटीआई को पुलिस ने गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया जहां से कोर्ट ने आरोपी पीटीआई को जेल भेज दिया है। बताया जा रहा है पीटीआई अजय सिंह ने कबड्डी की खिलाड़ी छात्रा को अपने घर में बुलाया। उसके साथ अश्लीलता करने लगा और उसको बुरी नियत से पकड़ लिया। पीटीआई की करतूत देख जब वह रोने लगी तो पीटीआई ने छोड़ दिया लेकिन उसने छात्रा को धमकी दी। नाबालिग छात्रा से बोला यदि किसी को भी बताया तो भविष्य बर्बाद कर देगा। छात्रा बुरी तरह से सहम गई। वह छुट्टी लेकर अपने घर गई। उसने अपने माता पिता को आप बीती पूरी बात बताई। इसके बाद परिजन ने आदिवासी थाना में लिखित में शिकायत की। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया।





**भोपाल पटनम 12 सितंबर।** भारी बारिश की वजह से तीन दिनो से बंद राष्ट्रीय राज्य मार्ग मंगलवार से बारिश के थमने से आज सुबह से तेलंगाना हैदराबाद मार्ग शुरु हो गया है तीन दिनो से फंसे सभी वाहन अपने गंतव्य की ओर रवाना हो गई है इसी के साथ छोटे बडे सभी वाहनों की आवाजाहीशुरू हो गई हैं बुधवार को मौसम पूरी तरह से साफ रहा इससे आमजीवन सामान्य हो गया है महाराष्ट्र सिरोंचा मार्ग भी मंगलवार से खुल जाने से नागपुर जाने वाले लोगों को भी काफी राहत मिल गई है हालांकि भारी बारिश से दोनों मार्ग क ई जगहों से छतिग्रस्त हो गई है तथापि वाहनों की आवाजाही जारी है और आम लोगों को काफी हद तक राहत मिल गई हैं।

# ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व की गरिमा के अनुरूप हो कार्यक्रमों का आयोजन:मुख्यमंत्री

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर 12 सितंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कल शाम यहां अपने निवास कार्यालय 75 दिन तक मनाये जाने वाले देश के ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व के सफल आयोजन के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक ली। उन्होंने इस दौरान बस्तर दशहरा पर्व की गरिमा के अनुरूप सफलतापूर्वक आयोजन के लिए सर्व संबंधितों को सौंपे गए दायित्व का कुशलतापूर्वक निर्वहन किये जाने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि 75 दिन तक चलने वाला बस्तर दशहरा पर्व हरेली अमावस्या के दिन पाट जात्रा पूजा विधान के साथ 4 अगस्त 2024 से शुरू हो गया है, जो कि 19 अक्टूबर 2024 तक मनाया जाएगा। यह दशहरा पर्व विभिन्न जनजातीय समुदायों की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक भावना का महत्वपूर्ण प्रतीक है। मुख्यमंत्री श्री साय को इस दौरान बस्तर दशहरा उत्सव समिति द्वारा इसमें तिथिवार विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के विषय में विस्तार से जानकारी दी गयी। जिसमें बताया गया कि ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व के दौरान 15 अक्टूबर 2024 को मुड़िया दरबार का आयोजन होगा। इसी तरह बस्तर दशहरा को भव्य रूप देने के लिए बस्तर मड़ई, सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स मीट, एक पेड़ बस्तर के देवी-देवताओं के नाम, बस्तर टूरिस्ट सर्किट, दसरा पसरा, नगरगुड़ी टेंट सिटी, टूरिज्म ट्रेवलर्स आपरेटर मीट, देव सराय, स्वच्छता पखवाड़ा जैसे विविध कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। बस्तर दशहरा पर्व में लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष यात्री बसों के संचालन के सम्बंध में भी चर्चा की गई। 04 अगस्त को पाट जात्रा पूजा विधान से शुरू हुए ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व 2024 के अंतर्गत 2 अक्टूबर को काछनगादी पूजा विधान, रेलामाता पूजा विधान। 5 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक प्रतिदिन नवरात्रि पूजा विधान, रथ परिक्रमा पूजा विधान। 12 अक्टूबर को मावली परघाव विधान, 15 अक्टूबर को काछन जात्रा पूजा विधान और मुरिया दरबार, 16 अक्टूबर को कुटुम्ब जात्रा पूजा विधान, 19 अक्टूबर को मावली माता जी की डोली की विदाई पूजा विधान आयोजित है। गौरतलब है कि मुरिया दरबार में विभिन्न जनजातीय समुदायों के प्रमुख, नेता और प्रशासनिक अधिकारी मिलकर संस्कृति, परंपरा और प्रथाओं को सहेजने और सामुदायिक मांग तथा समस्याओं पर विचार करते हैं। इस वर्ष 15 अक्टूबर 2024 को मुरिया दरबार का आयोजन किया जायेगा।मुरिया दरबार आयोजन के 10 दिन बाद बस्तर संभाग के मांझी, चालकी, मेम्बर, मेम्बरीन, पुजारी, कोटवार, पटेल, मातागुड़ी के मुख्य पुजारियों का सम्मेलन आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा कई अभिनव पहल की जा रही है।

### खाद्य एवं औषधि प्रशासन के प्रकरण में अपर कलेक्टर ने जारी किया आदेश

**गरियाबंद 12 सितंबर।** जीबीएम मैदा के पैकेट पर सही जानकारी युक्त पर्याप्त लेबल नही लगाए जाने और नियमानुसार पोषण संबंधी जानकारी भी प्रदर्शित नही किए जाने पर 2 संस्थानों पर कुल 5 लाख 20 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। यह जुर्माना मिथ्याछाप खाद्य सामग्री बेचने वाले 1 संस्थान और 1 विनिर्माता पर लगाया गया है। इनमें जीबीएम मैदा के किराना स्टोर्स मैनपुर पर 20 हजार रुपए एवं खाद्य उत्पाद के विनिर्माता बेसन मिल सेरीखेड़ी जिला रायपुर पर 5 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। जिला प्रशासन द्वारा लोगों से यह अपील की गई है कि जिले में खाद्य गुणवत्ता से संबंधित शिकायत के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन से कर सकते है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी गरियाबंद तरुण बिरला ने बताया कि खाद्य सुरक्षा के मद्देनजर मैनपुर के अजहर किराना स्टोर्स पर जीबीएम मैदा का सैंपल लिया गया था। संकलित नमूना को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया था। ग्राहकों को बेचे जाने वाले उक्त खाद्य सामग्री के लेबल में त्रुटी होने के कारण मिथ्याछाप घोषित किया गया था। मिथ्याद्याप पाए गए खाद्य के प्रकरण में नियमानुसार जांच पूर्ण कर अपर कलेक्टर न्यायालय के समक्ष प्रकरण प्रस्तुत किया गया। अपर कलेक्टर एवं न्याय निर्णयन अधिकारी अरविंद पाण्डेय द्वारा अपर कलेक्टर न्यायालय में प्रकरणों की सुनवाई करते हुए प्रकरण में आदेश पारित किए गए है। जिनमे कुल 5 लाख 20 हज़ार रुपये की शास्ती अधिरोपित की गई है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि उक्त खाद्य उत्पाद जीबीएम ब्रांड के मैदा पैकेट पर पर्याप्त जानकारी युक्त लेबल नही लगा पाया गया।

# सरकार की योजनाओं से प्रभावित होकर 3 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 12 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में दो महिला नक्सलियों सहित कुल तीन नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पण करने वालों में कुमारी वेको जोगी उर्फ संगीता, जिस पर 2 लाख रुपये का ईनाम घोषित था, और कुंजाम राजे, जो दुलेड आरपीसी की केएमएस उपाध्यक्ष है, शामिल हैं। इनके साथ ही देवा उर्फ पोरते देवा ने भी आत्मसमर्पण किया है, जो गोण्डेरास पंचायत की कृषि शाखा का अध्यक्ष है। आत्मसमर्पण का यह फैसला छत्तीसगढ़ शासन की छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति और नियद नेल्ला नार÷ योजना से प्रेरित होकर लिया गया है। लगातार अति संवेदनशील अंदरूनी क्षेत्रों में नए सुरक्षा कैम्पों की स्थापना और पुलिस के बढ़ते प्रभाव ने भी नक्सलियों को आत्मसमर्पण के लिए मजबूर किया। पुलिस के अनुसार, वेको जोगी, कुंजाम राजे और देवा ने बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया। थाना चिंतलनार पुलिस, डीआरजी डेल्टा और सीआरपीएफ की 151 और 241 वाहिनी की आसूचना शाखा ने इन नक्सलियों को आत्मसमर्पण के लिए प्रेरित करने में विशेष भूमिका निभाई। आत्मसमर्पित नक्सली कई नक्सली गतिविधियों में शामिल रहे हैं, जिनमें पुलिस गश्त पार्टी की रेकी, मार्गों में बम लगाना और मुख्य मार्गों को अवरुद्ध करना शामिल है। आत्मसमर्पण के बाद इन नक्सलियों को शासन की नक्सलवाद उन्मूलन नीति के तहत सहायता और पुनर्वास की सुविधाएं दी जाएंगी।





### प्राकृतिक आपदा के 4 प्रकरणों में 16 लाख स्वीकृत

**गरियाबंद 12 सितंबर।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के 4 प्रकरण में मृतक के परिजनों को प्रत्येक प्रकरण में 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। कलेक्टर ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6- 4 के प्रावधानानुसार प्रकरणों का निराकरण करते हुए मृतक के परिजनों को लाभान्वित किया है। इससे मृतक के परिजनों को आर्थिक सहारा मिलेगी। साथ ही परिवार के भरण पोषण में मदद मिलेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार देवभोग तहसील के ग्राम मगररोड़ा निवासी 04 वर्षीय बालिका बबली कश्यप की सर्पदंश से मृत्यु हो जाने के कारण उनके निकटतम परिजन दुर्गेश कुमार कश्यप को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।इसी तरह गरियाबंद तहसील के ग्राम धवलपुरडीह निवासी 14 वर्षीय खिलेंद्र कुमार यादव का तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण उनके निकटतम परिजन डोमार सिंह यादव को 4 लाख रूपये, धवलपुरडीह निवासी 8 वर्षीय तुषार यादव का तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण उनके निकटतम परिजन निर्मल यादव को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

# एल एण्ड टी कंपनी में चोरी करने वालों पर किरन्दुल पुलिस ने की कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बचेली 12 सितंबर।** आरोपी से बरामद सामग्री - काटे व छिले गये केबल तार करीबन 06 नग प्रत्येक केबल तार की लंबाई करीबन 06 मीटर. व साथ में लोहे का एक प्लेट जिसका वजन लगभग 70 कि.ग्रा.. कुल कीमती करीबन 28500/- रू., घटना में प्रयुक्त 02 नग छोटे चाकू, 02 नग हेक्सा ब्लेड, 02 नग मोटर सायकल दिनांक 10.09.2024 को प्रार्थी संदीप कुमार पाठक आई.आर.एक्जिक्युटिव एल एंड टी कंपनी किरन्दुल थाना उपस्थित आकर मौखिक रिपोर्ट कराया कि दिनांक 10.09.2024 की रात्रि करीबन 01.30 बजे 1.भूपेन्द्र ताती पिता पंजाम ताती उम्र 19 वर्ष निवासी गायतापारा, टिकनपाल, 2. बामन ताती पिता हुंगा ताती उम्र 21 वर्ष निवासी डुमापारा, टिकनपाल, (वर्तमान सिक्युरिटी गार्ड एल एंड टी कंपनी) 3. बुधराम कड़ती पिता आयतु कड़ती उम्र 30 वर्ष निवासी मंझारपारा मदाड़ी, 4. हिड़मा मरकाम पिता हुर्रा मरकाम उम्र 26 वर्ष निवासी मड़कामीरास द्वारा 02 मोटर सायकल से चोरी करने की नीयत से एल एंड टी कंपनी के स्टोर के पास रखे केबल ड्रम से केबल काट-छील कर ले जा रहे थे, जिन्हें उपस्थित सिक्युरिटी गार्ड द्वारा पकड़ा गया। प्राथी की रिपोर्ट पर थाना किरन्दुल में अपराध क्रमांक 62/2024 धारा 303(2), 329(3), 3(5) बी.एन.एस. कायम कर बी.एन.एस.एस. की धारा 35(1) के तहत कार्यवाही की गई है।

## मामला नगर पंचायत चारामा के सदर बाजार का

# अवैध सोलर लाइट खंभे के गिरने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**चारामा 12 सितंबर ।** नगर पंचायत चारामा के सदर बाजार में बाईक सवार के ऊपर सोलर लाईट का खंभा अचानक टूट कर गिर गया जिससे बाईक सवार युवक के सिर एवं गर्दन पर गंभीर चोटें आयी है जिसे घटना स्थल के आसपास उपस्थित लोगों के द्वारा सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर घायल युवक की चोटो की गंभीरता को देखते हुए अस्पताल प्रबंधन द्वारा बेहतर इलाज के लिए बाहर रिफर किया गया। मामला नगर पंचायत के सदर बाजार स्थित गौरव पथ का है जहां पर बुधवार की सुबह लगभग 10 बजे ग्राम जैसाकर्रा निवासी तुलसी यादव अपनी बाईक से गौरव पथ से गुजर रहा था कि अचानक सोलर लाईट का खंभा उसके ऊपर गिर गया जिससे उसके सिर एवं गर्दन पर गंभीर चोटें आयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त गुणवत्ताहीन सोलर लाईट एक साल पहले ही गौरव पथ पर लगाया गया है जिसकी कोई भी जानकारी अथवा दस्तावेज नगर पंचायत कार्यालय में उपलब्ध नही है जबकि गौरव पथ के किनारे लगाये गये सोलर लाईट के खंभों में नगर पंचायत अध्यक्ष की फेटो लगा हुआ एवं अध्यक्ष निधि द्वारा प्रदत्त लिखा हुआ है। कार्यालय में वैद्य दस्तावेज नही होने की स्थिति में यह सोलर लाईट अवैध तरीके से लगाया गया है ऐसी स्थिति में उक्त दुर्घटना के लिए किसे जिम्मेदार माना जाऐगा। वहीं अब यह लाईट लोगों को रोशनी देने के बजाये लोगो के जीवन के लिए खतरा बन गया है। इसके साथ ही लगाये गये बाकी सोलर लाईट के खंभे भी खराब हो सकते है और भविष्य में किसी प्रकार की जनहानि हो सकती है। सवाल यह भी उठता है कि नगर में सोलर लाईट के खंभे लगाने से पहले मुख्य नगरपालिका अधिकारी के बगैर अनुमति के कैसे लगाया गया है वही नगर पंचायत के अध्यक्ष निधि का उल्लेख भी खंभो में लगी तख्तियों में किया गया है जिससे बिना कार्यादेश एवं टेंडर के गुणवत्ताहीन खंभे लगाकर जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी के द्वारा मिलीभगत कर बडे पैमाने पर भ्रष्टाचार कर पैसे कमाने का उद्देश्य परिलक्षित होता है। फिलहाल गौरव पथ पर लगे बाकी सोलर लाईट के खंभों की गुणवत्ता की जॉच करते हुए नगर पंचायत को इस बात की तसल्ली करनी चाहिए की भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और लोग भयमुक्त होकर गौरव पथ पर आना-जाना कर सकें। उक्त संबंध में मुख्य नगरपालिका अधिकारी से जानकारी लेने पर फेन पर बताया गया कि उक्त सोलर लाईट की जानकारी निकाय के रिकार्ड में नही है घटना की जॉच करायेंगे।

## समाचार संक्षेप

### चार सूत्रीय मांगों को लेकर भोपालपटनम के कर्मचारी अधिकारियों ने मशाल रैली निकाली





**भोपाल पटनम 12 सितंबर।** चार सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन विकासखंड भोपालपटनम के कर्मचारी अधिकारीयों ने चरणबद्ध आंदोलन के तहत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भोपालपटनम को ज्ञापन सौंपा गया है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेश के कर्मचारियों को मोदी की गारंटी के तहत जायज मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा भाजपा घोषणा पत्र अनुसार प्रदेश के कर्मचारियों को केंद्र के समान 1 जनवरी 24 से 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जाए, साथ ही प्रदेश के कर्मचारियों को जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्तों के एरियर्स राशि का समायोजन जीपीएफ खाते में किया जाए। भाजपा घोषणा पत्र अनुसार प्रदेश के शासकीय सेवकों को चार स्तरीय समयमान वेतनमान दिया जाए, केन्द्र के समान गृह भाड़ा भत्ता दिया जाए, मध्यप्रदेश सरकार की भांति प्रदेश के शासकीय सेवकों को अर्जित अवकाश नगदीकरण 240 दिन के स्थान पर 300 दिन किया जाए। शाम को ब्लॉक के समस्त कर्मचारियों ने मशाल रैली निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर आनकारी सुधाकर, कमल सिंह कोर्राम, संदीप राज पामभोई, श्रीनिवास एटला, योगेश वासम, महेश शेट्टी, अनिल जाटव, संजय चिंतुर, एट्टी राजन्ना, पी. नागेंद्र, तामडी सुरेंद्र, मधुसूदन सिंह, चंद्रशेखर वासम, बानैया कुम्मर, कोरम रामदास, शेख आसम नीलम गणपत, वेंकटेश्वर कोरम, मड़े पापैया आदि समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### गणेश एवं दुर्गा उत्सव के दौरान अस्थायी कुंड में किया जायेगा मूर्ति विसर्जन

**गरियाबंद 12 सितंबर।** जलीय जीव-जंतुओं की सुरक्षा एवं जल प्रदुषण की स्थिति नियंत्रण के लिए राज्य शासन द्वारा नये निर्देश जारी किय गये है। गणेश एवं दुर्गा उत्सव पर्व के दौरान जल स्त्रोतों को प्रदुषण से बचाने तथा मूर्तियों के विसर्जन से पर्यावरण पर पड़ने वाले विपरित प्रभावों के रोकथाम के संबंध में केन्द्रीय प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा संशोधित गाईड लाईन जारी की गई है। इसके तहत नदी और तालाब में मूर्ति विसर्जन के लिए विसर्जन पौंड, बन्द या अस्थाई कुंड का निर्माण किया जाकर मूर्ति का विसर्जन किया जायेगा। साथ ही पूजा सामग्री जैसे फूल, वस्त्र, कागज एवं प्लास्टिक से बनी सजावट की वस्तुएँ इत्यादि मूर्ति विसर्जन के पूर्व अलग कर इसका उचित तरीके से अपवहन किया जायेगा। जिससे नदी या तालाब में प्रदूषण की स्थिति नियंत्रित हो सकें। सभी प्रमुख शहरों में पृथक से आवश्यक सुविधा के साथ विसर्जन कुंड एवं पहुँच मार्ग बनाने हेतु व्यवस्था किया जायेगा। कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल ने राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशानुसार एवं एनजीटी के गाईड लाईन के तहत मूर्ति विसर्जन के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश सभी सीएमओ एवं जनपद सीईओ को दिये है। साथ ही दिशा निर्देशों का अनिवार्यतः पालन भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है। जारी निर्देशानुसार मर्ति विसर्जन उपरांत वेस्ट मटेरियल, पूजा सामग्री, फूल कपड़े, प्लास्टिक पेपर, आदि को सुरक्षित एकत्र कर पुर्नउपयोग एवं कम्पोस्टिंग आदि में उपयोग किया जा सकता है। वेस्ट मटेरियल विसर्जन स्थल पर जलाना प्रतिबंधित है। मूर्ति विसर्जन स्थल पर पर्याप्त घेराबंदी व सुरक्षा की व्यवस्था सूनिश्चित करने तथा पूर्व से ही चिन्हांकित विसर्जन स्थल पर नीचे सिंथेटिक लाईनर की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये है।

### पंकज जैन बने छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन के सहसचिव

**नारायणपुर 12 सितंबर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन ने अपनी नई कार्यकारिणी का गठन आमसभा में किया है जिसमे प्रदेश के मुख्या विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन के अध्यक्ष बने है । वही नारायणपुर जिले के पंकज जैन को भी छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन में सहसचिव बनाया गया है जिससे अब अबूझमाड़ इलाके के तीरंदाजी खिलाड़ियों को अपने खेल में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी । खेल को लेकर पंकज जैन सैदैव खिलाड़ियों की मदद के लिए आगे रहते है उनके द्वारा ग्रामीण इलाके में होने वाले खेलो के आयोजन में खेल सामग्री से लेकर ट्राफी देकर मदद की जाती रहती है जिसके चलते ग्रामीण इलाके के खिलाड़ियों में उनकी छवि काफी अच्छी है और खिलाड़ी उनकी बातो को मानते भी है । वही पंकज जैन ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन में सहसचिव के पद पर नियुक्त किया गया है जिसके लिए मैं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वन मंत्री केदार कश्यप व कैलाश मुरारका का आभारी हु उन्होंने नारायणपुर जिले जैसे दूरस्थ इलाके से छत्तीसगढ़ आर्चरी एसोसिएशन में मौका दिया है । वही प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आर्चरी एसोसिएशन के अध्यक्ष बनने के बाद तीरंदाजी खिलाड़ियों को अच्छी व्यवस्थाएं और प्रेक्टिस के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध होने की संभावनाएं बढ़ गई है जिससे प्रदेश के तीरंदाजी खिलाड़ी अपने हुनर के दम पर ओलंपिक में अपने प्रदेश का नाम रौशन करेंगे । वही नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ के तीरंदाजी के हौनार खिलाड़ियों को आगे आने और मंच प्रदान कराने और सुविधाएं उपलब्ध कराने का पूरा प्रयास करूंगा ताकि हमारे यहां के खिलाड़ी तीरंदाजी में ओलंपिक खेलने जाए और प्रदेश के साथ अपने अबूझमाड़ का नाम रौशन करे।



# भाजपा सरकार में जनता को लूटने की खुली छूट है: विक्रम मंडावी

## भाजपा सरकार में सीमेंट, स्टील और रेत के दाम नियंत्रण से बाहर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 12 सितंबर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी ने बुधवार को जिला मुख्यालय बीजापुर में प्रेस वार्ता का आयोजित किया प्रेस वार्ता को बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने संबोधित करते हुए कहा कि ÷भाजपा सरकार में जनता को लूटने की खुली छूट है।÷ उन्होंने कहा कि ÷विष्णुभोग÷ पर प्रति बोरा 50 रुपया वसूला जा रहा है और सीमेंट पर अतिरिक्त दाम अचानक 260 रुपये से बढ़ाकर 310 रूपए प्रति बोरा कर दिया गया है। सीमेंट की कीमत में अचानक एक चोथाई की भारी भरकम वृद्धि भाजपा सरकार के कमीशनखोरी और मुनाफाखोरी का प्रमाण है। विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि सीमेंट उत्पादन के लिए तमाम कच्चा माल, लाइमस्टोन हमारा, कोयला हमारा, जमीन हमारी, बिजली हमारी और हमें ही महंगे दामों पर सीमेंट खरीदने के लिए भाजपा सरकार मजबूर कर रही है। विक्रम मंडावी ने प्रेस वार्ता में आगे कहा कि



छत्तीसगढ़ सीमेंट का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है, यहां हर माह लगभग 30 लाख टन से अधिक सीमेंट का उत्पादन होता है, पहले केंद्र की मोदी सरकार 28 प्रतिशत की भारी भरकम जीएसटी लगाया और अब भाजपा की साय सरकार के सरंक्षण में कीमतों में अचानक बढ़ोत्तरी जनता के साथ अन्याय है। विधायक विक्रम मंडावी ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आगे कहा कि हर सर पर छत का वादा करके सरकार में आयी भारतीय जनता पार्टी के शासन में भवन निर्माण की सामग्रीयों में लगातार बेतहाशा वृद्धि हो रही है। रेत के दाम पिछले 9 महीने में चार गुना बढ़ गए, स्टील की कीमते दुगना हो गई है और अब सीमेंट के दाम में 50 रूपए प्रति बोरा की वृद्धि से गरीबों और मध्यमवर्गीय परिवारों के अपने घर के सपनों पर चोट कर रही है। भाजपा की साय सरकार में पीएम आवास योजना पर भी इसका विपरीत असर पड़ेगा। विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि देश और प्रदेश के विकास, इंफ्रास्ट्रक्चर, निर्माण में सीमेंट एक अहम घटक है, सीमेंट के दाम में वृद्धि से न केवल निजी बल्कि सरकारी प्रोजेक्ट में भी निर्माण लागत बढ़ जाएगी, पुल पुलिया, बांध, सीसी रोड, भवन निर्माण कार्य प्रभावित होंगे, रियल एस्टेट सेक्टर में भी नकारात्मक प्रभाव पड़ना निश्चित है।

रोजगार पैदा करने में कृषि के बाद रियलस्टेट दूसरा सबसे बड़ा सेक्टर है, सीमेंट की कीमत में अचानक वृद्धि से रियल एस्टेट व्यवसाय की कमर टूट जाएगी, लाखों की संख्या में लोग बेरोजगार हो जायेंगे। विधायक विक्रम मंडावी ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार के समय सीमेंट, स्टील, रेत के दाम नियंत्रित थे, अब भाजपा सरकार के अनुचित सरंक्षण में सीमेंट कंपनियां निरंकुश हो चुकी है, जनता को लुटने का कोई अवसर डबल इंजिन की सरकार नहीं छोड़ रही है। क्रूड ऑयल इंटरनेशनल मार्केट में आज 2014 की तुलना में लगभग आधा है, फिर भी डीजल और पेट्रोल के दाम दुगुना वसूला जा रहा है, भूखंडों के रजिस्ट्री में 30 प्रतिशत की छूट प्रदेश की भाजपा सरकार ने खत्म कर दिया है, बिजली का बिल दुगुना आने लगा है और अब सीमेंट की कीमते बढ़ाकर चारों तरफ से महंगाई की मार जनता पर पड़ रही है। विधायक विक्रम मंडावी ने प्रदेश की भाजपा सरकार से मांग करते हुए कहा कि सीमेंट पर 50 रूपए प्रति बोरी की भारी भरकम मूल्य वृद्धि वापस ले, और सीमेंट को आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कमोडिटी की तय सूची में शामिल किया जाये। प्रेस वार्ता के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियम, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम, जिला पंचायत सदस्य नीना रावतीय उद्दे, जिला पंचायत सदस्य सोमारू राम कश्यप, नगर पालिका अध्यक्ष बेनहुर रावतीय, जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री सुखदेव नाग, जितेंद्र हेमला, जनपद अध्यक्ष बोधी ताती, जनपद उपाध्यक्ष सोनू पोटाम, जिला कांग्रेस कमेटी कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम खत्री, पार्षद-कलाम खान, सुनील उद्दे, अरुण वासम, सुरेश सोढ़ी, बलराम कोरसा, हीरालाल मण्डावी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एक नजर

### विदेशों में जाकर भारत को बदनाम करने का काम कर रहे राहुल गांधी: राकेश चंद्राकर

**महासमुंद 12 सितंबर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा राकेश चंद्राकर ने राहुल गांधी द्वारा अमेरिका में सिखों को लेकर दिए बयान की कड़ी निंदा करते हुए राहुल गांधी को तत्काल नेता प्रतिपक्ष के पद से इस्तीफा देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद पर आसीन होकर राहुल गांधी देश को तोड़ने का काम कर रहे हैं। उन्हें नेता प्रतिपक्ष के पद पर बने रहे का कोई अधिकार नहीं है। श्री चंद्राकर ने कहा कि भारत से लेकर कनाडा और अमेरिका तक सिखों को खालिस्तान के नाम पर भारत के खिलाफ भड़काया जा रहा है, और राहुल गांधी इस आग में केरोसिन डालने का काम कर रहे हैं। अमेरिका में वो सिखों से कह रहे हैं कि भारत में लड़ाई इस बात की है कि सिख पगड़ी पहन सकते हैं, या नहीं, कड़ा पहन सकते हैं या नहीं। राहुल को ज्ञात होना चाहिए कि भारत में सिख शान से पगड़ी और कड़ा पहन कर घूमते हैं, इस बात को लेकर कहीं कोई विवाद नहीं। सिखों के पगड़ी और कड़ा पहनने पर सिर्फ एक बार लड़ाई हुई थी और वो साल 1984 था। जब इंदिरा गांधी की हत्या के बाद कांग्रेस के नेताओं ने पगड़ी पहने, कड़ा पहने निर्दोष सिखों के गले में टायर डाल कर उन्हें जिंदा जला दिया था। उस समय कांग्रेस के दंगाई नेताओं से बचने के लिए सिखों ने अपने केश कटवा दिए थे, पगड़ी पहननी बंद कर दी थी और कड़ा उतार दिया था। इससे पहले और इसके बाद आज तक भारत में सिखों के पगड़ी और कड़ा पहनने पर कहीं कोई विवाद नहीं हुआ।

### सर्वव्यापी, सर्वस्पर्शी हो भाजपा का सदस्यता अभियान:रंजना साहू

**बागबाहरा 12 सितंबर।** भाजपा के राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान के तहत खल्लारी विधानसभा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक बागबाहरा में धमतरी की पूर्व विधायक,खल्लारी विधानसभा बैठक की मुख्यवक्ता , श्रीमती रंजना डिपेंद्र साहू के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई । बैठक के पूर्व , प्रभारी श्रीमती रंजना साहू ,पूर्व विधायक परेश बागबाहरा, प्रीतम दीवान, विधानसभा संयोजक प्रेमशंकर पटेल,महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अलका नरेश चन्द्राकर,जनपद अध्यक्ष स्मिता हितेश चन्द्राकर सहित मंचस्थ अतिथियो द्वारा भारतमाता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण पूजा अर्चना कर बैठक का शुभारंभ किया गया । अतिथियो के स्वागत पश्चात विधानसभा संयोजक प्रेमशंकर पटेल ने बैठक में उपस्थित अपेक्षित श्रेणी के सदस्यों के परिचय पश्चात, सदस्यता अभियान की प्रस्तावना रखते हुए बताया कि शीर्ष संगठन के निर्देशानुसार भाजपा कि सदस्यता अभियान का शुभारंभ उत्साह हर्षोल्लास के वातावरण में विधानसभा के सभी बूथों में हो गया है ।

# कार्यशाला में महिलाओं को पौष्टिक आहार की जानकारी दी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**धमतरी / नगरी 12 सितंबर।** महिला एवं बाल विकास विभाग नगरी के द्वारा दिनाँक 11/09/24 को ग्राम पंचायत भोथापारा में पोषण माह का आयोजन किया गया, इस पोषण माह के कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका,एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे, पोषण माह के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं को बताया गया कि गर्भावस्था से पहले, महिलाओं को पौष्टिक और सुरक्षित आहार लेना चाहिए,ताकि उनके शरीर में गर्भावस्था के लिए पर्याप्त भंडार बन सकें. गर्भावस्था और स्तनपान के दौरान, महिलाओं को ऊर्जा और पोषक तत्वों की ज़रूरतें बढ़ जाती हैं. गर्भावस्था के दौरान, फल,सब्ज़ियां,साबुत अनाज,कम वसा वाले डेयरी पदार्थ, और प्रोटीन का सेवन करना चाहिए.शिशु के जन्म के बाद,पहले छह महीनों तक मां का दूध ही शिशु के लिए संपूर्ण आहार होता है. बच्चों के पोषण के लिए, विभिन्न रंगों के साबुत फल और सब्ज़ियां देनी चाहिए. हर दिन अनाज,सब्ज़ियां,और फलों का सेवन करना चाहिए.गर्भवती महिलाओं को फाइबर का सेवन ज़्यादा करना चाहिए.इसके साथ ही एनीमिया,एवं पोषण से सम्बंधित स्वास्थ्य सम्बन्धी,पूरक पोषण आहार के लाभ, सहित विभाग के योजनाओं जैसे महतारी वंदन,प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना,सुकन्या समृद्धि,नोनी सुरक्षा योजना,सखी वन स्टाप, मिशन वात्सल्य,मिशन शक्ति,चाइल्ड लाइन,सखी निवास, नावाबिहान योजना के बारे में उपस्थित बालिकाओं सहित गर्भवती,शिशुवती,महिलाओं को जानकारी देकर जागरूक किया गया, कार्यक्रम में किशोरी बालिकाओं सहित बड़ी संख्या में गर्भवती,शिशुवती,माताएं उपस्थित रही।

## समाचार संक्षेप

### ग्रामीण नदी में डूबा, नगर सेना के बचाव दल ने शव बरामद कर परिजनों को सौंपा

**बीजापुर 12 सितंबर।** थाना गंगा लूर से सूचना पर बाढ बचाव दल तत्काल मेटापाल पहुंच कर नदी मे डूबे 52 वर्ष के ग्रामीण आयतू पोटाम को बडी मशक्कत के बाद ढूंढ निकाला और शव परिजनों को सौपा घटना के संबंध में बताया गया है कि ग्रामीण आयतू पोटाम गांव के नदी को पार कर रहा था इसी दौरान अचानक पानी के तेज बहाव से वह पानी मे डूब गया परिजनों की सूचना पर तत्काल नगर सेना की टीम मौके पर पहुंची और नदी मे उतरकर ग्रामीण के शव को ढूंढ निकाला और शव परिजनों को सौपा इस प्रकार नगर सेना के बाढ बचाव दल सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंच कर अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है अबतक क ई ग्रामीणों के शव को बाढ बचाव टीम ने अपनी परवाह नहीं करते जिम्मेदारी निभाने है बल्कि यही नहीं भारी बारिश मे अपने ग्राम लौट रहे अनेक ग्रामीणों को सुरक्षित नदी पार कराया है नगर सेना बाढ बचाव टीम ने इस जोखिम भरे कार्य को अमलीजामा पहनाकर अनेक ग्रामीणों की जान बचाने मे भी अहम भूमिका निभाई है यहाँ विदित हो बीजापुर जिले के सैकड़ो गांव नदी नाले के आसपास सिथत है बारिस के दिनों मे पूल नहीं होने से ग्रामीण जनो को अक्सर ऐसी स्थिति से गुजरना पड़ता है ऐसे में बाढ बचाव टीम मददगार साबित होती है ।



### प्राचार्य ने विद्यार्थियों, शिक्षकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई

**फिंगेश्वर 12 सितंबर।** स्वच्छता पखवाड़ा के तहत 01 सितंबर से 15 सितंबर तक शालाओं में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है. इसी तारतम्य में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में शाला के प्राचार्य पूरन लाल साहू द्वारा विद्यार्थियों की मानव श्रृंखला बनाकर छात्र छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन में जरूरी है यदि हमारे आसपास स्वच्छ होंगी तो बीमारियां भी अपने आप कम हो जाती है। स्वच्छता हमारे स्वस्थ जीवन का एक अभिन्न हिस्सा है और बिना स्वच्छता के स्वस्थ् जीवन शायद मुमकिन ही नहीं है। गंदगी कीटाणुओं का घर होता है।यह विभिन्न प्रकार की बीमारियों को जन्म देता है।इसलिए शारीरिक स्वच्छता के साथ-साथ विद्यालय, घर एवं आसपास की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।इसलिए स्वच्छ शरीर में स्वस्थ मन निवास करती है। व्याख्याता दिनेश कुमार ने हाथ धोने के विभिन्न तरीकों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि हमारे हाथों में अनदेखी गंदगी छिपी होती है।



### शराबमुक्त गाँव पूरे देश और छत्तीसगढ़ के लिये उदाहरण है: डॉ सत्यजीत साहू

**गरियाबंद 12 सितंबर।** जिले के ग्राम कोचबाय में आयोजित बिनोबा भावे जंयती में डॉ सत्यजीत साहू ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि एकता परिषद के कार्यकर्ताओं और ग्रामसभा के साधुवाद दिया जिनके अथक प्रयासों से शराबमुक्त और वनअधिकार दावा मुक्त ग्राम बन पाया . उन्होंने ग्राम वासियों को कहा कि शिव, कृष्ण और श्री राम ने सामाजिक न्याय के लिए जिस संघर्ष का बीज हमारी संस्कृति में बोया है उसको आगे ले जाने के लिए एकता परिषद और उनके सहयोगी कृत संकल्पित हैं . प्रयोग आश्रम छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष सीताराम सोनवानी ने कहा कि विश्व शांति और न्याय के लिये एकता परिषद के संस्थापक पी वी राजगोपाल राजा जी आठ से इक्कीस सितंबर तक कनाडा में पदयात्रा कर रहे हैं. छत्तीसगढ़ के गरियाबंद ज़िले में आज ग्राम कोचबाय में हम सभी उनका समर्थन करते हैं. विश्व शांति यात्रा के समर्थन में सांकेतिक यात्रा अगले हफ़्ते तीन स्थानों से निकल कर गरियाबंद ज़िला मुख्यालय तक आयोजित कि जायेगी. सभा को संबोधित करते हुए एकता परिषद के राष्ट्रीय संयोजक रमेश शर्मा ने ज़िले के ग्रामवासियों को एकता परिषद के पैंतीसवीं वर्षगाँठ को कार्यक्रम में शामिल होने का न्योता दिया . सभा को उडिसा से आई डाली दीदी , प्रयोग आश्रम के सचिव कृष्ण प्रसाद सिन्हा, कोषाध्यक्ष निर्मला दीदी ने भी संबोधित किया और बिनोबा जयंती की बधाई दी . एकता परिषद के सेवाकार्य की दोस्त और प्योर संस्था की टीम संयोजक सुनील शर्मा, सुरज दुबे और एडवोकेट संतोष ठाकुर ने सराहना की और शोभायात्रा में शामिल हुए। विशेष अतिथि के रूप में एकता परिषद युरोप के मैगी बहन और युरी भाई कार्यक्रम मे शामिल हुए. ग्राम कोचबाय के सरपंच इंद्राणी जगत ने सभी अतिथियों का स्वागत किया . नूरानी जैन ,मंगलु जगत ,केसरी सेन ,चित्रलेखा दीपी जगत हिरोंदी ,जाली ने कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. इस अवसर पर ग्राम वासियों ने शोभायात्रा का आयोजन किया . बच्चों ने नृत्य का प्रदर्शन किया . शोभायात्रा और सभा में बड़ी संख्या में परिक्षेत्र के महिलाओं ने भाग लिया।



# विधायक भोलाराम ने अधिकारी के साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का किया दौरा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया 12 सितंबर।** विगत दिनो भारी बारिश के चलते छुरिया ब्लाक के अंतर्गत ग्राम बागनदी , भण्डारपुर, बनिया टोला, हालेकोशा , मे लगातार बारिश के चलते गांव मे पानी भर गया जिसके चलतेअनेक ग्रामीणो के घर व फसलो को भारी छति पहुंचा है, इस बात का जानकारी होते ही खुज्जी विधायक भोलाराम साहू कार्यवाहक ब्लाक काग्रेंस कमेटी के अध्यक्ष राजू सिन्हा जनपद सदस्य विपिन यादव के साथ बाड़ पीड़ित प्रभावितो से मुलाकात कर उन्हें मदद काआश्वासन दिया इस मौके पर तहसीलदार कोठरी व जनपद सीईओ श्रीमती देवागन व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे

छत्तीसगढ़ मे वर्तमान मे भाजपा सरकार है , खुज्जी विधानसभा मे विधानसभा चुनाव मे स्थानीय भाजपा नेताओं के गुटबाजी के चलते बीजेपी उम्मीदवार को हार का सामना करना पड़ा छुरिया क्षेत्र के वरिष्ठजनो का कहना है, नगर व क्षेत्र मे भाजपा के आधादर्जन नेता है, इसमे चंद बड़े नेता जो क्षेत्र मे मंत्री



सांसद के दौरे पर बड़ चड़ कर हिस्सा लेते है ,मगर आज जब क्षेत्र के कुछ गाँवो मे किसान ,गरीब लोगों के उपर बाड़ का कहर बरपा है, तब ऐसे नेताओ के पास इतना भी फूर्सत नही है , कि वे लोगों का इसआपदा के घड़ी मे सामने आकर शासन प्रसासन से राहत दिलवाए वहीं जानकारी है , खुज्जी विधायक के दौरे का भनक लगते ही पूर्व जनपद अध्यक्ष

रविंद्र वैष्णव,भाजपा नेता लक्की भाटिया ,संजय सिन्हा, कांता प्रसाद साहू,राजेश्वर ध्रुवे बाढ़ प्रभावित क्षेत्र हालेकोसा, बनियाटोला, कोलिहाटोला,मगरधोखरा पहुंच कर बाड़ पिड़ितो का हाल जाना प्रबुद्धजनों का आरोप है , विपक्ष के विधायक के साथ बाड़ क्षेत्र मे दौरे के समय अधिकारी मौजूद रहे वहीं सत्ता दल के नेता स्वंम अपना ही जथ्था लेकर ग्राम मे पहुंचे जो चर्चा का विषय है,

# डीए की माँग को लेकर फेडरेशन ने सौंपा मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 12 सितंबर।** एक बार पुनः डी ए एवं केंद्र के समान चार स्तरीय वेतनमान की माँग सहित विभिन्न माँगों को लेकर माननीय मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन जिला संयोजक के डी राय ,जिलाध्यक्ष मो जाकिर खान वा जिला सचिव कैलाश रामटेके के नेतृत्व मे एस डी एम बीजापुर श्रीमान जागेश्वर कौशल को ज्ञापन सौंपा गया। डी ए की माँग को लेकर प्रदेश भर के कर्मचारी आक्रोशित हैं। पूर्व सरकार मे भी कर्मचारी आंदोलनरत रहे हैं।सौपे गये ज्ञापन मे माँग की गई है कि शासन -प्रशासन को समय- समय पर ज्ञापन देकर अनुरोध किया जाता रहा है।20 अगस्त से लेकर 30 अगस्त 2024 के मध्य माननीय विधायकों वा साँसदों को इन माँगों के संबंध मे ज्ञापन सौंपा गया है।लेकिन खेद का विषय है कि निराकरण नही होने के कारण कर्मचारी -अधिकारी आक्रोशित हैं। सौंपे गये ज्ञापन मे प्रमुख माँगे मोदी की गारंटी अनुसार केन्द्र के समान 4 प्रतिशत मँहगाई भत्ता देय तिथि से दिया जावे।डी ए की लंबित एरियर्श राशि का समायोजन जीपीएफ खाते मे किया जावे।शासकीय सेवकों को चार स्तरीय वेतनमान दिया जावे।केंद्र के समान गृह भाड़ा भत्ता दिया जावे।अवकाश नगदीकरण 300 दिन का किया जावे। एस डी एम सर द्वारा आश्वासन दिया गया है कि आपकी माँगे शासन -प्रशासन तक पहूँचाई जायेंगी।प्रतिनिधि मंडल मे सभी संगठन के पदाधिकारी राजेश मिश्रा, वीरा राजा बाबु,पवन ठाकुर,राजेन्द्र पसपुल, सी वेंक्टेश्वर ,के डी झाड़ी,ईश्वर झाड़ी,पालदेव हनुमैया,ओयाम,सडवल मोरला,सुनील झाड़ी,नाईक,कुड़ीयम रेशमा गोद्दे ,अर्पणा कुमार सहित कई पदाधिकारी शामिल थे।माँगे पूरी नही होने की स्थिति मे जिले के समस्त कर्मचारी वा अधिकारी अनिश्चित कालीन हड़ताल करने को मजबूर होंगे जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।



### ग्राम बिरकोनी और शहरी परियोजना में पोषण दिवस का आयोजन

**महासमुंद 12 सितम्बर।** पौष्टिक पोषण की जागरूकता एवं एनीमिया और कुपोषण को खत्म करने के लिए राष्ट्रीय पोषण माह सितंबर में मनाया जाता है। जिसके अंतर्गत ग्रामीण एवं शहरी आंगनबाड़ी केंद्रों मे विविध गतिविधियों का निरंतर आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत ग्राम पंचायत बिरकोनी में बुधवार को पोषण दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम की गर्भवती शिशुवती महिला किशोरी बालिका सहित करीब 65 महिलाएं उपस्थित थी। महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी श्री अजय साहू जी द्वारा महिलाओं को पोषण संबंधी जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि यदि कुपोषण कम करना है तो सबसे पहले महिलाओं को एनीमिया मुक्त होना आवश्यक है। इस हेतु महिला इतनी जागरूक हो कि हीमोग्लोबिन 11 ग्राम या उससे ज्यादा हो तभी वह गर्भधारण करें. ताकि बच्चा गर्भ में अपना पूर्ण विकास कर सके। पूर्ण गर्भकाल में गर्भवती को पौष्टिक पोषण लेना आवश्यक है। इसके लिए गर्भवती को दिन में बार-बार खाना खाते रहना चाहिए। गर्भकाल के दौरान समय-समय पर डॉक्टर से चेक करवा कर पौष्टिक गोली आयरन और कैल्सियम फोलिक एसिड, डाक्टर के दिए गए निर्देश अनुसार खानी चाहिए। आंगनवाड़ी में मिलने वाला पौष्टिक रेडी टू ईट गर्भवती स्वयं उसका उपयोग करें क्योंकि वह बहुत पौष्टिक होता है। यदि महिला एनीमिक है तो उसका बच्चा भी कमजोर होगा और जब बच्चा कमजोर होगा तो उसका शारीरिक और मानसिक विकास रुक जाएगा। एनीमिक महिला है तो उसको भी कई प्रकार के शारीरिक और मानसिक नुकसान हो सकते हैं। जिसका खामी आज उसे स्वयं ही भुगतना पड़ता है।

# बाढ़ पीड़ितों के लिए मुस्लिम समुदाय ने खाने और रहने का किया इंतजाम

- मुस्लिम समाज ने मदरसा में सोने और खाने का किया इंतजाम
- मंगलवार सुबह खुली नींद तो घरों में था पानी
- अम्बागढ़ चौकी में दो सौ से ज्यादा परिवार बाढ़ की चपेट में थे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**मोहला 12 सितंबर।** लगभग तीस सालों बाद शिवनाथ नदी ने अपना रौद्र रूप दिखाकर अम्बागढ़ चौकी में कहर बरसा दिया था वही जिले में लगातार वर्षा से कई घर ढह गए और कई लोगो ने अपने घरों से निकलकर जगह तलाशने में लगे थे, बाढ़ की वहज से मंगलवार को दिन भर अपने घरों को निहारते रहे कि शायद पानी कम हो जाये लेकिन शिवनाथ का रौद्र रूप अम्बागढ़ चौकी ब्लाक में पानी भरने से सभी परेशानियों से जूझ रहे थे। मोंगरा बैराज भी उफान पर होने के कारण एक लाख पंद्रह हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया जिसकी वजह से आसपास के इलाकों में पानी भर गया । अम्बागढ़ चौकी में दिन में पानी का जलभराव रहा निचली बस्ती के नगरवासी दिनभर भूखे रहे और शाम तक पानी कम न हो सका रात में जगह तलाशते रहे, और अम्बागढ़ चौकी के वार्ड नंबर बारह ,तेरह और चौदह के नगरवासियों के लिए मुस्लिम जमात ने खाने और रहने का इंतजाम किया लगभग तीन सौ लोगो ने बाजार चौक के मदरसा में खाना खाया और रात में मदरसा में आराम किया । मुस्लिम जमात ने नगर पंचायत को सूचना देकर कहा था कि इस आपदा में ठहरने की व्यवस्था अगर नही बनती तो मदरसा में जीतने भी बाजार क्षेत्र के लोगो को ठहराया जाए और खानेपीने,ठहरने और शौचालय से लेकर सभी इंतजाम मुस्लिम समुदाय करेगी इस बेहतर कार्य के लिए ग्रामवासियों ने सराहना भी की, आपदा से पीड़ित लोग इस मदरसे में आकर खाना और आराम भी किया और आशीर्वाद भी दिया ।

मुस्लिम समाज के अध्यक्ष रफीक खान ने कहा कि ऐसे आपदा और परेशानियों से हमारे अम्बागढ़ चौकी क्षेत्रवासीयो कभी भी परेशानियों में नही रहेंगे,समाज हमेशा मुसीबतों में आगे आकर काम करता रहा है और करता रहेगा । जिस प्रकार कोरोनकाल में लोगो के घरों मे राशन नही था समाज उस वक्त भी आगे आकर लोगो के घरों तक राशन पहुँचाया था और दूसरे राज्य से आने वाले से राहगीरों को उनके घरों तक सकुशल पहुचाया गया था । मुस्लिम समाज अध्यक्ष रफीक खान ने कहा की नगरवासियों को जब भी मुसीबत आएगी मुस्लिम समाज उनकी मदद के लिए खड़ा रहेगा अगर किसी भी भाई बहनों को परेशानी है तो समाज उनकर लिए हरपल बेहतर कार्य करेगा । मंगलवार को जब बाढ़ की स्तिथि थी तब बाजार चौक स्तिथ मदरसा में रात के समय खाने और ठहरने की व्यवस्था की गई तब बाढ़ पीड़ितों और समाज के लोगो से मिलने सभी नगरवासी मदरसा पहुँचे जिनमे जिलाध्यक्ष अनिल मानिकपुरी,नगर पंचायत अध्यक्ष विद्या ताम्रकार, नगर पंचायत सीएमओ गिरीश कुमार चंद्रा,ब्लाक अध्यक्ष मनीष बंसोड़, पार्षद अशोक वर्मा, शंकर निषाद, मंजीत अरोरा, प्रमोद ठलाल और अन्य लोग शामिल हुए । समाज अध्यक्ष रफीक खान उपाध्यक्ष अनीश कुरैशी, रज्ज़ाक मिर्ज़ा, हाजी सलीम तिगाला, शरीफ तिगाला, इसराइल निर्बान, सलामुद्दीन, इब्राहिम बख्श,हाफिज शाक़िर, मौलाना हबीब रजा,सुब्रात खान, सोफ़ू जिलानी, और यंग कमेटी अध्यक्ष रईस खान, उपाध्यक्ष शाहिर कुरैशी,इलियास खान, आशिफ जिलानी, नौमान ,नदीम, कैसफ़, शीलू,तौफीक कायनात,नफीस,समीर ,सोहेल,साहिल,अतीक,वसीम गफार अमन, जावेद, सैफ,सहित तमाम लोग मौजूद रहे ।

## एक नजर

### वरिष्ठ भाजपा नेता रमणलाल शर्मा का निधन, कार्यकर्ताओं में शोक की लहर



**तिल्दा-नेवरा, 12 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर के वरिष्ठ भाजपा नेता, समाजसेवी व तिल्दा नेवरा ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ रमण लाल जी शर्मा उम्र 78 वर्ष प्रभु इच्छा से देवलोक गमन हो गया है। जिनकी अंतिम यात्रा आज निज निवास स्थान शर्मा डेयरी नेवरा गार्डन के सामने से मुक्तिधाम के लिए निकाली गई जिसमें नगर सहित आस पास के ग्रामीण अंचलों से रमण महाराज का अंतिम दर्शन करने आए। अंचल में भीष्म पितामह के नाम से जाने जाने वाले नेता एक ताकतवर नेता के रूप में रहे है। अपने राजनीतिक जीवन में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, जनसंघ जनता पार्टी एवम् भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्यों में से थें। रायपुर ज़िले में सक्रिय रहते हुए बलौदाबाजार, भाटापारा, धरशिवा में इनके द्वारा बनाये कार्यकर्ता आज भी सक्रिय भूमिका में हैं। इनका परशुराम भवन एवम् सरस्वतीं शिशु मन्दिर के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका रही हैं। ज़िला पंचायत सदस्य राजू शर्मा, दिलीप शर्मा, विनय शर्मा के बड़े भाई एवं अनिल शर्मा व संजय शर्मा के पिता थे। देवव्रत शर्मा अंकित शर्मा पीयूष शर्मा के ताऊजी एवं रितिक शर्मा अंशज शर्मा आदि शर्मा के दादाजी थे।

### आपराधिक प्रकरण में फंसाने की धमकी देकर लाखों वसूलने वाली महिला गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 12 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बलौदाबाजार शहर एवं आसपास के विभिन्न लोगों को अपने झांसे में लेकर उन्हें महिला संबंधी अपराध में फंसाने एवं लोक-लाज का भय दिखाकर लाखों रुपए की मोटी रकम वसूली करने संबंधी मामले में 10 सितम्बर को थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 598/2024 धारा 384, 389, 34 भादवि के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। उक्त के संबंध में अपराध दर्ज होते ही थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा कल 10 सितम्बर को 02 आरोपी पुष्पमाला फेकर एवं लक्ष्मीकांत केसरवानी को गिरफ्तार किया गया था। विवेचना एवं जांच क्रम में प्रकरण में संलिप्तता, प्रार्थी एवं गवाहों से पूछताछ तथा परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर 11 सितम्बर को आरोपिया रवीना टंडन उम्र 22 साल निवासी दगौरी थाना बिल्हा जिला बिलासपुर को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

### पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 30 अक्टूबर तक

**बलौदाबाजार, 12 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में संचालित समस्त शासकीय व अशासकीय महाविद्यालय, पॉलिटेक्निक कॉलेज, आईटीआई आदि में अध्ययरत अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के छात्र वर्ष 2024- 25 हेतु पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति के लिए 30अक्टूबर 2024 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन करते समय ध्यान रखें कि उनका बचत खाता एक्टिव हो एवं आधार सीडेड बैंक खाता नंबर की प्रविष्टि ही करें। वर्ष 2024 - 25 से संस्थाओं को जिओ टैगिंग किया जाना अनिवार्य है। जिन संस्थाओं क़ा जिओ टैगिंग नहीं किया जाएगा उक्त संस्था के विद्यार्थियों को छात्र वृति प्रदाय नहीं की जाएगी। छात्रवृत्ति के लिए आवेदन वेब साइट http://postmatric-scholarship. cg.nic.in पर की जा सकती है।

ब्रह्माकुमारीज नवापारा के त्रिमूर्ति भवन में 80 वरिष्ठ शिक्षकों का किया गया सम्मान, स्वस्थ एवं स्वच्छ समाज के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका विषय पर हुआ चिन्तन

# परम पिता परमात्मा परम शिक्षक,परम सद्गुरु है : पुष्पा

- ब्रह्माकुमारी बहने एक आदर्श शिक्षक : जोहत राम यादव
- शिक्षक समाज की धूरी हैं : डॉ के आर सिन्हा
- जीवन जीने की कला सिखाते चले तो हमारा जीवन भी सफल होगाः अंशु दीदी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 12 सितम्बर।** नवापारा के ब्रह्माकुमारीज़ त्रिमूर्ति भवन की ग्लोबल पीस सभा हाल मे ÷स्वस्थ और स्वच्छ सामाज के निर्माण मे शिक्षको की भूमिका÷ विषय के अन्तर्गत शिक्षक सम्मान- समारोह का आयोजन सोमवार को किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ के आर सिन्हा (एम डी फिजिसियन एण्ड मेडिसिन, नवापारा )रहे।सेवा केन्द्र की संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी पुष्पा दीदी की अध्यक्षता मे आयोजित कार्यक्रम मे खड़मा सेवा केन्द्र की प्रभारी ब्रह्माकुमारी अंशु बहन, फखरा खानम दानी व्याख्याता, शासकीय हरिहर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवापारा, जोहत राम यादव व्याख्याता हाई स्कूल पिपरछेडी, सेवानिवृत प्रधान पाठक प्रफुल्ल दुबे किरबई, संजीवन प्रसाद, श्रीराम सोम, गजानन्द गुप्ता, नवापारा, एवं नारायण राम साहू सेवानिवृत प्रधानपाठक पिपरौद बतौर विशेष अतिथी के आसन्दी पर विराजमान रहे।सभी अतिथियो एवं शिक्षको का राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी प्रिया एवं हेमा बहन ने तिलक बैच लगाकर स्वागत किया गयाद्य

मुख्य अतिथि डॉ के आर सिन्हा ने समस्त शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक समाज की धूरी हैं, इस संसार में भावी भविष्य के कर्णधार बच्चों को तैयार करने की जिम्मेदारी भी शिक्षकों पर है। उन्होंने अपने बचपन के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि किसी भी शिक्षक की ऐसी छवि हृदय में बस जाती है जो हमारा मार्ग सदैव आजीवन प्रशस्त करती है।शिक्षकों के मार्गदर्शनपर चल कर ही हम अपने मंजिल को प्राप्त कर सकते हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही राजयोगीनी पुष्पा दीदी ने कहा कि कलयुग के अन्त समय मे परम पिता परमात्मा जो परम शिक्षक, परम सतगुरु है, प्रजापिता ब्रह्मा के माध्यम से हम आत्माओ को एक लक्ष्य देते है कि नर एसे कर्म करे की नारायण बने, नारी ऐसे कर्म करे की लक्ष्मी बने।इसके लिये आध्यात्मिक शिक्षा की आवश्यकता है।उन्होने कहा कि शिक्षक कभी कहानी या कथा नही सुनाती शिक्षक की बुध्दि स्वच्छ व साफरहती है क्योकि वह बच्चो का जीवन बनाती है।दीदी ने कहा कि चरित्र से चित्र बनती है।आज एक शिक्षक का चरित्र उसके चित्र के रूप मे पूजे जा रहे है। शिक्षक समय और संकल्प को समाज व राष्ट्र के उत्थान मे लगा कर समय के महत्व को पहचान भविष्य के कर्णधार युवा वर्ग को सही दिशा दे स्वच्छ व स्वस्थ समाज के निर्माण मे बहुत बडी भूमिका निभा सकती है।

वही खड़मा सेवाकेन्द्र से पहुंची ब्रह्माकुमारी अंशु दीदी ने शिक्षको की सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आप शिक्षको की कड़ी मेहनत से हमारा देश, समाज व परिवार शिक्षित व प्रशिक्षित हुआ है।अब समय दीक्षित होने की है।आज समाज मे नैतिक मूल्यो की हनन हो रहा है।जिसका परिणाम हम सब देख रहे है।उन्होने कहा कि कागजी ज्ञान की डिग्री हमारे पास रहे न रहे पर मानवता की पाठ् जरुर पढ़े दीदी ने शिक्षको से आह्वान किया कि नैतिक मूल्यों की उत्थान के लिये परम शिक्षक दिव्य बुद्धि के दाता, परमात्मा से मन का तार जोड़कर दिव्य गुणो एवं शक्तियोंसे भरपुर हो अपने साथ साथ औरो को भी जीवन जीने की कला सिखाते चले तो हमारा जीवन सफल होगा।दीदी कहा कि ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय अच्छा इंसान बनने, चारित्रिक उत्थान, श्रेष्ठ मानवीय संस्कारों को धारण करने की शिक्षा दी जाती है संस्थान की भगिनी संस्था राजयोगा एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के शिक्षा प्रभाग के द्वारा समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रम संस्थान आयोजित करता हैद्य ताकि व्यक्ति, समाज व राष्ट्र का नैतिक उत्थान हो सकेद्य कहे कि भारतवर्ष में डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। हमें बेहद खुशी है कि आप सभी शिक्षकों का सम्मान करने हेतु हमें अवसर प्राप्त हुआ है।

वरिस्ठ व्याख्याता जोहत राम यादव ने कहा की अपने को हमेशा विद्यार्थी समझे व सीखते रहे, जिसमे सीखने की कला होगी उसीमे ही सिखाने की कला होगी।उन्होने कहा की ब्रह्मा बाबा ने परमात्म द्वारा प्रदत्त ज्ञान का रिसर्च कर, जीवन मे प्रयोग कर एक स्वरुप समाज के समाने प्रदर्शित किया है।जिसका विराट रूप ब्रह्माकुमारीज़ के रूप मे हम देख रहे है।हम शिक्षको के साथ साथ ब्रह्माकुमारी बहने हमारे समाज के सामने एक आदर्श शिक्षक के रूप मे समाज के नव निर्माण मे अहम भूमिका निभा रही है ऐसे ब्रह्माकुमार- ब्रह्माकुमारी भाई बहनो का दिल से सम्मान करता हू।

वही कार्यक्रम मे नारीशक्ती का प्रतिनिधित्व कर रही वरिष्ठ व्याख्याता फाखरा खानम दानी ने कहा कि हर इंसान अपने विशेषताओ के साथ जन्म लेता है वह आध्यात्मिक भी होता हैऔर चिंतक भी होता है।इन विशेषताओ को जीवन मे कितना प्रयोग करता है, ये उसके ऊपर है। हम शिक्षक सफल तभी होंगे जब समाज मे आत्महत्या एवं बालअपराध जैसे घटना बन्द होंगे ये शिक्षको की बहुत बडी भूमिका है।बच्चो मे जीवन जीने की कला सिखाई जाने पर जोर दी।

सेवानिर्वृत प्रधान पाठक प्रफुल्ल दुबे ने बताये कि गुरु की महत्ता पहले भी थी, आज भी है और कल भी रहेगा आवश्यकता है अपनी महत्ता को बनाये रखने की समाज मे गुणो की कीमत है जहां गुण है वहाँ सभी प्रकार की प्राप्ति है।दुबे ने कहा की स्वस्थ मन मे स्वच्छ विचार आते है, जिससे स्वच्छ व सकारात्मक प्रतिक्रिया समाज को होतीहै।सभा को सेवानिवृत प्रधान पाठक संजीवन प्रसाद, श्रीराम सोन, गजानन्द गुप्ता, नारायण राम साहू ने भी सम्बोधित करते हुए आयोजक ब्रह्माकुमारी बहनो को धन्यवाद ज्ञापित किये। तत्पश्चात आकाशवाणी रायपुर से पुर्व वक्ता व गायक आर आर साहू ने अपने गीतो व सुमधुर आवाज से कार्यक्रम को बांधे रखा।नगर एवं क्षेत्र के 80 वरिस्ठ शिक्षक-शिक्षिकाओं का ईश्वरीय सौगात शाल, स्लोगन एवं ब्रह्माकुमारीज़ का लक्ष्य लक्ष्मी-नारायण समान जीवन बनाने का प्रतीक छाया चित्र भेट कर सम्मान किया।

मंच का सफल संचालन ब्रह्माकुमार गणेश भाई के द्वारा किया गयाद्यअंत में सभी शिक्षकों नें मेडिटेशन कर अपने आप की अहम भूमिका को महसूस किया एवं एक दुसरे के प्रति शुभ भावना एवं शुभकामनाएँ रखते हुए मन के संकल्पो द्वारा सकारत्मक वातावरण निर्मित करते एक स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज के निर्माण के हर एक ने अपनी महत्व को समझा।इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सदस्य एवं शिक्षक वृन्द बहु संख्या मे उपस्थित रहे।

# शिक्षक दिवस पर रिटायर शिक्षिका का किया सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**छुरा, 12 सितम्बर।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरा में शिक्षक दिवस समारोह मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त शिक्षिका एस बोदले विशेष अतिथि के रूप में विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार साहू थे, कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना अतिथि द्वारा संपन्न किया गया एवं विद्यालय के सभी व्याख्याता एवं सहयोगी शिक्षक शिक्षिकाएं द्वारा किया गया शिक्षक दिवस के कार्यक्रम पर सेवानिवृत्त शिक्षिका का विद्यालय स्तर में श्रीफल एवं साल से विद्यालय के छात्रों द्वारा सम्मान किया गया एवं बोदले ने अपना शिक्षा की जीवन के बारे में बताया और विद्यार्थियों को नित्य पढ़ाई के प्रति सजग रहने एवं जीवन में आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार साहू ने विद्यार्थियों को गुरु की महिमा बताते हुए हमें किस प्रकार से गुरु का सम्मान करना चाहिए एवं माता-पिता की हमेशा आज्ञा का पालन करना चाहिए सत्य के राह पर हमेशा चलना चाहिए विद्यालय के व्याख्याता भूपत कुमार ने हरिवंश राय बच्चन की कविता के बारे में जिक्र करते हुए ज्ञान की बातें विद्यार्थियों को बताइए विद्यालय की विभिन्न गतिविधियां हुई जिसमें विद्यालय के सभी शिक्षक सम्मिलित हुए जिसमें विद्यार्थियों द्वारा बहुत ही सुंदर मनमोहक नृत्य कविता भाषण आदि हुआ इस शुभ अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं सम्मिलित हुए वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रावती सिन्हा भूपत कुमार कन्नौजे लॉरेंस महिलानगे हेमंत कुमार वर्मा युवराज कुमार कंवर मोहनलाल ध्रुव नागेंद्र कुमार देवांगन डोमेश्वर ध्रुव लोकेंद्र कुमार साहू रेखा प्रधान वंदना देवांगन नेहा जायसवाल हुलेश्वरी ठाकुर मधुबाला साहू पूर्णिमा देवी ध्रुव उपस्थित रहे कार्यक्रम का समापन विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रवती सिन्हा द्वारा किया गया एवं छात्राओं को शुभकामना देते हुए शिक्षक दिवस की ढेर सारी शुभकामनाएं दिए।

# गली में भरे कीचड़ से रहवासियों को आवागमन में हो रही परेशानी



**भखारा, 12 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवादाता)।** ग्राम पंचायत बगौद में छन्नू साहू घर के पास 15वें वित मद से 1.07 लाख की लागत से पुल पुलिया का निर्माण किया गया है जिसमे अक्सर पानी व कीचड़ भरा रहता है।निर्माणाधीन पुल पुलिया लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई है। पुलिया निर्माण के बाद स्थिति पहले से और भी ज्यादा खराब हो गई है जिसमें आने जाने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है आंगनबाड़ी में आने वाले बच्चे व ग्रामीण अक्सर इन्हें पार करते समय गिरते हुए नजर आते हैं। जिसकी शिकायत पंच दुकालू साहू, मुकेश चंद्राकर, सूर्यकांत साहू, शिवनाथ साहू, हिमांशु चंद्राकर, मंगलु ध्रुव, उमेंद्र यादव, महावीर निषाद, गजेंद्र चंद्राकर, डोमार सिंह, गुरुनारायण पाठक, सतीश साहू, छन्नू साहू ने ग्राम पंचायत को की है लेकिन जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण ग्रामीण परेशान है।

# चाकू व तलवार दिखाकर लोगों को डरानेवाले 3 गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 12 सितम्बर।** 11 सितम्बर को तीन अलग-अलग मामलों में शहर के विभिन्न वार्डों में धारदार तलवार एवं चाकू लहराकर लोगों को भयभीत करने वाले 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।कल्याण सागर वार्ड में तालाब के पास एक व्यक्ति द्वारा अपने हाथ में धारदार चाकू लेकर आने-जाने वाले लोगों को डराया धमकाया जा रहा है, सूचना पर शहर पुलिस बल द्वारा तत्काल घटनास्थल कल्याण सागर वार्ड पहुंच आरोपी योगेश उर्फ रबाडा को धारदार चाकू के साथ पकड़ा गया। नेहरू वार्ड भाटापारा में आरोपी नरेश को धारदार तलवार के साथ पकड़ा गया। नयागंज वार्ड पहुंच आरोपी पवन को धारदार चाकू के साथ पकड़ा गया। कि तीनों आरोपियों के विरुद्ध थाना भाटापारा शहर में अपराध क्र. 435, 436, 437, /2024 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर, तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर, न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। आरोपियों के नाम योगेश उर्फरबाडा उम्र 21 वर्ष निवासी नेहरू वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर, नरेश उम्र 19 वर्ष निवासी नयागंज वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर, पवन उम्र 19 साल निवासी नयागंज वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर है।

### फैक्ट्री में युवक ने लगाई फांसी, जांच में जुटी पुलिस

**तिल्दा-नेवरा, 12 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कृष्णम इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड छपोरा में युवक ने फंदा लगाकर जान दे दी. मामला तिल्दा थाना का है जहां हजूहा थाना सुहावल जिला गंजीपुर निवासी मृतक विकास राजभर पिता राजकुमार राजभर उम्र 21 साल ने कृष्णम इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड छपोरा के लेबर क्वाटर नंबर 04 ले फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया।मामले की जानकारी तिल्दा पुलिस को मृतक के गृह ग्राम के निवासी प्लांट में कार्यरत लोगो ने दी जिसके बाद 10 सितंबर को रात को ही पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर लेवर क्वाटर रूम 04 को सिल कर दिया तथा आज 11 सितंबर को पुलिस ने मौके का मुआयना कर पंचनामा कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस टीम मृतक के मोबाइल फोन को जप्त कर सभी पहलुओं में जांच में जुटी।


**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821

NO.021-10/PUBLICATION/ 3952 Korba West, dtd. 10.09.2024

**e-Bidding TENDER NOTICE No. 1298/2024.**

**Online tenders** are invited from Experienced & Prospective Firms for the following Work/Supply:

| S. No | Rfx No. | Particulars | Cost of tender doc. | E.M.D. (Rs.) | Last date of submission & opening |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Rfx No. 8100039096 | Deployment of One No. Vehicle SUV (Earlier Jeep) for Day to day work of S.E. (S&SC), HTPS, Korba West. | 590/- | 6,536/- | 01.10.2024 |
| 2. | Rfx No. 8100039139 | Supply of different type LED Fittings for EMD-II, PH-II, HTPS, Korba West. | 590/- | 9,190/- | 01.10.2024 |
| 3. | Rfx No. 8100039112 | Procurement of Inter cooler and after cooler tube bundle assembly for kirloskar make T-BTD-JM Air Compressor of 4x210 MW, HTPS, Korba West. | 590/- | 12,960/- | 30.09.2024 |

NOTE: - 1. Payment of Tender cost & EMD shall be done online through e-bidding portal. The tender documents can be seen from our website www.cspc.co.in– e-Bidding. 2. Quantity as per tender schedule.

SAVE ELECTRICITY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION — SUPERINTENDING ENGINEER (P-I) O/o THE ADDL. CHIEF ENGINEER (S&P)HTPS, CSPGCL, KORBA WEST

Samvad-41399/1


चिरायु के माध्यम से जन्मजात बहरेपन का हुआ सफल इलाज

# अब सुन सकेंगी आवाज भानु और आरू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 12 सितम्बर।** जिले में एक बार पुनः राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिरायु की टीम ने जन्म से श्रवण बाधिता से पीड़ित दो बच्चों का एक साथ ऑपरेशन करवा कर उनमें सुनने की क्षमता लाने का कार्य किया है। गत दिवस विकासखंड सिमगा के ग्राम चक्रवाय और ग्राम बिटकुली के दोनों बच्चों का अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर में सफल ऑपरेशन हुआ और वह स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। इस बारे में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर राजेश कुमार अवस्थी ने बताया की विकासखंड सिमगा के ग्राम चक्रवाय के साढ़े पाँच वर्षीय भानू निषाद तथा ग्राम बिटकुली के पाँच वर्षीय आरु साहू जन्मजात श्रवण बाधित थे जिनकी पहचान बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण कर रही चिरायु की टीम ने किया था। दोनों ही बच्चों के कई प्रकार की जाँच के बाद एम्स के चिकित्सकों ने कॉक्लियर इम्प्लांट ऑपरेशन की सलाह दी। इसमें भानू निषाद का 20 अगस्त तथा आरु साहू का 22 अगस्त को ऑपरेशन किया गया जो सफल रहा।

सिमगा के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ पारस पटेल के अनुसार दोनों ही बच्चों के पालकों को इस ऑपरेशन को लेकर कई प्रकार से काउंसिलिंग कर तैयार किया गया। पालकों ने बताया कि, बच्चों को जन्म से ही सुनाई नहीं देता था। इस कारण उनकी परवरिश आम बच्चों जैसी नहीं हो पाई। क्योंकि बच्चे सुन नहीं सकते जिस कारण उनमें भाषा शक्ति भी विकसित नहीं हो पाई जिससे बोलने में भी दिक्कत होती थी। परिवार की आर्थिक स्थिति भी साधारण है जिससे महंगे प्राइवेट अस्पताल के इलाज का खर्च नहीं उठा सकते थे। भानू के पिता ड्राइवर हैं जबकि आरु के पिता चाय की छोटी दुकान चलाते हैं। दोनों ही बच्चों का यह ऑपरेशन निःशुल्क हुआ है। जाँच और दवाइयां भी निःशुल्क प्राप्त हुई हैं। जिला कार्यक्रम प्रबंधक सृष्टि मिश्रा के अनुसार राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिरायु अंतर्गत स्कूलों और आंगनवाडी केंद्रों में स्वास्थ्य टीम स्वास्थ्य परीक्षण करती है। इसमें कई प्रकार की बीमारियो की पहचान कर बच्चों का इलाज किया जाता है। इससे पूर्व भी टेढ़े-मेढ़े पैर, हृदय में छेद, बच्चों में मोतियाबिंद जैसे प्रकरणों का उपचार किया गया है।


**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202409092200016**

विषयः- ब-121
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2023-2024

डारागांव प.ह.न. 00017 [ (हे.) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- डुमेश कुमार,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक डुमेश कुमार आ. लखनलाल जाति लोथी सा. डारागाँव तहसील डोंगरगढ़ जिला - राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के पुत्री नम्रता आ. डुमेश कुमार का जन्म दिनांक 12.11.2007 को स्थान डारागाँव में हुआ है के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 23.09.2024 उसके पूर्व स्वर्य या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04/09/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार डोंगरगढ़

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202409092300008--अ/74-वर्ष 2023-24

**ईश्तहार**

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका बहुरा बाई निषाद पति भागचंद निषाद जाति केंवट निवासी ग्राम चैतुखपरी तहसील डोंगरगढ़ द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि अपने पति भागचंद निषाद पिता दुलरवा जाति केंवट का दिनांक 01.01.1987 में ग्राम चैतुखपरी में जन्म हुआ है। जिसका ग्राम पंचायत के जन्म/मृत्यु पंजी में दर्ज नही कराया गया है। आवेदिका द्वारा अपने पति भागचंद निषाद पिता दुलरवा जाति केंवट का दिनांक 01.01.1987 में ग्राम पंचायत चैतुखपरी में जन्म दर्ज कराने बाबत् आवेदन पत्र, अनुलब्धता प्रमाण पत्र की प्रति पेश कर जन्म प्रमाण पत्र जारी करने का निवेदन किया गया हैं।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 20.09.2024 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.09.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार डोंगरगढ़

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202409092300007--अ/74-वर्ष 2023-24

**ईश्तहार**

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका बहुरा बाई निषाद पति भागचंद निषाद जाति केंवट निवासी ग्राम चैतुखपरी तहसील डोंगरगढ़ द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि अपने ननंद भगवन्तीन पिता दुलरवा जाति केंवट का दिनांक 01.01.1990 में ग्राम चैतुखपरी में जन्म हुआ है। जिसका ग्राम पंचायत के जन्म/मृत्यु पंजी में दर्ज नही कराया गया है। आवेदिका द्वारा अपने ननद भगवन्तीन पिता दुलरवा जाति केंवट का दिनांक 01.01.1990 में ग्राम पंचायत चैतुखपरी में जन्म दर्ज कराने बाबत् आवेदन पत्र, अनुलब्धता प्रमाण पत्र की प्रति पेश कर जन्म प्रमाण पत्र जारी करने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 20.09.2024 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.09.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार डोंगरगढ़

**न्यायालय नायब तहसीलदार निपनिया जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202409210190001
ब/121 वर्ष 2023-24
ग्राम- पासिद प.ह.नं. 27

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को ईश्तहार के द्वारा सूचित किया जाता है आवेदिका धरमीन पति विजय जाति तेली निवासी ग्राम पासिद तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के द्वारा भू-स्वामी हक की भूमि ग्राम पासिद प.ह.नं. 27 रा.नि.म. करहीबाजार तहसील भाटापारा में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 1010/1, रकबा 0.1360 हे. कुल खसरा नंबर 01. योग रकबा 0.1360 हे. भूमि की ऋण पुस्तिका निवास स्थान ग्राम पासिद से गुम हो जाने से द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेजों के साथ आवेदन पेश किया है। जो न्यायालय के रा.प्र.क्र. ब/ 121 वर्ष 2023-24 विचाराधीन है तथा दिनांक 25/09/24 को सुनवाई हेतु नियत है।

उक्त सबंध में किसी व्यक्ति, संस्था को आपत्ति-दावा हो तो अपना आपत्ति-दावा मय दस्तावेज के साथ नियत दिनांक 25/09/24 को स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निश्चित समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 09/09/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील पद मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार निपनिया

**न्यायालय तहसीलदार, लालबहादुर नगर, जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202312090100013
अ/21 वर्ष 2023-24

**ईश्तहार**

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव से जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। आवेदक धनेश पिता बनउ, जाति कंवर, निवासी ग्राम डुंडेरा, तहसील लालबहादुर नगर जिला राजनांदगांव कृषक ग्राम डुंडेरा तहसील लाल बहादुर नगर में अपने स्वामित्व में स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 531 रकबा 3 डिसमिल भूमि को गैर आदिवासी व्यक्ति श्याम सुन्दर हठीले पिता स्व. लल्लीराम हठीले, जाति मोची, निवासी ग्राम डुंडेरा, तहसील लाल बहादुर नगर, जिला राजनांदगांव को विक्रय करने की अनुमति दिये जाने के संबंध में आवेदक द्वारा श्रीमान कलेक्टर महोदय, राजनांदगाँव को प्रस्तुत आवेदन पत्र पर जांच प्रतिवेदन हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.), डोंगरगढ़ के माध्यम से प्राप्त हुआ है, जिस पर श्रीमान कलेक्टर महोदय द्वारा आदिवासी की भूमि को गैर आदिवासी को विक्रय करने के संबंध में नियमानुसार निर्धारित कंडिकाओं पर नियमानुसार जॉच कर प्रतिवेदन यथाशीघ्र प्रेषित करने हेतु आदेशित किया गया है।

अतएव उक्त संबंध में आवेदित भूमि को गैर आदिवासी को विक्रय किये जाने की अनुमति आवेदक को दिये जाने हेतु किसी को कोई दावा व आपत्ति हो तो, वे अपना दावा आपत्ति दिनांक 20.09.2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 22.08.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार ला.ब.नगर (छ.ग.)

एक नजर

## डीजे लगाने वाली गाड़ियों का परमिट होगा निरस्त

**रायपुर, 12 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ में डीजे को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर राज्य सरकार ने नई गाइडलाइन जारी की है. अब डीजे लगाने वाली गाड़ियों का परमिट निरस्त किया जाएगा. नई गाइडलाइन का सख्ती से पालन करने सभी कलेक्टर औ एसपी को निर्देश दिए गए हैं. बता दें कि डीजे और ध्वनि प्रदूषण को लेकर उच्च न्यायालय ने 2017 में सख्त आदेश देते हुए गाइडलाइन जारी की थी, मगर उसका कड़ाई से पालन नहीं हो रहा था. जनहित याचिका के जरिए इस मामले की कोर्ट में लगातार सुनवाई चल रही है और कोर्ट ने ध्वनि प्रदूषण के खिलाफचल रही सुस्त कार्रवाई पर नाराजगी जताई थी. इसे देखते हुए राज्य सरकार ने नई गाइड लाइन जारी की है. नई गाइडलाइन के मुताबिक कोई भी वाहन अगर डीजे लगाए हुए दोबारा पकड़ा गया तो उसका परमिट रद्द कर दिया जाएगा. साथ ही उसके खिलाफअवमानना की कार्रवाई होगी. इसी तरह डीजे संचालकों पर भी नियम का पालन नहीं करने पर अवमानना की कार्यवाही की जाएगी.

## स्पेल बी से स्पेलिंग के जादूगर बनेंगे युवा

**रायपुर, 12 सितम्बर।** एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, भारत के सबसे भरोसेमंद जीवन बीमाकर्ताओं में से एक, ने मिर्ची के साथ साझेदारी में एसबीआई लाइफस्पेल बी 2024 के 14वें संस्करण 'बी स्पेलबाउंड' के शुभारंभ की घोषणा की है। स्पेल बी एक ऐसा प्लेटफॉर्म है, जिसने पिछले वर्षों में देश के सबसे प्रतिभाशाली युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के शानदार अवसर प्रदान किए हैं। इसी सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए स्पेल बी इस साल भी एक व्यापक विजन और स्पेलिंग कौशल की परीक्षा से कहीं आगे बढ़ने के वादे के साथ वापस आ गया है। इसका उद्देश्य प्रतिभाशाली युवाओं को भविष्य में महान नेता बनने के लिए सशक्त बनाकर सीखने, रचनात्मकता और प्रगति की भावना का जश्न मनाना है। प्रतियोगिता का 14वां संस्करण 30 शहरों और 500 से अधिक स्कूलों में होगा, जिसमें 3 लाख से अधिक छात्र भाग लेंगे। भारत भर के शीर्ष 50 छात्र राष्ट्रीय समापन समारोह के लिए अर्हता प्राप्त करेंगे।

## सीमेंट की कीमतों में वृद्धि चुनावी चंदे के लिए : कन्हैया अग्रवाल

**रायपुर, 12 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने सीमेंट की कीमतों में कार्टेल बनाकर सीमेंट कंपनियों के द्वारा की गई भारी भरकम बढ़ोतरी को सत्ता और कार्टेल की मिलीभगत बताते हुए आरोप लगाया कि हरियाणा, जम्मू, झारखंड चुनाव के लिए सैकड़ो करोड रुपए इन कंपनियों से चंदा लिया गया है। अग्रवाल ने कहा कि देश की जरूरत का 20 प्रतिशत सीमेंट उत्पादन करने वाले राज्य में ना तो मांग बढ़ोतरी हुई है ना ही उत्पादन लागत बड़ी है। चार राज्यों में चुनाव के ठीक पहले मूल्य वृद्धि चुनावी चंदे का स्पष्ट संकेत है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में औसतन 10 लाख टन यानी दो करोड़ बैग सीमेंट की प्रति माह खपत है अकेले प्रदेश की जनता से ही 100 करोड़ रूपया कंपनी लूट रही है। देशभर की खपत के अनुसार लगभग 06 करोड़ बैग सीमेंट की बिक्री से कंपनिया एक माह में ही लगभग 300 करोड़ अतिरिक्त वसूल कर रही है ।

## यूथ फेस्ट में दिया गया प्रशिक्षण



**रायपुर, 12 सितम्बर।** जेसीआई यूथ कैपिटल द्वारा आयोजित फेस्ट 15 सितंबर को समाप्त होगा। इसमें जेसीआई यूथ के सदस्यों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और निम्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसकी शुरुआत ई पी एस (इफेक्टिव पब्लिक स्पीकिंग) से हुई जो की 9 व 10 सितंबर को शहर के विभिन्न कॉलेज कैंपस में आयोजित किया गया जिसमें यूथ के लगभग 15 से 20 सदस्यों ने हिस्सा लिया जिसके प्रोग्राम डायरेक्टर जे सी नैंसी बरडिया, जे सी अमित कुकरेजा एवं जेसी पारस अग्रवाल है। जिसमें जेसीआई के नेशनल एवं जोन ट्रेनर द्वारा शानदार ट्रेनिंग दी गई। इसमें ट्रेनर द्वारा हर कॉलेज के 5 से 6 स्टूडेंट्स को बेस्ट पार्टिसिपेट अवार्ड भी दिया गया। इसमें लगभग पांच कॉलेज एवं यूनिवर्सिटी को कवर किया गया जिनके नाम इस प्रकार है INIFD कॉलेज, कोलंबिया यूनिवर्सिटी, मैथ्स यूनिवर्सिटी, डागा कॉलेज एवं एमिटी यूनिवर्सिटी। इसमें कॉलेज के स्टूडेंट ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया लगभग 350 स्टूडेंट ने ट्रेनिंग ली एवं अपने आप को मोटीवेट एवं एक काबिल वक्ता बनाने की पूरी कोशिश की।

### निधन

## गौरव शुक्ला



**रायपुर, 12 सितम्बर।** महुदा वाले गौरव शुक्ला का आज निधन हो गया हैं । वे प्रमोद कुमार शुक्ला के ज्येष्ठ पुत्र थे। अंतिम यात्रा आज दोपहर 3 बजे निवास स्थान सालासार ग्रीन्स, सरोना से महादेव घाट मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी ।

# नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव के लिए तैयार हो रहा मैदान

## मतदाता सूची में नाम जोड़वाने दोनों दल सक्रिय

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 12 सितम्बर।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव के लिए मतदाता सूची दुरुस्त करने के लिए टाइम-टेबल घोषित कर दिया गया है। इसके साथ ही जिला निर्वाचन कार्यालयों एवं सभी संभावित दावेदारों ने भी अपनी-अपनी तैयारियां शुरू कर दी है।

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय चुनाव के लिए 16 अक्टूबर को प्रारंभिक प्रकाशन तथा 23 को अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। राज्य में 184 नगरीय निकाय हैं। प्रदेश के जिला निर्वाचन कार्यालयों द्वारा मतदाता सूची बनाई जाएगी। इसका आधार वार्डों का नया परिसीमन होगा। राज्य में वार्डों के परिसीमन के पश्चात आरक्षण की प्रक्रिया की जाएगी साथ ही मतदाता सूची बनाने का काम जारी रहेगा। जिला कार्यालय द्वारा नगरीय निकाय का भी सहयोग लिया जाएगा। राजस्व निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी इस कार्य में सहयोग करेंगे। एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेमन ने कहा कि मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के निर्देशन के बाद हमने भी अपनी तैयारी शुरू कर दी है। वार्ड में किसी मतदाता का नाम सूची से न हटाया जाए इसका ध्यान रखना होगा। जो युवा मतदाता 18 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर लेता है उसका भी नाम जोड़ा जाएगा। नए मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए सक्रियता दिखाई जाएगी। कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड की पार्षद सुशीला धीवर का कहना है कि बीएसयूपी मकानों में जिन लोगों के नाम छूट गए हैं इसलिए उनका नाम जोड़ा जाए। इस समय गरीबों के लिए बनाए गए मकान को लेकर विभिन्न वार्डों में अलग-अलग समस्याएं हैं। गरीबों को नए बीएसयूपी मकानों में शिफ्ट कर दिया गया है। भाठागांव, टैगोर नगर एवं नेहरू नगर से थोक में मतदाता इधर से उधर हो गए हैं जिसको सूचीबद्ध करने का प्रयास किया जाएगा।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए भी मतदाता सूची बनाने का काम शुरू करने के लिए 24 अक्टूबर को प्रारंभिक प्रकाशन कर दिया जाएगा। राज्य में करीब 15 हजार पंचायतें हैं। नए जिलों में जिला पंचायतें बनाई जाएंगी। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव प्रणाली के तहत पहले ग्राम पंचायत फिर पंचायत उसके बाद जिला पंचायत के सदस्यों के लिए अलग-अलग चुनावी तिथियां घोषित की जाएंगी। जिला पंचायत अध्यक्ष डोमेश्वरी वर्मा के अनुसार यहां पर मतदाता सूची बनाने और चुनाव कराने का कार्य पंचायत विभाग द्वारा किया जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाता सूची बनाने का आधार पंचायत स्तर पर होगा इसलिए प्रत्येक मतदाता का नाम जोड़ा जाए इस पर विशेष ध्यान देना होगा। पंचायत चुनाव में आरक्षण की प्रक्रिया भी अपनाई जाएगी। नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव के लिए आरक्षण के लिए एक समिति गठित की गई है जिसकी अनुशंसा रिपोर्ट अगले माह आएगी। चुनाव निश्चित समय पर कराने का प्रयास किया जा रहा है यदि समय पर चुनाव नहीं हो पाया तो नगर निगम, पालिका, पंचायत प्रशासक नियुक्त कर दिया जाएगा।

### फ्लैक्स की राजनीति

राजधानी में गणेशोत्सव की धूम है। इस समय वार्डों में चुनाव के संभावित दावेदार स्वागत द्वार एवं विद्युत पोलों में गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं देने के बहाने अपना-अपना फ्लैक्स लगा दिए हैं। फोटोयुक्त इस फ्लैक्स में एक बिल्डर ने तो आमापारा से लेकर टाटीबंध तक अपना फ्लैक्स लगा दिया है। गणेश के पंडालों में भी महत्वाकांक्षी नेताओं ने अपना फ्लैक्स लगाया है।

राजधानी में गणेशोत्सव




1. रॉयल क्लब तेलीबांधा 2. श्री जी.एन. उत्कल नगर कबीर चौक 3. कटोरा तालाब गली नबर-2 4. एशियन छत्तीसगढ़ चौक गणेशोत्सव समिति।

## खारुन नदी में बहे युवक की तलाश जारी

**रायपुर, 12 सितम्बर।** धरसीवां के ग्राम मुर्रा से बहने वाली खारुन नदी में कल 11 सितंबर को 20 वर्षीय युवक मनीष चक्रधारी तेज बहाव में बह गया। घटना के बाद से ही मनीष की तलाश जारी है, लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। मनीष के परिजनों ने पुलिस और एसडीआरएफ पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि घटना की सूचना देने के बावजूद पुलिस और एसडीआरएफकी टीम देरी से मौके पर पहुंची और खोज अभियान में विशेषज्ञ तकनीकों का भी उपयोग नहीं किया गया। एसडीआरएफकी टीम ने बताया कि पानी में खोज करने वाले कैमरे सर्विसिंग में होने के कारण खोज अभियान में मुश्किलें आ रही हैं।

मनीष के परिवार ने बताया कि वह अपनी बाइक लेने नाले के पास गया था, तभी अचानक पानी का बहाव तेज हो गया और वह बह गया। परिजनों का कहना है कि घटना सुबह करीब 9 बजे घटी, लेकिन स्थानीय थाना प्रभारी ने फोन नहीं उठाया। इसके बाद परिजनों ने विधायक अनुज शर्मा से संपर्क किया, जिन्होंने थाना प्रभारी से कॉन्फ्रेंस कॉल पर बात की। पुलिस टीम करीब 10:30 बजे मौके पर पहुंची, जबकि एसडीआरएफकी टीम तीन घंटे बाद पहुंची। मनीष चक्रधारी का परिवार रायपुर के गुढ़ियारी में रहता है और जवान बेटे के लापता होने से परिवार गहरे सदमे में है। परिजन मनीष की सुरक्षित घर वापसी की प्रार्थना कर रहे हैं।

# गिरती कानून व्यवस्था पर कांग्रेसियों ने दिया राज्यपाल डेका को ज्ञापन

## बलौदाबाजार की घटना में निर्दोषों को घसीटा जा रहा



■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 12 सितम्बर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के बैनरतले आज प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज सहित अन्य वरिष्ठ नेता राज्यपाल रमेन डेका से मिलकर प्रदेश में गिरती कानून व्यवस्था को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। इससे पूर्व कांग्रेसियों ने राजीव गांधी प्रमिता स्थल पर धरना दिया। कांग्रेस प्रवक्ता सुरेन्द्र वर्मा के अनुसार बलौदाबाजार में हुई घटना के पश्चात पुलिस प्रशासन द्वारा सतनामी समाज के लोगों को जबरिया गिरफ्तार किया जा रहा है। विधायक देवेन्द्र यादव सहित कई निर्दोष लोगों को हिरासत में ले लिया गया है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के अनुसार इस घटना के बाद सतनामी समाज में भय एवं रोष व्याप्त है। सीतापुर के एक आदिवासी मजदूर की भी हत्या कर दी गई है। दोषी लोगों पर अभी तक उचित कार्रवाई नहीं की गई है। राजधानी रायपुर तथा अन्य कई स्थानों पर निरंतर हत्या के मामले हो रहे हैं जिसके कारण लोग दहशत में हैं। कांग्रेस कमेटी ने उक्त ज्ञापन में कहा है कि पुलिस द्वारा एकतरफा कार्रवाई की जा रही है। जघन्य अपराध होने के बाद भी एफआईआर नहीं किया जाता जो कि चिंतनीय है। राज्यपाल रमेन डेका ने प्रतिनिधिमण्डल को आश्वस्त किया कि वे उचित कार्रवाई करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राज्यपाल द्वारा प्रत्येक जिले में समीक्षा बैठक लिया जाना इस बात का संकेत है कि राज्य में प्रशासन नाम की कोई चीज नहीं है। राज्यपाल को सौंपे गए ज्ञापन में दीपक बैज के अलावा कांग्रेस के पूर्व विधायक सत्यनारायण शर्मा, शिव डहरिया सहित अन्य कई दिग्गज नेता शामिल हुए।

## अभियंता दिवस पर 15 को याद किए जाएंगे विश्वेश्वरैया

**रायपुर, 12 सितम्बर।** भारत रत्न इंजीनियर सर मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरैया की 164वीं जयंती अभियंता दिवस के रूप में मनाई जाएगी। अभियंता दिवस संयुक्त आयोजन समिति द्वारा 15 सितम्बर को प्रातः सवा नौ बजे से विश्वेश्वरैया चौक पर कार्यकम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विश्वेश्वरैया जी को याद किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव होंगे। अध्यक्षता महापौर एजाज ढेबर करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सभापति प्रमोद दुबे मौजूद रहेंगे। पं. रविशंकर शुक्ल प्रेक्षागृह में शाम सवा छः बजे आयोजित अभियंता दिवस समारोह के मुख्य अतिथि मंत्री विष्णुदेव साय होंगे। अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री अरुण साव करेंगे। विशिष्ट अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल होंगे। यह जानकारी संरक्ष पीएन सिंह, संयोजक डॉ. एमएल अग्रवाल, आयाजनकर्ता सीपी शर्मा, मनोज वर्मा व योगेश शर्मा ने दी है।

# अर्पण दिव्यांग स्कूल में स्पीच थैरेपी सेंटर का शुभारंभ

## मूक-बधिर बच्चे अब सुन-बोल सकेंगे



**रायपुर, 12 सितम्बर।** अर्पण कल्याण समिति द्वारा बजाज कालोनी, न्यू राजेन्द्र नगर में संचालित दिव्यांग पब्लिक स्कूल के मूक-बधिर बच्चों के लिए यंग इंडिया और रामा टीएमटी के सहयोग से शाला परिसर में अत्याधुनिक स्पीच थैरेपी सेंटर की स्थापना की गई है। इस क्षेत्र के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. राकेश पाण्डेय व डॉ. रुचिरा पाण्डेय मूक-बधिर बच्चों को विभिन्न उपकरणों व यंत्रों से नियमित जांच कर इनके सुनने व बोलने की क्षमता का विकास करेंगे। स्पीचथैरेपी सेंटर का पूर्व महापौर नगर निगम के अध्यक्ष प्रमोद दुबे ने शुभारंभ किया। यंग इंडिया और रामा टीएमटी ने अर्पण दिव्यांग स्कूल को स्पीच व हियरिंग थैरेपी उपकरण प्रदान किए। इन उपकरणों को देखकर स्कूल के बच्चों ने इशारों की भाषा में बताया कि वे भी अब सुन तथा बोल सकेंगे। श्रवण व संवाद विकास कक्ष को विशेष रूप से मूक-बधिर विद्यार्थियों की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। यहां स्थापित उपकरण बच्चों की संवाद क्षमता और सीखने की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी व सरल बनाएंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रमोद दुबे ने कहा कि यह स्पीच थैरेपी सेंटर मूक बधिर बच्चों के लिए वरदान साबित होगा। ये विशेष बच्चे अब सुन और बोल सकेंगे। कार्यक्रम में यंग इंडिया की चेयर रायपुर चैप्टर अनुजा भंडारी, पूर्व चेयर जुगल मदनानी, चेयर एक्सेसिबिलिटी वर्टिकल पंकज सोमानी, को-चेयर एक्सेसिबिलिटी वर्टिकल अंजलि केजरीवाल, रामा टीएमटी के स्टाफ मौजूद थे। आभार प्रदर्शन समिति के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा व कार्यक्रम का संचालन स्कूल की कोऑर्डिनेटर सीमा छाबड़ा ने किया।

# शिक्षकों में सृजन व क्रांति दोनों के गुण मौजूद : टंकराम वर्मा




**रायपुर, 12 सितम्बर।** मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण योजनांतर्गत बुधवार को बलौदाबाजार जिला मुख्यालय में आयोजित शिक्षादूत पुरस्कार समारोह-2024 का आयोजन किया गया। इस समारोह में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा एवं रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिले के 14 शिक्षकों को शिक्षादूत पुरस्कार से सम्मानित किया। इसके साथ ही हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा 2024 में शतप्रतिशत परिणाम प्राप्त करने वाले 5 स्कूलों के प्राचार्य, 10 संकुल समन्वयक तथा नावाचारी कार्य हेतु 4 शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि शिक्षकों में सृजन और क्रांति दोनों गुण विद्यमान होते हैं। वें अपने सृजन कौशल से नवाचार क़ा प्रयोग कर बच्चों क़ा भविष्य संवारते हैं। उन्होंने कहा कि पहले गांव में शिक्षक मुखिया की भूमिका निभाते थे। कोई भी धार्मिक या सांस्कृतिक आयोजन में उन्ही की जिम्मेदारी होती थी। आज शिक्षको को उसी प्रकार अपनी भूमिका क़ा निर्वहन करते हुए अपना मान-सम्मान बनाये रखना होगा। कार्यक्रम में सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा क़ि आज जिले के 33 शिक्षकों को सम्मानित किया गया हैं। ये सभी शिक्षक अपनी जिम्मेदारी क़ा बखूबी निर्वहन करते हुए अन्य शिक्षकों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनेगें। शिक्षक देश के भविष्य संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि आज स्कूलों में साधन सुविधा क़ी कमी नहीं है। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव डॉ सनम जांगड़े, पूर्व विधायक लक्ष्मी बघेल, नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुमन योगेश वर्मा, जिला पंचायत सदस्य अदिति बाघमार, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, विजय केशरवानी, कलेक्टर दीपक सोनी, सहित शिक्षक व स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

# शेयर ट्रेडिंग के नाम पर ठगी का आरोपी चेन्नई से गिरफ्तार

**रायपुर, 12 सितम्बर।** साइबर थाना रायपुर की टीम को शेयर ट्रेडिंग के नाम से ठगी के केस में बड़ी सफ्लता मिली है. पुलिस ने बुधवार को ठगी के आरोपी पी हरि किशोर को चेन्नई के कांजीपुरम से गिरफ्तार किया है. पुलिस ने 57 लाख रुपये को बैंक खाता में होल्ड कराया है. साथ ही रायपुर की साइबर पुलिस कई आईटी एक्ट की धाराओं के तहत कार्रवाई कर रही है.

शेयर ट्रेडिंग में मुनाफे के नाम पर ठगी : रायपुर रेंज के आईजी अमरेश मिश्रा ने बताया, ÷पीड़ित रश्मि ने शेयर ट्रेडिंग में मुनाफ कमाने के नाम से 88 लाख रुपए की ठगी की रिपोर्ट रायपुर रेंज साइबर थाने में दर्ज कराई. जिसके बाद साइबर थाने की टीम ने आरोपी पी हरि किशोर के खिलाफ तकनीकी साक्ष्य एकत्र



किया और उसके चेन्नई के कांजीपुरम में लोकेशन को ट्रेस कर लिया. जिसके बाद रायपुर सायबर थाना पुलिस की एक टीम चेन्नई के लिए रवाना हुई. पुलिस के मुताबिक, पकड़े गए आरोपी के खिलाफकर्नाटक के बेंगलुरु में भी मामला दर्ज है. गिरफ्तार आरोपी गनियारी जिला मुजफ्फ़पुर बिहार का रहने वाला है. आरोपी पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर सिम कार्ड और बैंक खाता अरेंज करता था.

## पुलिस विभाग में 341 पदों की भर्ती के लिए वित्त विभाग ने दी मंजूरी

**रायपुर, 12 सितम्बर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप राज्य में विभिन्न विभागों में रिक्त पदों की भर्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस विभाग में रिक्त पदों की भर्ती के लिए वित्त विभाग द्वारा 341 पदों की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसमें सर्वाधिक 278 पद सब इंस्पेक्टर के हैं।झ प्राप्त जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ पुलिस बल में भर्ती के प्रस्ताव को वित्त विभाग ने हरी झंडी दे दी है। स्वीकृत पदों में 19 सूबेदार, 278 उप निरीक्षक, 11 उप निरीक्षक (विशेष शाखा), 14 प्लाटून कमाण्डर, 4 उप निरीक्षक (अंगुल-चिन्ह), 1 उप निरीक्षक (प्रश्नाधीन दस्तावेज), 5 उप निरीक्षक (कम्प्यूटर), और 9 उप निरीक्षक (साइबर क्राइम) शामिल हैं। इन रिक्तियों से छत्तीसगढ़ पुलिस बल की कार्यक्षमता में वृद्धि होगी, जिससे कानून व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ किया जा सकेगा।

## स्वास्थ्य विभाग: सीनियर रेसीडेंट से लेकर प्राध्यापकों के वेतन में वृद्धि

**रायपुर, 12 सितम्बर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में राज्य के प्रत्येक वर्ग के लिए खुशियों का पिटारा शामिल है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल राज्य में स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतरी के कार्य को लेकर लगातार प्रतिबद्ध हैं। इसी को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने एक बड़ा निर्णय लिया है। इस निर्णय के अंतर्गत शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों के सीनियर रेसीडेंट व प्रदर्शक (पीजी), सहायक प्राध्यापक, सह प्राध्यापक एवं प्राध्यापक के वेतन में ऐतिहासिक वृद्धि का आदेश जारी किया गया है। यह आदेश 1 सितंबर 2024 से पूरे राज्य के शासकीय मेडिकल कालेजों के लिए प्रभावी होगा। छत्तीसगढ़ शासन के चिकित्सा शिक्षा विभाग के द्वारा जारी आदेश के अनुसार गैर अनुसूचित क्षेत्रों के मेडिकल कालेज में पदस्थ प्राध्यापक का वेतन 1 लाख 55 हजार से बढ़ाकर 1 लाख 90 हजार रूपए कर दिया गया है। इसी तरह से सह प्राध्यापक का वेतन 1 लाख 35 हजार से 1 लाख 55 हजार, सहायक प्राध्यापक का वेतन 90 हजार से 1 लाख तथा सीनियर रेसीडेंट व प्रदर्शक (पीजी) का वेतन 65 हजार रूपए से बढ़ाकर 75 हजार रूपए कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार अनुसूचित क्षेत्रों के मेडिकल कालेज में पदस्थ प्राध्यापक का वेतन 1 लाख 90 हजार रूपए से बढ़ाकर 2 लाख 25 हजार रूपए कर दिया गया है।

## आयुक्त कांवरे ने की नशे के कारोबार में लिप्त लोगों पर कार्रवाई



**रायपुर, 12 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में नशीली दवाओं और गांजे के अवैध व्यापार से जुड़े दो महत्वपूर्ण मामलों में आयुक्त महादेव कांवरे ने एक निर्णायक और प्रभावशाली कार्रवाई की है। उन्होंने अवैध व्यापार में लिप्त दो आरोपियों को अलग-अलग प्रकरण में तीन-तीन महीने की सजा सुनाई है, जो नशे के खिलाफ प्रशासन की कड़ी मुहिम का स्पष्ट संकेत है।

आधिकारिक आदेश के अनुसार, अनावेदक एजाज खान पिता अहमद खान, निवासी भवानी नगर सिमगा, और ज्वाला चतुर्वेदी पिता इंद्रमन चतुर्वेदी, निवासी भैंसापसरा, बलौदाबाजार के खिलाफ पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा इश्तगाशा पेश किया गया था। अवैध रूप से स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थों का व्यापार करने की पुष्टि हुई थी। मामले की विस्तृत जांच पूरी होने के बाद यह निर्णय लिया गया कि इन दोनों आरोपियों की संलिप्तता में कोई संदेह नहीं है।

जांच के दौरान, आयुक्त महादेव कांवरे ने मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए त्वरित कार्रवाई का निर्णय लिया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि ऐसे अवैध गतिविधियों से समाज पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है और यह किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उनके आदेश में यह भी उल्लेखित है कि अनावेदक अवैध रूप से नशीली कैप्सूल तस्करी करने के आदी हैं, जिससे उनके समाज में रहने से संभावित विपरीत प्रभाव को नकारा नहीं जा सकता।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26